



# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 255
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
बुधवार | 28 जून, 2023

## प्रधानमंत्री ने रानी कमलापति स्टेशन से पांच वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# तीन तलाक का इस्लाम से कोई संबंध नहीं: प्रधानमंत्री

- पीएम मोदी ने वंदे भारत ट्रेन के लिए दी लोगों को बधाई
- पीएम ने पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ की सीधी बातचीत
- प्रधानमंत्री ने कहा, कार्यकर्ताओं के लिए दल से बड़ा देश
- पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 का सेट किया एजेंडा
- एससी कई बार यूसीसी बनाने को कह चुका है: पीएम
- मोदी ने मुसलमानों को गुमराह करने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भोपाल में कहा- तीन तलाक से इस्लाम का कोई संबंध नहीं है। इसकी वकालत करने वाले वोट बैंक के भूखे हैं। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भड़का रहे हैं। एक घर दो कानूनों से नहीं चल सकता। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर बीजेपी भ्रम दूर करेगी। बिहार में विपक्षी दलों की बैठक पर कहा- इन सभी दलों के घोटालों को मिला दिया जाए, तो 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी है। प्रधानमंत्री भोपाल में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में इसी साल होने वाले विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने आए थे। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान के तहत 543 लोकसभाओं के 10 लाख और मध्यप्रदेश के 64,100 बूथ के कार्यकर्ताओं को डिजिटली संबोधित किया। यहां सभी राज्यों के विधानसभा क्षेत्रों से 3 हजार कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। पीएम ने भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से देश में 5 नई वंदे भारत ट्रेन की भी शुरुआत की।

### इस्लाम का जरूरी अंग है, तो पाकिस्तान में क्यों नहीं?

जो भी तीन तलाक के पक्ष में बात करते हैं, वकालत करते हैं, ये वोट बैंक के भूखे लोग मुस्लिम बेटियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहे हैं। तीन तलाक से नुकसान का दायरा बड़ा है। बहुत अरमानों से पिता अपनी बेटी को ससुराल भेजता है। 8-10 साल बाद बेटी वापस आती है, तो उसका भाई, पिता सब उसकी चिंता में दुखी हो जाता है। तीन तलाक का इस्लाम से संबंध होता तो दुनिया के मुस्लिम बहुल्य देश इसे खत्म नहीं करते। मिस्र में 90% से ज्यादा सुन्नी मुस्लिम हैं। 80-90 साल पहले वहां तीन तलाक की प्रथा समाप्त हो चुकी है। अगर तीन तलाक इस्लाम का जरूरी अंग है, तो पाकिस्तान, इंडोनेशिया, कतर, जॉर्डन, सीरिया, बांग्लादेश में क्यों नहीं है। मुस्लिम बेटियों पर तीन तलाक का फंदा लटकाकर कुछ लोग उन पर हमेशा अत्याचार करने की खुली छूट चाहते हैं। इसीलिए मेरी मुस्लिम बहनें, बेटियां भाजपा और मोदी के साथ हैं।





### सुप्रीम कोर्ट कह रही कॉमन सिविक कोड लाओ

आज हम देख रहे हैं कि यूनिफॉर्म सिविल कोड के नाम पर भड़काने का काम हो रहा है। एक घर में परिवार के सदस्य के लिए एक कानून हो, परिवार के दूसरे सदस्य के लिए दूसरा कानून हो, तो क्या वो घर चल पाएगा? फिर ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा। भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है। सुप्रीम कोर्ट कह रही है कि कॉमन सिविल कोड लाओ।

### इनका शोषण इनके धर्म के एक वर्ग ने किया

पसमांदा मुस्लिम भाई-बहन हैं। वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने इनका तो जीना मुश्किल करके रखा है। वे तबाह हो गए, कोई फायदा नहीं मिला। कष्ट में गुजारा करते हैं। उनकी आवाज सुनने के लिए कोई तैयार नहीं। उनके ही धर्म के एक वर्ग ने पसमांदा मुसलमानों का शोषण किया है। इस पर देश में कभी चर्चा नहीं हुई। इनके साथ भेदभाव हुआ। इसका नतीजा इनकी कई पीढ़ियों को भुगतना पड़ा। भाजपा सबका विकास, सबका साथ की भावना से काम कर रही है। तलाक और यूनिफॉर्म सिविल कोड पर प्रधानमंत्री से उत्तरप्रदेश की बीजेपी कार्यकर्ता रानी चौरसिया ने सवाल पूछा था- तीन तलाक और यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर मुस्लिम भाई-बहनों का भ्रम कैसे दूर करें?

### घोटालों में इनका मीटर डाउन नहीं होता

2014, 2019 का हाल याद है न। भाजपा के कोर विरोधी दलों में दोनों चुनाव में इतनी छटपटाहट नहीं दिखी, जितनी आज दिख रही है। 2024 में फिर एक बार भाजपा की प्रचंड विजय तय है। इसी वजह से ये सारे विपक्षी दल बौखलाए हुए हैं। आजकल एक नया शब्द गारंटी बहुत पॉपुलर किया जा रहा है। ये सारे दल मिलकर 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी है। जब कांग्रेस सरकार थी, तब 1.86 लाख करोड़ का कोयला घोटाला, 1.76 लाख करोड़ का 2जी घोटाला, 70 हजार करोड़ रुपए का कॉमनवेल्थ घोटाला। हेलिकॉप्टर से सबमरीन... ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जो कांग्रेस के घोटालों का शिकार न हुआ हो। आरजेडी देख लीजिए- चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला, पशुपालन शेड घोटाला, बाढ़ राहत घोटाला, इनकी सूची इतनी लंबी है कि सजा देते-देते अदालतें थक गईं। टीएमसी पर भी 23 हजार करोड़ से ज्यादा के घोटाले का आरोप, रोजवैली घोटाला, शारदा घोटाला, शिक्षक भर्ती घोटाला, गो तस्करी घोटाला।

### गांधी परिवार का भला करना है तो कांग्रेस को वोट दीजिए

हमें लोगों को बताना होगा कि उन्होंने अपने बच्चों का भविष्य सुधारने के लिए जिनको वोट दिया, उसका परिणाम क्या हुआ। परिवार के नाम पर वोट मांगने वालों ने अपने परिवार का भला किया। आपको गांधी परिवार के बेटे-बेटी का विकास करना हो, तो कांग्रेस को वोट दीजिए। मुलायम सिंह के बेटे का भला करना है, तो सपा को वोट दीजिए। लालू परिवार का भला करना है, तो आरजेडी को वोट दीजिए। शरद पवार की बेटी का भला करना हो, तो एनसीपी का भला कीजिए। अब्दुल्ला परिवार के बेटे का भला करना हो, तो नेशनल कॉन्फ्रेंस को वोट दीजिए, लेकिन आप ध्यान से सुनना, अगर आपको अपने बेटे-बेटी का, पोते-पोती का, नाती-नातिन का भला करना है, तो आप वोट भाजपा को दीजिए। गुजरात की बीजेपी कार्यकर्ता हेतलबेन जानी ने पीएम से सवाल किया- भाजपा के खिलाफ कई दल एकजुट होकर लड़ने की कोशिश कर रहे हैं। आप इसे कैसे देखते हैं? इसके जवाब में पीएम ने घोटालों और परिवारवाद पर बात कही।

### जिन राज्य में बीजेपी सरकार, वहां पेट्रोल 100 रु. से कम

भारत में महंगाई दर नियंत्रण में है। हमारे पड़ोस में पाकिस्तान में महंगाई दर 38 प्रतिशत से ज्यादा है। श्रीलंका में 25% से ज्यादा है। भारत में ये 5 प्रतिशत से भी कम है। कोरोना के खिलाफ इतने समय से चले आ रहे युद्ध के बावजूद भारत में हमने महंगाई को बेकाबू नहीं होने दिया। भाजपा सरकार को जोर तो लोगों को ज्यादा से ज्यादा बचत कराने पर है। आज हर भारतीय, हर महीने करीब 20 जीबी डेटा इस्तेमाल करता है। 2014 तक 1 जीबी के लिए 300 रुपए लगते थे। आज के हिसाब से ये 6 हजार रुपए का होता। भाजपा ने डेटा को गरीब के लिए बिल्कुल सस्ता कर दिया है। अब 30 जीबी के 200 से 300 रु. लग रहे हैं। आपके 5000 हजार रुपए से ज्यादा हर महीने बच रहे हैं। कांग्रेस के समय एलईडी बल्ब 300-400 रुपए में बिकता था। भाजपा सरकार में 50-60 रुपए कीमत हो गई। गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली का बिल करीब 20 हजार करोड़ रुपए कम हुआ है। आज जन औषधि के स्टोर में सस्ती दवा मिलती है। इससे गरीब का करीब 20 हजार करोड़ रुपया बचा है। आयुष्मान भारत योजना की वजह से करीब 5 करोड़ लोगों ने अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराया और एक पैसा खर्च नहीं हुआ है।

---

पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को बताया

## समान नागरिक संहिता पर कैसे समझाएं मुसलमानों को

- प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी सहित देशभर के 10 लाख भाजपा कार्यकर्ताओं से वर्चुअल जुड़े
- भोपाल से प्रधानमंत्री ने 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' अभियान का शुभारंभ किया,कार्यकर्ताओं में उत्साह

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वोट बैंक की भूखी पार्टियां समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर मुसलमानों में भ्रम फैला रही हैं। सुप्रीम कोर्ट कहता है कि यूसीसी लागू करो लेकिन वोट बैंक के भूखे ये लोग नहीं चाहते हैं। इसके नाम पर लोगों को भड़काने का काम किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि अगर एक परिवार में सदस्यों के लिए अलग-अलग व्यवस्था हो तो परिवार नहीं चल सकता। ऐसे ही एक देश में लोगों के लिए अलग-अलग कानून कैसे हो सकता है? उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुसलमानों के पास तथ्यों के साथ जाने और उन्हें समझाने की अपील की है।

### मुस्लिम महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा था

प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लखनऊ की रीना चौधरी से बात की। शेष पेज 10 पर...



### वाराणसी में अलग-अलग जगहों पर हुआ प्रसारण

पीएम मोदी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित नेहरू स्टेडियम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 10 लाख कार्यकर्ताओं से वर्चुअल जुड़े। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए पार्टी के 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' अभियान का शुभारंभ भी किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से वाराणसी में भी पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि अलग-अलग जगहों से जुड़े और उनका सम्बोधन सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए दल से बड़ा देश है। शेष पेज 10 पर...

---

## एनकाउंटर में 1.25 लाख का इनामी गुफरान मारा गया



जन एक्सप्रेस। कौशांबी

यूपी के कौशांबी में मंगलवार सुबह एसटीएफ ने एनकाउंटर में बदमाश गुफरान मारा गया। 1.25 लाख रुपए का इनामी गुफरान प्रतापगढ़ का रहने वाला था। एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर के मुताबिक, गुफरान के खिलाफ लूट, हत्या और हत्या के प्रयास के करीब 13 मामले दर्ज हैं। वो 16 मई 2023 यानी करीब 40 दिन से फरार चल रहा था। एसटीएफ सीओ डीके शाही ने बताया कि इनपुट मिला था कि गुफरान कोखराज इलाके में टोल प्लाजा के पास आया है। तड़के 4.40 बजे कोखराज एरिया में घेराबंदी की गई। उसने पुलिस को देखा तो मंझनपुर की ओर बाइक से भागने लगा। एसटीएफ ने उसका पीछा किया। समदा चीनी मिल के पास टीम ने घेरा तो गुफरान ने फायरिंग शुरू कर दी। दोनों ओर से करीब 20 मिनट तक फायरिंग हुई। इस दौरान एक गोली गुफरान के जबड़े में लगी। वह गिर गया। उसको अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शेष पेज 10 पर...

### कॉन्ट्रैक्ट किलर था गुफरान: एसटीएफ

डीके शाही ने बताया कि गुफरान प्रतापगढ़ का कुख्यात अपराधी था। कॉन्ट्रैक्ट किलिंग का काम करता था। कई दिनों से टीमें इसकी तलाश में लगी थीं। जानकारी मिली थी कि सोमवार को वह कौशांबी में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाला है। इसीलिए टीम पहले से अलर्ट मोड पर थी। गुफरान 7 मामले में वांटेड था। उसके आईएस-227 अतीक गैंग से भी संबंध हो सकते हैं। इसकी जांच की जा रही है। गुफरान का खुद अपना एक गैंग है, जिसके कुछ लोग अभी जेल में हैं। उनका पता लगाया जा रहा है।

---

## अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर 20 हजार करोड़ का लोन बांटा



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस का आयोजन लोक भवन में किया गया। सीएम योगी और एमएसएमई मिनिस्टर राकेश सचान ने 3 लाख 41 हजार 538 लाभार्थियों में 20 हजार करोड़ का लोन बांटा। यूपी के सभी जनपदों में इस दिवस का आयोजन किया गया। सभी जनपद में लाभार्थियों को चेक वितरण कर लोन दिया गया। प्रयागराज के मंदरी भगवत में गोबर बायोगैस प्लांट का लोकार्पण भी लखनऊ से वर्चुअल किया। ऐलान हुआ कि लखनऊ में भी एक पैकेजिंग संस्थान खोला जाएगा, जिससे कि छोटे उद्यमियों की पैकेजिंग की समस्या को अच्छा दाम मिल सके।सीएम योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश एक मात्र राज्य है जिसने वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट कार्यक्रम चलाया। आज देश में यह एक उदाहरण बन गया है। उत्तर प्रदेश अकेला राज्य है जिसे 52 जीआई टैग प्राप्त है। शेष पेज 10 पर...

### भारतीय पैकेजिंग संस्थान के साथ हुआ एमओयू साइन

उत्तर प्रदेश सरकार एमएसएमई को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय सुविधा और मार्केटिंग सहित उनकी समस्याओं के निदान के लिए हर क्षेत्र में प्रयास कर रही है। यही कारण है कि छोटे उद्यमों के सामने पैकेजिंग की बड़ी समस्या रहती है, जिसे दूर करने के लिए आज उत्तर प्रदेश सरकार का भारतीय पैकेजिंग संस्थान के साथ एमओयू साइन किया गया।

### जीआई पंजीकरण प्रमाण पत्र बांटे गए

उत्तर प्रदेश के हजारों उद्यमियों को आज जीआई पंजीकरण प्रमाण पत्रों को भी बांटा गया। यह प्रमाण पत्र उन उद्यमियों को दिया गया जो कि उत्पादन के क्षेत्र में विशिष्ट काम किए हैं। अपने विशेष उत्पाद से प्रदेश ख्याति को देश-विदेश तक में पहुंचाने का काम किया है। दरअसल यह ज्योग्राफिकल इंडिकेटर टैग रीजन के क्षेत्रीय उत्पाद को दिया जाता है।

---

**रिपोर्ट** सुप्रीम कोर्ट के दो बड़े वकीलों के बीच धर्म-अधर्म की लड़ाई, जन एक्सप्रेस तथ्यों के साथ करता रहा है खुलासा

# नटवरलाल प्रदीप राय ने चला 'शकुनि दांव'पोल खोलने वाले के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

डॉ. वैभव शर्मा

- कथित रूप से फोन टैपिंग और ब्लैकमेलिंग करने के आरोपी सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रदीप राय ने सुप्रीम कोर्ट के ही अधिवक्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी व भड़ास 4 मीडिया के संपादक यशवंत पर कराई एफआईआर
- विश्वनाथ चतुर्वेदी ने तथ्यों के साथ किया था प्रदीप राय की करतूतों का खुलासा, लगाए थे गंभीर आरोप
- वेब पोर्टल भड़ास 4 मीडिया के संपादक यशवंत ने प्रदीप राय के मामले में विश्वनाथ चतुर्वेदी का इंटरव्यू लिया था
- प्रदीप राय ने दिल्ली के आईजीआई थाने में विश्वनाथ चतुर्वेदी व भड़ास 4 मीडिया के खिलाफ मानहानि, रंगदारी का मामला दर्ज कराया

**लखनऊ।** 'नटवरलाल' के रूप में जाने जाने वाले सुप्रीम कोर्ट के नामी वकील प्रदीप राय ने 'शकुनि दांव' चल दिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के ही अधिवक्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी और वेब पोर्टल भड़ास 4 मीडिया के संपादक यशवंत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। दरअसल एडवोकेट विश्वनाथ चतुर्वेदी ने एडवोकेट प्रदीप राय पर देश के चोटी के राजनेताओं, ब्यूरोक्रेट्स व अन्य रसूखदारों के फोन टैप करने और बाद में उन्हें ब्लैकमेल कर देश-विदेश में अकूत संपत्ति खड़ी करने के आरोप लगाए थे। विश्वनाथ चतुर्वेदी का इंटरव्यू भड़ास 4 मीडिया के संपादक ने अपनी वेब पोर्टल पर अपलोड किया था। इसके बाद प्रदीप राय ने दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। जन एक्सप्रेस ने भी तथ्यों के साथ मामले को प्रकाशित किया था। जानकारी के अनुसार एडवोकेट प्रदीप राय ने एडवोकेट विश्वनाथ चतुर्वेदी और भड़ास 4 मीडिया के संपादक के खिलाफ 5 जून 2023 को आईजीआई पुलिस स्टेशन में मानहानि, अपमानजनक टिप्पणी, धमकी और रंगदारी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने दावा किया कि विश्वनाथ चतुर्वेदी ने उनकी आलोचना बंद करने के बदले में 25 लाख रुपये की मांग की। इस मामले में विश्वनाथ चतुर्वेदी ने जन एक्सप्रेस से कहा आश्चर्य की बात है कि जांच अधिकारी सुमित कुमार ने मामले की जांच के लिए कोई कदम नहीं उठाया और न ही उन्हें एफआईआर के बारे में सूचित किया। इसके बजाय, उन्होंने यूट्यूब, ट्विटर और फेसबुक जैसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से वीडियो हटाने के लिए अदालत से आदेश मांगा। नतीजतन, अदालत ने सामग्री को हटाने के लिए एक पक्षीय आदेश जारी कर दिया।



IN THE COURT OF THECHIEF METROPOLITAN MAGISTRATE/ROUSE AVENUE COURTS, NEW DELHI

CASE NO. 99/2019 (RC/DST/S/0001/2009)

IN THE MATTER OF:

CBI ...Complainant

-VERSUS-

Unknown Persons ...Accused

And in the matter of:-
Shri Vishwanath Chaturvedi
S/o., M.P. Chaturvedi,
Aged about 54 years,
Permanent Resident of: L-1/110,
Sector-G, Lucknow Department
Authority Colony, Kanpur Road,
Lucknow, Uttar Pradesh
Presently Residing at:
No.335, 2nd Floor, Double Storey,
New Rajendra Nagar,
New Delhi ...Applicant

APPPLICATION FOR PLACING ON RECORD ADDITIONAL EVIDENCE

MOST RESPECTFULLY SHOWETH:-

1. This hon'ble court vide order dated 17.01.2023 directed the CBI to carry out further investigation in this case. CBI has been given liberty to carry out further investigation on any aspect it deems fit. Para 17 of the order dated 17.01.2023 is relevant and extracted hereunder for ready reference;

"Further inquiry is required to be conducted from the concerned journalists on the aspect of their



प्रदीप राय



### आखिर आईजीआई थाना पुलिस ने जांच क्यों नहीं की: एडवोकेट विश्वनाथ

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी ने कहा आरोपों की गंभीर प्रकृति को देखते हुए, यह जानना जरूरी है कि आईजीआई पुलिस स्टेशन धमकी और जबरन वसूली के इन आरोपों की जांच शुरू करने में क्यों विफल रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जो जानकारी साझा की है वह तथ्यात्मक साक्ष्य पर आधारित है।

### सीबीआई कोर्ट ने क्यों मान लिए 126 पेज के सबूत?

एडवोकेट चतुर्वेदी ने 31 मई 2023 को प्रदीप राय के खिलाफ 126 पेज के सबूत सीबीआई कोर्ट में सौंपे थे, जिसे कोर्ट ने विधिवत स्वीकार कर लिया। इसके अलावा कोर्ट ने सीबीआई को सुनवाई की अगली तारीख पर आरोपपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।



कानून विदों पर नहीं चला 'नटवरलाल' प्रदीप राय का जाल

---

## लखनऊ में खेले जाएंगे विश्वकप 2023 के पांच मुकाबले

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आईसीसी विश्व कप 2023 के शेड्यूल की घोषणा मंगलवार को कर दी गई है। विश्व कप का आगाज 5 अक्तूबर से हो रहा है। पहली बार यूपी की राजधानी लखनऊ में विश्वकप के मैचों का आयोजन किया जा रहा है। आईसीसी के अनुसार भारत के एक मैच के अलावा कुल पांच मुकाबले लखनऊ में आयोजित किए जाएंगे। वहीं, भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 8 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से करेगी जबकि भारत अपना आखिरी लीग मैच इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच मैच 29 अक्तूबर को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा।



# लव जिहाद आरोपी पर हुआ बुलडोजर एक्शन, मकान ध्वस्त

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर




लव जिहाद के आरोपी के घर पर बुलडोजर की कार्यवाही किया गया और आलीशन मकान ध्वस्त हो गया। सदर कोतवाली क्षेत्र निवासिनी को शादी समारोह से अगवा करके दोस्तो साथ रेप की घटना को अन्जाम दिया गया और हत्या का प्रयास किया गया। वही परिजनो के निसान देही पर पुलिस ने एक खण्डहर से पीडिता को गम्भीर स्थित मे बरामत किया और ईलाज के दौरान मौत हो गयी।
पीड़िता के मौत के बाद मामला सुर्खियो मे आ गया और देर रात तक मृतका के शव को अन्तिम संस्कार की जद्दोजहद प्रशासन और परिजनो के बीच चलती रही। वही स्थ्िती का आकलन करके प्रशासन एक्सन मूड मे आया और आरोपी के परिजनो को िाने ले आयी और अरारोपी के मकान मे बुलडोजर एक्सन हो गया और मकान को गिरा दिया गया। बताते चले कि युवक सोनू उर्फ सिकंदर पर लड़की के अपहरण और फिर रेप का आरोप है।
शादी समारोह से उसने लड़की को अगवा किया और रेप की घटना को अंजाम देने के बाद उसने लड़की को ईंट से कूचल दिया। मरा हुआ समझकर भाग निकला। हालांकि लड़की की मौत नहीं हुई। गंभीर स्थिति में उसे बरामद किया गया। जिला अस्पताल और फिर कानपुर के हैलेट अस्पताल में इलाज चला। कानपुर में इलाज के दौरान लड़की की मौत हो गयी तो मामला गरमा गया। पुलिस ने इस मामले में पहले ही आरोपी की गिरफ्तारी कर लिया था। विश्व हिंदू परिषद के साथ-साथ कई स्थानीय संगठनों ने आरोपी के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों के उबलते आक्रोश को देखते हुए प्रशासन की टीम भी एक्टिव हुई। इस मामले में आरोपी के घर पर बुलडोजर एक्शन की मांग किया जा रहा था। प्रशासनिक जांच के बाद आरोपी के घर पर मंगलवार को प्रशासन की टीम भारी संख्या में पुलिस बल के साथ ज्वालागंज पहुंची।
वहां पर आरोपी के घर को बुलडोजर से ढाह दिया गया। जिले के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली लड़की 22 जून की रात 11 बजे अचानक गायब हो गई। फरीदपुर जोनिहां के आशा मैरिज लॉन बहदग्राम में वह एक शादी समारोह में गई थी। लड़की के अचानक गायब होने के बाद उसकी खोज शुरू हुई। लड़की का पता नहीं चला। उसके पिता ने पुलिस में केस दर्ज कराया। लड़की के अपहरण मामले में कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के ज्वालागंज मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय सोनू उर्फ सिकंदर अहमद को आरोपी बनाया गया। घटना के अगले दिन यानी 23 जून को सुबह करीब 8 बजे लड़की मैरिज हॉल से करीब 500 मीटर दूरी पर गंभीर घायल अवस्था में पायी गई। जिला अस्पताल लाया गया स्थिति खराब होने लगी तो हैलेट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने संवेदनशील मामले को देखते हुए 25 जून को सुबह 11:10 बजे फरीदपुर मोड़ बहग्राम से आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने माना कि उसकी लड़की से पहचान थी। शादी समारोह से वह लड़की को लेकर गया। संबंध बनाने की कोशिश किया लड़की के इनकार के बाद गुस्सा भड़का। उसने पहले रेप किया और फिर ईंट से कूच दिया। लड़की के खून और मिट्?टी से सने कपड़े और खून से सनी ईंट को पुलिस ने बरामद किया है।

## नुक्कड़ नाटक व गोष्ठी के माध्यम से चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर जन जागरण विकास समिति की ओर से शहर की मलिन बस्तियों में व्यापक रूप से जन जागरूकता अभियान एवं संस्था कार्यालय में नुक्कड़ नाटक व गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सार्थक बनाने की अपील किया गया। जागरूकता अभियान संस्था प्रबंधक-संस्थापक विकास कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान का शुभारंभ अस्ती वार्ड से हुआ। इसके बाद राधानगर, खंभापुर, गढ़ीवा एवं रेलवे स्टेशन के समीप दलित बस्तियों में जन जागरूकता अभियान चलाया। सदस्यों ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए नशे की लत में पड़कर आज की युवा पीढ़ी अंधकार की ओर जा रही है। इसलिए खुद भी नशा छोड़ें और अपने बच्चों को भी नशे की लत से दूर करें। नशे से दूर रहने के लिए संकल्प लें और इसके प्रति दूसरों को भी जागरूक करें। अभियान के पश्चात् कार्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।

# एसपी व सीडीओ ने क्षय रोगियों को वितरित की पोषण किट

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा गोद लिए गए क्षय रोगियों में से 50 क्षय रोगियों को मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। क्षय रोगियों को पोषण किट देते हुए मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि रेडक्रास सोसाइटी द्वारा पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण सराहनीय जन उपयोगी कार्य किये गए है। यह कार्यक्रम भी निश्चित रूप से इन सभी रोगियों के लिए अत्यन्त लाभप्रद होगा। उन्होंने क्षय रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि किट में दिये जा रहे पोषण आहार के नियमित प्रयोग से आप लोगो के लिए दवा और भी बेहतर कारगर सिद्ध होगी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि सस्था द्वारा लगातार इस तरह के सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे सीधे तौर पर पीड़ितों को लाभ मिल रहा है।
ऐसे पुनीत कार्यो में हम सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए, जिससे जल्द से जल्द जनपद को टीबी जैसे गंभीर रोग से मुक्त किया जा सके। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में आप लोगों द्वारा जो आहार लिया जाता है, उसमें न्यूट्रीशन की कमी होती है, जिसकी पूर्ति इस पोषण किट में दी जा रही सामग्री से होगी। इसके पूर्व सोसाइटी सचिव केशव शिवहरे ने बताया कि गोद लिए गए जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित सभी क्षय रोगियों को निरोग होने तक लगातार पोषण किट वितरित की जाएगी। जिसमें प्रत्येक रोगी को मूंग दाल, मूंगफली दाना, भूना चना, गुड़, सोया बडी आदि दी जा रही हैं। उन्होंने गोद लेने वाले रेडक्रॉस सदस्यों डॉ सुधीर अग्रवाल, डॉ सीताराम गुप्ता, अजय अग्रवाल, देवेश जैन, डॉ सी एन सिंह, डॉ शशांक अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, संजय अग्रवाल आदि से अपेक्षा की कि समय-समय पर रोगियों का हालचाल लेकर हौसला बढ़ाते रहें ताकि क्षय रोगी अपने आप को समाज से अलग न समझें। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने रोगियों से कहा कि क्षय रोग विभाग द्वारा दी जा रही दवाओं का नियमित प्रयोग करें ताकि सभी लोग इस रोग से शीघ्र ही मुक्त हो सकें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में टीबी के लगभग 1200 रोगी चिन्हित किए गए हैं, जिनकी बराबर मॉनिटरिंग की जा रही है। कहा कि किट में दिए गए पौष्टिक आहार एवं दवाइयों के नियमित सेवन से मानव प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होगा और शीघ्र ही टीबी से मुक्त हो जाऐंगें। इस मौके पर डीटीओ डॉ ए के आजाद, होम्योपैथिक अधिकारी डॉ दिलीप सिंह, पीपीसी ज्ञानचंद्र शुक्ला, पीपीएम विवेक मिश्र, सौरभ जैन, मुन्ना प्रसाद, अतुल गुप्ता, अम्बरिश कुमार, टीबी चैम्पियन आदि मौजूद रहे।

## निर्धारित दर पर ही किसानो को दिया जाये उर्वरक : एडीएम

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** कृषकों को निर्धारित दर पर सुचारू रूप से उर्वरक उपलब्ध कराए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि थोक व फुटकर विक्रेता निर्धारित दर व समय से कृषकों को उर्वरक दिया जाय। उर्वरक ई-पास मशीन के माध्यम से देने के साथ में रसीद भी दिया जाय। थोक व फुटकर विक्रेता स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण रजिस्टर एवं सभी अभिलेख अपडेट करते रहे। अपनी दुकानों पर उर्वरकों की रेट लिस्ट, स्टॉक व मोबाइल नंबर सहित दुकान पर बोर्ड लगाए। उर्वरक विक्रेता किसानों को उर्वरक के साथ अन्य सामाग्री किसानों की सहमति पर ही दें। साथ ही इसकी अलग से रसीद भी दे। उन्होंने कहा कि उर्वरक विक्रेता उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी सही समय से दें ताकि किसानों को भटकना न पड़े। किसानों को उर्वरक खरीदने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

# ऑनलाइन व्यापार के मुद्दे को लेकर सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

आनलाइन व्यापार के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें खुदरा व्यापारियों के संरक्षण के लिए सरकार से सहयोग की मांग की गई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यवस्था को बंद करने के लिए प्रांतीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि ऑनलाइन व्यापार होने से भारत के सात करोड दुकानदारों व उनके कर्मचारियों का धंधा चैपट होने से जीवन रसातल की ओर जा रहा है।
ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यवस्था से हर वर्ग प्रभावित है। व्यापारी, ट्रांसपोर्टर, मजदूर बेहद परेशान हो गया है। ऐसा ही रहा तो दुकानदारी ठप हो जाएगी। जिलाध्यक्ष जगदीश गुप्ता ने कहा कि इस देश में 100-50 कार्पोरेट घराने जब घर-घर माल भेजेंगे, तो खुदरा व्यापारियों का जीवन बदहाल हो जाएगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था भी खतरे में होगी। ऐसे में भारत के खुदरा व्यापारियों को भारत सरकार अपना संरक्षण देकर उनके जीवन और उनके व्यापार को बचाने का काम करे। इस मौके पर जिलामंत्री आनंद सागर खरे, प्रमोद अग्रहरी, उमाशंकर सोनी, आनंद सागर, रामनारायण सोनी, गोरेलाल गुप्ता, कन्हैया कुमार, सौरभ कुमार सोनू, शिव प्रसाद जायसवाल, नानबाबू सोनी, सभासद शंकर यादव आदि मौजूद रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध सख्त कदम का निर्देश

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

जिला पर्यावरणीय एवं गंगा सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कंस्ट्रक्शन वेस्ट, ई-वेस्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के निस्तारण की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा किया।
अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एमआरएफ सेंटर में कूड़े की छटाई संवेदनशीलता से कराए और समय से कूड़े का उठान कराया जाय साथ ही निगरानी बनाए रखे। नगर पालिका एवं नगर पंचायत के सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए लोगों को इसके प्रयोग न करने हेतु जागरूक करें। साथ ही दुकानों में छापेमारी कर जब्तीकरण की कार्यवाही किया जाय और सड़क किनारे व नाले-नालियों की पालीथीन एकत्र कराई जाय ताकि पानी का जमाव न हो सके। सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को किस प्रकार खतरा पैदा होता है उससे लोगों को जागरूक करें। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निस्तारण किया जा रहा है उसका निरीक्षण समय-समय पर कराये। सरकारी अस्पतालों से निकलने वाले जैव अपशिष्ट का भी निरीक्षण किया जाय साथ ही पैनी निगाह भी बनाए रखे। उन्होनें कहा कि वन महोत्सव के लिए जिन विभागों को पौधरोपण हेतु गड्ढे तैयार करने का लक्ष्य दिया गया है। शेष बचे हुए गड्ढे की खुदाई फौरी तौर पर करा लें।

# भाजपा नेताओं की टोलियों ने किया घर-घर सम्पर्क

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट




पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर महा-जनसम्पर्क अभियान के तहत मंगलवार को जनपद के 11 मण्डलों तथा 850 बूथों में मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में सभी कार्यकर्ताओं ने वन्देमातरम गायन किया। इसके बाद कार्यकर्ता टोलियां बनाकर घर-घर सम्पर्क अभियान के लिए निकले।
सम्पर्क अभियान के दौरान जिला प्रभारी देवेश ने लोगों से कहा कि मोदी सरकार में विदेश नीति मजबूत हुयी है। आज दुनिया के कई शक्तिशाली देशो के राष्ट्राध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सलाह लेकर काम करते है। देश के किसानों की आमदनी को दोगुना करने के संकल्प के साथ मोदी सरकार काम कर रही हैं। पिछले नौ वर्ष में मोदी सरकार ने देश का मान बढ़ाया है। जन कल्याण और राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित होकर भाजपा की मोदी सरकार काम कर रही है। जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल के स्वर्णिम कार्यकाल पूर्ण होने पर चलाये जा रहे कार्यक्रमो में मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत पीएम मोदी का लाइव उद्बोधन बूथ स्तर पर सुना गया। कहा कि आज मोदी सरकार के ऐतिहासिक प्रयास से भारत सशक्त हुआ है। भारत का विकास भारत के सशक्तिकरण की गाथा गा रहा है। समाज के सभी वर्गों का सहयोग और समर्थन मजबूती के साथ भाजपा और पीएम मोदी के साथ बना हुआ है। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि ने कहा कि 2014 के पूर्व की सरकारों के प्रधानमंत्री जो मात्र एक चेहरे के रुप मे रहते थे और शक्तियां परिवार विशेष के लोगो के पास रहती थी, किन्तु आज भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में समाज के नेतृत्व वर्ग का सहयोग और समर्थन मजबूती के साथ भाजपा और मोदी सरकार काम कर रही है। इसीलिए भाजपा निरन्तर विस्तार कर रही है। पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि मोदी सरकार मे समाज के हर वर्ग का विकास हुआ है। पक्ति मे बैठे अंतिम व्यक्ति तक विकास की सारी योजनाओं को भेजने का काम किया जा रहा है।
आज पूरे देश के उत्तर से लेकर दक्षिण तक पूर्व से लेकर पश्चिम तक मोदी सरकार ने विकास की अविरल गंगा बहायी है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि आप सभी स्वप्रयास से आने वाले 2024 के लोकसभा के चुनाव में सशक्त पूर्ण बहुमत सरकार के गठन में विराट जनसहभागिता सुनिश्चित करें। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि सरकार गरीबो के कल्याण और विकास को समर्पित है। जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने कहा कि भारत का वर्तमान प्रभाव जन-जन के एक-एक वोट की ताकत से हासिल हुआ है। मोदी सरकार जन व राष्ट्र हित के लिए ही काम कर रही है।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान में मनाया गया मातेश्वरी जगदंबा का 58वां स्मृति दिवस

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चित्रकूटधाम के विकास नगर कपसेठी स्थित मुख्य केंद्र में संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 58वा स्मृति दिवस मनाया गया।
कार्यक्रम में चित्रकूटधाम क्षेत्र की संचालिका ,राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दुर्गेश नंदिनी ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव ने प्रजापिता ब्रह्मा के माध्यम से जो सत्य गीता ज्ञान सुनाया, उसे मातेश्वरी ने अक्षरशः आत्मसात किया। उनका जीवन सत्यता, सादगी, शुचिता, पवित्रता, स्नेह, करुणा और निःस्वार्थ मानव सेवा की जीती जागती मिसाल बन गया। उन्होंने सचमुच ज्ञान की देवी सरस्वती अथवा वीणा वादिनी बन कर समस्त जगत को ज्ञान का सद्मार्ग दिखाया। उन्होंने बताया कि मातेश्वरी जगदंबा अखंड राजयोग की निष्णात साधिका और आध्यात्मिक ज्ञान की प्रखर विदुषी थीं। उन्होंने अपने साधक जीवन में नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों से कभी भी समझौता नहीं किया। कठोर अनुशासन, मर्यादित जीवन और आंतरिक सच्चाई सफाई उनसे साफ झलकती थी। उनकी शिक्षा यही थी कि कभी भी एक बार की हुई भूल दोबारा न हो। वे कहती थीं कि झुकना और सीखना यही श्रेष्ठ पुरषार्थी की निशानी है। कार्यक्रम में भोपाल के वरिष्ठ राजयोगी ब्रह्माकुमार श्रीप्रकाश भाई ने कहा कि मातेश्वरी जगदंबा ने 16 वर्ष की अल्प आयु में ही प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जैसे विश्वव्यापी संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका और यज्ञ माता की भूमिका का कुशलतम निर्वहन किया।
उन्होंने अपने व्यक्तित्व और नेतृत्व से सभी यज्ञ वत्सों पर ऐसी छाप छोड़ी कि वृद्ध, युवा सभी उन्हें सम्मान और प्यार से मम्मा या मातेश्वरी कहकर पुकारते थे। उनके व्यवहार से अधिकार, प्यार और मातृ पालना की प्रतीति सभी को सहज होती थी। इस मौके पर सुरेश जसनानी, अवनेश सोलंकी, डॉ नीरज सिंह, मंजू केशरवानी, संतोष शिवहरे सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# 'ऑनलाइन ट्रेडिंग' व्यापार के विरोध मे किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

उद्योग व्यापर प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज सम्पूर्ण प्रदेश भर में ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यापार के विरोध में धरना प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। जनपद मे भी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के व्यापारियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यापार के विरोध मे धरना प्रदर्शन करते हुए, आनलाइन व्यापार के खिलाफ नारेबाजी किया।
धरना-प्रदर्शन के उपरांत जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन प्रधानमंत्री को प्रेषित किया गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यापार से भारत के लगभग 7 करोड़ व्यापारियों और उनके कर्मचारियों जीवन रसातल में जा रहा है।
ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यापार हटाइए, सात करोड़ व्यापारियों का जीवन बचाइए, जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला ने कहा कि ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यापार के चलते आज खुदरा व्यापार पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। व्यापारी वर्ग भुखमरी की कगार पर है। इसलिए आम व्यापारियों के हित में इस व्यापार पर तत्काल रोक होनी चाहिए या इस पर सरकार द्वारा कम से कम 15 प्रतिशत का अतिरिक्त टैक्स लगाया जाए। इस दौरान प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण बाबू गुप्त, जिला उपाध्यक्ष डाक्टर अतुल त्रिवेदी, राजेश चैधरी सहित लगभग आधा सैकडा व्यापारी उपस्थित रहा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मथुरा के प्रांतीय महासम्मलेन में जाएंगे चित्रकूट के पदाधिकारी, तैयारी बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** विश्व हिंदू महासंघ के आमागी 15-16 जुलाई को मथुरा में होने जा रहे प्रांतीय महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए मंगलवार को जिला मुख्यालय में पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित की। इस दौरान संगठन मजबूत करने पर जोर दिया गया। विश्व हिंदू महासंघ के धर्माचार्य प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पं. नारायण दत्त त्रिपाठी के आवास में मंगलवार को हुई बैठक में आगामी 15-16 जुलाई को मथुरा में होने वाले प्रांतीय महासम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही इस सम्मेलन में चित्रकूट से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को ले जाने के लिए रूपरेखा बनाई गई। इस मौके पर गौरक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री जगदीश केशरवानी, जिलाध्यक्ष रवि सिंह बघेल, मातृशक्ति जिलाध्यक्ष तृप्ति तिवारी, धर्माचार्य प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पं. नारायण दत्त त्रिपाठी, संगठन मंत्री हर्षवर्धन सिंह, जिला मंत्री सुरेन्द्र त्रिपाठी, विमल त्रिपाठी, नगर मंत्री शुभम केशरवानी, जिला महामंत्री मीना गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा देवी, श्रद्धा मिश्रा, जिला मंत्री पद्मिनी सिंह, कोषाध्यक्ष शकुंतला गुप्ता, नगर अध्यक्ष गीता देवी व जलमावती आदि मौजूद रहे।

### हेयर स्टाइल, हेयर कलरिंग और स्ट्रेटनिंग की मिलेगी सुविधा, नए सैलून का हुआ उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** हेयर एंड ब्यूटी के क्षेत्र में ग्राहकों को किफायती दरों पर लक्जरी सुविधा मुहैया कराने के मकसद से बीते दिन जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड बी-बाजार के सामने ज्योतिका स्टूडियो यूनिसेक्स सैलून का शुभारंभ किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने प्रेस क्लब की पूरी टीम के साथ केक व फीता काटकर ज्योतिका यूनिसेक्स सैलून का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान अध्यक्ष ने इस सैलून के पूरी टीम को साधुवाद दिया तथा उनके मंगलमय भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जनपद वासियों को बेहतर स्टाइल की सारी सुविधाएं एक छत के नीचे मिलेगी। सैलून की प्रोपराइटर ज्योति सिंह ने बताया कि यूनिसेक्स सैलून में हेयर ब्यूटी, ब्राइडल, मेकओवर से संबंधित तमाम सुविधाएं ग्राहकों को एक वर्ष तक 40 फीसदी डिस्काउंट में किफायती दरों पर उपलब्ध होगी। ज्योति ने बताया कि बालों की देखभाल से जुड़ी हेयर स्टाइल, हेयर कलरिंग, स्ट्रेटनिंग, दूल्हे और दुल्हन का मेकअप, पार्टी मेकअप, हेयर स्पा, पेडिक्योर, मेनिक्योर व मशीनों से हेयर और स्किन की बेहतर सेवाएं उपलब्ध हैं। इस सैलून में स्वच्छता को देखते हुए सबसे बेहतरीन उपाय अपनाए गए हैं। इस मौके पर पत्रकार अरविन्द रघुवंशी, संदीप अग्रहरि, रामनारायण, शिवमंगल, प्रबंधक विवेक यादव, ब्यूटीशियन प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, हेयर एक्सपर्ट मोहित व अविनाश आदि सहयोगी टीम उपस्थित रहे।

### भारी मात्रा में कच्ची शराब के साथ दो कुंटल लहन नष्ट

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर जिले में नशे कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अवैध व मिलावटी शराब बनाने वाले कारोबारियों की धरपकड़ के लिए चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं इसी क्रम में मंगलवार को कर्वी कोतवाली क्षेत्र के जगदेवदास अखाड़ा में आबकारी विभाग ने दबिश दी। इस दौरान 35 लीटर अवैध कच्ची शराब व उपकरण बरामद कर दो कुंटल लहन नष्ट किया है। आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर टीम के साथ दबिश दी। जहां अवैध कच्ची शराब बरामद कर भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया है। इनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि नशे के अवैध कारोबारियों पर धरपकड़ लगातार जारी रहेगी। कर्वी क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में इसी प्रकार से अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर प्रधान आबकारी सिपाही धर्मेंद्र राजपूत,मुनेश कुमार यादव, लालाराम वर्मा,दुष्यंत यादव, लालचंद सरोज, हमीद खां,सरताज खां, गायत्री तोमर आदि मौजूद रहे।

### ग्रामोदय विवि व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव पालदेव में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगियों को स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श दिया गया। आयुर्वेद विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चिकित्सा कर्मी विनोद गुप्ता, राधेश्याम वर्मा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ धनेश द्विवेदी, फार्मासिस्ट अखिलेश पटेल द्वारा चिकित्सीय मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समाज कार्य के प्राध्यापक डॉ अजय आर चैरे के निर्देशन में समाज कार्य के छात्रों द्वारा गांव के लोगों व युवाओं को स्वास्थ्य शिविर के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान पालदेव गांव की सरपंच सुधा पटेल, उपसरपंच पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### रानीपुर टाईगर रिजर्व में स्वस्थ होने के बाद छोड़ा गया तेंदुआ

**जन एक्सप्रेस/मानिकपुर, चित्रकूट।** झांसी जिले के चिरगांव रेंज से लाये गए तेंदुए को रानीपुर टाईगर रिजर्व के मारकुंडी रेंज के जंगल में छोड़ा गया। पिछले दिनों झांसी जनपद के चिरगांव रेंज के पचोर गांव स्थित 20 फिट गहरे सूखे कुएं में गिरकर यह तेंदुआ घायल हुआ था। इससे तेंदुए के पैर और कूल्हे में गंभीर चोटें आई थी। झांसी वन विभाग टीम द्वारा काफी कोशिशों के बाद जब तेंदुए को कुएं से बाहर नहीं निकला तब निदेशालय के निर्देश पर इटावा लाइन सफारी की टीम ने तेंदुए को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला तथा तेंदुए को इलाज के लिए अपने साथ ले गई थी। 20 दिनों की देखरेख के बाद पूरी तरह से स्वस्थ हुए तेंदुए को मंगलवार को रानीपुर टाईगर रिजर्व के चैरी जंगल में छोड़ा गया। डेढ़ वर्ष के बीच रानीपुर टाईगर रिजर्व के जंगलों में आधा दर्जन के करीब तेंदुए छोड़े गए। झांसी के चिरगांव रेंजर राजेश सोनकर, डॉ राबिन सिंह, वन रक्षक मनोज श्रीवास, अमित कुमार इटावा सफारी से तेंदुए को लेकर चित्रकूट पहुंचे थे। तेंदुआ छोड़ने के दौरान वनक्षेत्राधिकारी मारकुंडी प्रथम अशोक जैन, झांसी से आई वन विभाग की टीम के साथ स्थानीय वनकर्मी मौजूद रहे।

### न्यायालय में 29 को रहेगा अवकाश

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में उच्च न्यायालय के कैलेण्डर के अनुसार ईद-उल-जुहा का अवकाश 30 जून दिन शुक्रवार को घोषित है। बताया कि कैलेण्डर वर्ष 2023 के प्रस्तर एक में उल्लिखित प्रावधान के दृष्टिगत शहर के काजी की आख्या तथा जिला बार एसोसिएशन कर्वी चित्रकूट के अनुरोध पर ईद-उल-जुहा का अवकाश 30 जून शुक्रवार के स्थान पर 29 जून बृहस्पतिवार को घोषित किया जाता है। बताया कि अवकाश के दिन जनपद के सभी दीवानी न्यायालय एवं कार्यालय, वाह्य न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) मऊ तथा ग्राम न्यायालय मानिकपुर बन्द रहेंगे।

### दो देशी बम के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कोतवाली कर्वी के उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह तथा उनकी टीम आरक्षी दिनेश यादव व वीरपाल द्वारा आरोपी आशुतोष रैकवार उर्फ चन्दन पुत्र दिनेश कुमार निवासी जनकपुरी कोतवाली कर्वी को दो देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में धारा 04/05 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/राजापुर, चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक कृष्णदेव मिश्रा तथा उनकी टीम आरक्षी संतोष तिवारी व उमन्द्र त्रिपाठी द्वारा आरोपी परागी पुत्र दुलदुल निवासी हनुमानगंज कस्बा व थाना राजापुर को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### अपर एसपी ने ली परेड की सलामी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंगलवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर एसपी ने पुलिसकर्मियों की ड्रिल का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा, मैस, कैंटीन, क्वार्टर गार्द आदि का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सुमेर सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 27 जून से 02 जुलाई 2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (-1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 28.0 (+0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 58 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा : दक्षिण पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 1.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

**कारोबारी के घर में इनकम टैक्स रेड**

## 600 करोड़ के फर्जी लेन-देन, 100 करोड़ की टैक्स चोरी और 25 करोड़ कैश बरामद

जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा




**कानपुर नगर।** कानपुर में बुलियन, ज्वेलरी और रियल एस्टेट कारोबारियों के प्रतिष्ठानों में चार दिन से चल रही आयकर विभाग आयकर की छापेमारी मंगलवार को खत्म हो गई। 300 अफसरों ने 95 घंटे की रेड में 25 करोड़ कैश, 600 करोड़ के फर्जी लेन-देन, 70 किलो सोना पकड़ा।

आयकर के अधिकारियों ने सोमवार सुबह तक 16 करोड़ का कैश जब्त किया था। टीम को बिरहाना रोड़ पर एक बंद दुकान में बड़े पैमाने पर कैश होने की जानकारी मिली थी। टीम सोमवार को शाम को वहां पहुंची दुकान का शटर खुलवा कर देखा तो एक कपड़े के गट्ठर में 9 करोड रुपए कैश मिले थे। इसी तरह मंगलवार सुबह तक करीब 25 करोड़ कैश टीम जब्त कर चुकी है। वहीं बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज जब्त भी किए गये हैं। साथ ही, 100 करोड़ रुपए की कर चोरी पकड़ी गई है।

आयकर सूत्रों के अनुसार, कानपुर में कैलाश नाथ अग्रवाल की राधा मोहन पुरुषोत्तम दास ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड और अमरनाथ अग्रवाल की राधा मोहन पुरुषोत्तम दास ज्वैलर्स का सालाना टर्न ओवर 1700 करोड़ रुपए का है। आयकर अधिकारी इसी लेनदेन में टैक्स चोरी की जांच कर रहे थे। इसके तार एमराल्ड के प्रमोटर संजीव झुनझुनवाला, चांदी कारोबारी सौरभ बाजपेयी और मुन्ना जखोदिया से जुड़े पाये। इसलिए आयकर विभाग ने सभी के प्रतिष्ठानों में एक साथ छापा मारा। आयकर विभाग ने सोने की बिस्किट और ज्वैलरी का भी पूरा मूल्यांकन कर उनको भी पैक कर लिया। बेनामी सम्पतियों इन संपत्तियों की जांच आयकर विभाग की टीम कर रही है।

**300 अधिकारियों ने 95 घंटे की रेड**

आयकर टीम द्वारा पांच दिन से चल रहे 95 घण्टे की रेड में 300 अधिकारी लगे थे। पकड़े गए नोटों को गिनने के लिये मशीन लगाई गई थी। 12 किलो सोना बीएमडब्लू गाड़ी की सीट के नीचे से भी मिला था। कुल 70 किलो सोना और चांदी जब्त किया है। जांच के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही।

# अवैध अस्पतालों की चल रही मंडी पर नहीं लग पा रही रोक

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे















**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश शासन के लगातार अवैध रूप से यूपी में चल रहे कार्यों पर रोक लगाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है और यह सब कार्य यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हो रहे है। लेकिन इसके बावजूद कानपुर शहर के कल्याणपुर क्षेत्र में अवैध अस्पतालों की चल रही मंडी पर अभी तक रोक नहीं लग पाई है। या यह कह ले कि शायद प्रदेश के मुखिया द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने में जिले के स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को हिचकिचाहट हो रही है।

ज्ञातव्य हो कि जन एक्सप्रेस समाचार पत्र पिछले कई दिनों से लगातार कल्याणपुर क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों के संबंध में प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद अभी तक स्वास्थ विभाग के अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रहेंगी। आपको बताते चलें कल्याणपुर क्षेत्र में लगभग 300 अस्पताल हैं। इन अस्पतालों में मानक के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है। अस्पताल के संचालक मानकों को ताक पर रखकर अस्पताल संचालित कर रहे हैं। मानकों की बात करें तो किसी भी हॉस्पिटल का ना तो रजिस्ट्रेशन कंप्लीट है। और इनमें से कई अस्पतालों में तो फायर इक्विपमेंट्स यह लगाए गए हैं। कुछ अस्पताल संचालकों मानक विहीनता की सारी हदें पार कर दी हैं। जिसमें मोहित मेडिकल सेंटर, मां शीतला नर्सिंग होम, अंश हास्पिटल,जेके केयर, शारदा, मां पीताम्बरा हॉस्पिटल, राधे कृष्णा, कुणाल हॉस्पिटल, गोल्ड, चन्द्रा, भूमि हास्पिटल, वैभव, रॉयल, ओम मेडिकल केयर सेंटर है।

**मानक विहीन बिल्डिंग में चल रहे यह हॉस्पिटल**

कल्याणपुर क्षेत्र में कई ऐसे हॉस्पिटल जो मानक विहीन बिल्डिंग में चल रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आखिर जब अस्पताल की बिल्डिंग का मानक ही नहीं पूरा है तो स्वास्थ विभाग के अधिकारियों ने किस आधार पर इन अस्पताल संचालकों को हॉस्पिटल चलाने की परमिशन दी है। सूत्रों के मुताबिक मोहित मेडिकल सेंटर, मां शीतला नर्सिंग होम, अंश हास्पिटल,जेके केयर, शारदा, मां पीताम्बरा हॉस्पिटल, राधे कृष्णा, कुणाल हॉस्पिटल ,गोल्ड, चन्द्रा,भूमि हास्पिटल ,वैभव हॉस्पिटल अवैध बिल्डिंग में चल रहे।

## अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो तस्करों को पुलिस ने दबोचा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

लखनऊ स्पेशल टास्क फोर्स व कल्याणपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले दो तस्करों के पास से 195 पेटी अंग्रेजी शराब तस्करी में प्रयोग किया जाने वाला लाए जाने वाहन को बरामद कर जेल भेजने की कार्यवाही की है ।

कल्याणपुर थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि लखनऊ एसटीएफ व कल्याणपुर पुलिस को विगत कुछ दिनों से पंजाब हरियाणा से अवैध शराब की तस्करी कर उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्य में बेचे जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी। मंगलवार की सुबह लखनऊ एसटीएफ निरीक्षक आदित्य कुमार सिंह मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि पानीपत हरियाणा से एक ट्रक आ रहा है जिसमें अवैध अंग्रेजी शराब चोरी-छिपे लाई जा रही है जोकि जीटी रोड से होते हुए कानपुर नगर कल्याणपुर थाना क्षेत्र से होते हुए जनपद प्रयागराज होते हुए बिहार राज्य ले जाई जाएगी इस दौरान लखनऊ एसटीएफ निरीक्षक आदित्य कुमार सिंह ने कल्याणपुर पुलिस को जानकारी दी जिसके उपरांत उपनिरीक्षक सचिन सिरोही, शैलेंद्र गिरी मय हमराहियों सहित बैरी पुलिया के पास पहुंचे इस दौरान ट्रक आता हुआ दिखाई दिया जिसे रोकने का प्रयास किया तो वह ट्रक सहित भागने क्या प्रयास करने लगा इस दौरान स्पेशल टास्क फोर्स व कल्याणपुर पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है । पूछताछ करने पर तस्करों ने अपना नाम मनोहर चौधरी निवासी ग्राम अमृतपुर जनपद अलीगढ़, मुकेश उर्फ प्रवीण निवासी जनपद हरियाणा बताया है।

## दबंगों से आजिज पीड़िता ने कमिश्नर से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** परेड खलवा में रहने वाली पीड़ित महिला ने आरोप लगाते हुए मंगलवार को शिकायती पत्र पुलिस कमिश्नर को सौंपा है जिसके माध्यम से पीड़िता ने बताया कि उसके मकान पर कब्जा करने की नीयत से मो0 फहीम, कलीम, कैफ, सोहेल, माजिद, गुफरान आदि अपने अन्य 5-6 साथियों के साथ आकर 18 जून को लगभग 6 :00 बजे शाम को लड़ाई झगड़ा कर मारपीट पर आमादा हो गया जिस पर कुछ सम्भान्त लोगो द्वारा बीच बचाव करने पर पीड़िता व उसके परिवार की जान बच सकी। जिसके बाद उसके द्वारा 112 नम्बर पर सूचना दी थी व थाना ग्वालटोली पर लिखित पत्र भी दिया था, परन्तु थाना द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न होने के कारण उक्त लोगों के हौसले बुलन्द हो गये और 20 जून को दोबारा रात्रि लगभग 2 :30 बजे पीड़िता के घर पर उक्त लोगो द्वारा आग लगा दी गयी जिससे पीड़िता व उसका परिवार का काफी सामान जल गया और पीड़िता व उसके परिवार ने घर से निकल कर किसी तरह अपनी जान बचायी।

## सीएसए में शोध, शिक्षण एवं प्रसार गतिविधियों की समीक्षा बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में बीते दिन मंगलवार को शोध, शिक्षण एवं प्रसार गतिविधियों की समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि शोध कार्यों के साथ-साथ शिक्षण गतिविधियों में भी गुणात्मक सुधार किए जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि कृषि का राष्ट्रीय एवं वैश्विक परिवेश बदल रहा है इसलिए कम क्षेत्रफल पर अधिक शुद्ध लाभ देने वाली फसलों की प्रजातियों के चयन के साथ उत्पादन की गुणवत्ता की ओर विशेष ध्यान देते हुए मूल्य संवर्धन पर हम सभी को ध्यान केंद्रित करना होगा। कुलपति ने बैठक में मौजूद सभी लोगों के विचारों को भी सुना। मुख्य अतिथि महानिदेशक उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद डॉ.संजय सिंह ने कहा कि जितनी भी तकनीक विकसित होती है उसको कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों के खेतों तक त्वरित पहुंचाया जाए। जिससे तकनीकी अंगीकरण का प्रतिशत बढ़ सके। उन्होंने कहा कि उत्पाद विशेष कृषि विज्ञान केंद्रों पर स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षित किया जाए। इस अवसर पर डॉ. पी. के. सिंह द्वारा शोध गतिविधियां तथा निदेशक प्रसार डॉ. आर. के. यादव द्वारा प्रसार गतिविधियों तथा कुलसचिव डॉ. पी. के. उपाध्याय द्वारा शिक्षण गतिविधियों के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में विभिन्न जनपदों से आए कृषि विज्ञान केंद्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिको ने प्रतिभाग किया ।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पदमश्री अशोक साह को किया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** केन्द्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर प्रदेश से लेकर सम्पूर्ण देश में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, सांसद, विधायक व कार्यकर्ता घर-घर जाकर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को आम जनमानस तक पहुंचा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी व क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विपस्यना ध्यान केन्द्र के प्रमुख व पद्मश्री से सम्मानित अशोक साहू से मिले तथा उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया और केन्द्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों की पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर अनूप साहू, अवधेश साहू, अखिलेश साहू एवं भाजपा के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'ईदुल अजहा की खुशियों में गरीबों-जरूरतमंदों को जरूर शामिल करें'

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



काजी ए शहर कानपुर हाफिज मामूर अहमद जामई ने परेड स्थित कार्यालय से जमीयत उलेमा शहर कानपुर के अध्यक्ष डा. हलीमुल्लाह खां, ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष अयाज माहे आलम जफर और उलेमा ए किराम के साथ ईदुल अजहा के सम्बन्ध से गाईडलाइन जारी करते हुए कहा कि कुर्बानी एक इबादत है, कुर्बानी का तरीका विश्वसनीय उलेमा से सीख लें, दुआएं याद कर लें, सीखने के बाद अपने हिस्से वाले जानवर की कुर्बानी खुद अपने हाथ से करें। ईदुल अजहा की नमाज के लिए तय समय से पहले ईदगाह पहुंच कर अंदर के हिस्से में अपनी जगह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के हालात के मद्देनजर कुर्बानी के जानवरों को लाने ले जाने में विशेष सावधानी बरतें। ईदुल अजहा की खुशियों में गरीबों और जरूरतमंदों को जरूर शामिल करें, उनकी मदद करें। गर्मी का मौसम चल रहा है, ऐसे में त्योहार के सम्बन्ध से स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार जो दिशा-निर्देश आये उस पर अमल सुनिश्चित करें। इस अवसर पर काजी ए शहर हाफिज मामूर अहमद जामई, जमीयत उलेमा शहर कानपुर के अध्यक्ष डा. हलीमुल्लाह खां, ईदगाह कमेटी के अयाज आलम जफर के साथ मुहम्मद साद हातिम, मर्कजी रूयते हिलाल कमेटी के महासचिव मौलाना मंसूर अहमद कासमी, कारी मुहम्मद गजाली खां, मुआविया उस्मान खादिम ईदगाह मौजूद रहे।

## एमएसएमई कार्यालय परिसर में एमएसएमई डे कार्यक्रम हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा



कानपुर नगर। एमएसएमई कार्यालय परिसर में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई डे का आयोजन किया गया। जिसकी थीम इस वर्ष स्न्नह्लह्लद्द-ह्दड्डस्न4 स्स्स्थह्य द्बश्नह्ल ढ्ढठ्ठस्नद्बड्डञ्च100 रही। इस अवसर पर कार्यालय के सहायक निदेशक नीरज कुमार द्वारा कार्यक्रम के रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मोटीवेटर संजय भारती ने नए उद्यमिता से संबंधित विभिन्न आयामों किस प्रकार उद्यमी समाज देश और समाज के विकास में योगदान दे सकता है पर चर्चा की। समाजसेवी राजेश गर्ग ने प्रतिभागियों से उद्यमिता के क्षेत्र में अपना अनुभव साझा किया। आईआईए कानपुर की महिला विंग की अध्यक्षा सरिता वहाब ने महिलाओं की उद्यमिता के क्षेत्र में बढ़ रहे योगदान पर चर्चा करने के साथ सरकार से महिलाओं को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं की सराहना की। यूको बैंक से एमएसएमई डिपार्टमेंट की हेड प्रियंका यादव ने बैंक द्वारा उद्यमियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी दें। एमएसएमई की योजनाओं की चर्चा कार्यालय के सहायक निदेशक एस.के. अग्निहोत्री द्वारा की गई। कार्यालय की निदेशक वी.के.वर्मा ने एमएसएमई विभाग द्वारा उद्यमियों को दी जा रही सहायता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कार्यालय के वरिष्ठ सहायक निदेशक एस.के. पांडे, सहायक निदेशक अविनाश कुमार अपूर्व, अमित वाजपेई, संदीप गुप्ता, के.पी.सी.एल., सुभाष चंद सहित लगभग 60 उद्यमी मौजूद रहे।

## विस्तार इकाई, सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र में कुटीर उद्योग पर चर्चा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

विस्तार इकाई, सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र फजलगंज में अगरबत्ती, धूपबत्ती, हवन सामग्री एवं सुगंधी विषय पर चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम विकास संस्थान कानपुर के सहायक निदेशक सुनील अग्निहोत्री ने अगरबत्ती, धूपबत्ती, कुटीर उद्योग को भारत सरकार की किन किन योजनाओं का लाभ मिल सकता है पर चर्चा की।

केंद्र प्रभारी डॉ. भक्ति विजय शुक्ला ने अगरबत्ती उद्योग की वर्तमान स्थिति, भविष्य और समस्याओं के विषय में चर्चा की। वहीं कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों ने हाथ से काली अगरबत्तियां बनायी। जिसमे सुचिता अवस्थी एवं सुनील अवस्थी द्वारा प्रतिभागियों का सहयोग किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूना से प्रसाद सुरेश जोशी, नागपुर से चंदन कुमार शुक्ला, दरभंगा बिहार से प्रकाश केडिया, कानपुर से ऐश्वर्य तिवारी, मृदुषी शुक्ला, मीतू दत्ता, प्रियम सुनील अस्थाना, अनुज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# उर्सला अस्पताल में कमिश्नर ने किया औचक निरीक्षण अनियमितता देख एक डॉक्टर को किया सस्पेंड

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कमिश्नर डॉ. लोकेश एम ने मंगलवार सुबह साढ़े 11 बजे उर्सला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरक्षण के दौरान उन्होंने यहां पर कई अनियमितता पाई जिस पर सख्त एक्शन लिया। कमिश्नर ने उर्सला लापरवाही पर अस्पताल के एक डॉक्टर को निलंबन का नोटिस देने के साथ ही दो डॉक्टरों का वेतन रोक दिया है। एक अन्य डॉक्टर से भी जवाब तलब किया। इसके अलावा उर्सला के डायरेक्टर और सीएमएस को कड़ी चेतावनी दी गई है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अव्यवस्था पाई। ओपीडी में इलाज कर रहे डॉक्टर के पास न तो जरूरी उपकरण थे और न ही दवाओं की कोई सूची। कमिश्नर ने लंबी कतारों में लाईन लगाये खड़े मरीजों को देखा और जमीन पर तीमारदार बैठे थे। अस्पताल में सिर्फ अव्यवस्था ही अव्यवस्था नजर आई जिसे देख कमिश्नर भड़क उठे।कमिश्नर के सख्त रूख से उर्सला अस्पताल में हड़कंप मच गया है। यहां डाक्टरों के पास ब्लड प्रेशर मशीन, थर्मामीटर, पल्समीटर, ऑक्सीमीटर एवं अन्य आवश्यक मेडिकल उपकरण नहीं थे। डॉक्टरों की टेबल तक साफ नही थी। कुछ तीमारदारों ने बताया कि फिजीशियन डॉ. गौतम जैन बाहर से दवा लिख रहे हैं। इस पर कमिश्नर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कमिश्नर ने डॉ. गौतम जैन को निलंबन नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**दो डॉक्टरों के वेतन रोकने के दिये निर्देश**

ओपीडी में टेबिल साफ न रखने और उसमें अनावश्यक बैग अथवा सामान रखने, गंदगी फैली होने, पेशेंट रजिस्टर मेनटेन न करने समेत अन्य लापरवाही पर डॉ. केएन कटियार और डॉ. केसी भारद्वाज का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

**उर्सला के डायरेक्टर और सीएमओ को दी चेतावनी**

कमिश्नर एम लोकेश को यहां पर मरीजों के रजिस्ट्रेशन की समस्या दिखी। अल्ट्रासाउंड रूम, एक्सरे रूम में भारी भीड़ देखी। मरीजों के बैठने की कोई उचित व्यवस्था नही देखी इस बीच तीमारदार काफी परेशान नजर आये। उर्सला अस्पताल की ऐसी बदहाली पर कमिश्नर ने खासी नाराजगी जताई। डायरेक्टर डॉ. सुशील प्रकाश और सीएमएस आंनद मोहन वर्मा को कड़ी चेतावनी देते हुए 10 दिनों में व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए।

## बिठूर थाने में एसआई के पद पर तैनात देवी शरण सिंह का ट्रांसफर

### समस्त स्टाफ ने फूल-माला पहना कर दी विदाई



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर थाने में एसएसआई के पद पर तैनात देवी शरण सिंह के चकेरी थाना क्षेत्र के सनिगवां चौकी सेकंड अफसर के पद पर ट्रांसफर होने के बाद शाम को 8:00 बजे बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने फूल माला व शॉल उड़ाकर विदाई दी। विदाई अवसर पर बोलते हुए थाना प्रभारी में कहां की अब तक जो भी समय एसएसआई देवी शरण सिंह के साथ गुजरा वह यादगार पल रहे। ऐसा साथी बहुत ही कम मिलता है।

विदाई समारोह में प्रमुख रूप से मंधना चौकी इंचार्ज धन सिंह, उप निरीक्षक कमलेश कुमार यादव उप निरीक्षक नरेश सिंह कस्बा इंचार्ज सत्येंद्र सिंह रावत उप निरीक्षक विवेक त्यागी उपनिरीक्षक अमित सिंह राघव उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह उप निरीक्षक सचिन भाटी उप निरीक्षक राजकुमार के साथ-साथ बिठूर थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने एसएसआई देवी शरण सिंह के भूरी भूरी प्रशंसा की।

# जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

**खराब प्रगति पर तीन एमओआईसी को कारण बताओ नोटिस**

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा। और शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए आवश्यक सामग्री उपकरण के क्रय करने,स्टाफ कीउपलब्धता जन जागरूकता तथा अन्य कार्यक्रम पर हुए व्यय के अनुमोदन हेतु 11 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने संस्थागत प्रसव,जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान,आशा रिपोर्टिंग सहित अन्य योजनाओं कार्यक्रमों की समीक्षा किया।बैठक के दौरान जननी सुरक्षा योजना की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर, बाजार शुकुल व फुरसतगंज में खराब प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए जगदीशपुर के एमओआईसी डा. प्रदीप तिवारी, बाजार शुकुल के एमओआईसी डॉ. सुधीर वर्मा व बहादुरपुर के एमओआईसी डॉ. एचपी यादव को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि जननी सुरक्षा योजना का संचालन पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप करें एवं प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर विश्वसनीयता को बढ़ाया जाये। नवजात शिशु टीकाकरण किसी भी चिकित्साधिकारी के क्षेत्र में कम हुआ तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाये।

उन्होने कहा कि आशा, एनम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक संयुक्त रूप से आयोजित करें। घर-घर सर्वे के आधार पर बच्चों की सूची तैयार करें इस सूची के आधार पर नवजात शिशुओं का टीकाकरण कराये। जिन आशाओं के मानदेय का भुगतान समय से नही किया जाता हो उनका भुगतान समय सीमा के अन्तर्गत ही कर दिया जाये। डीएम ने जनपद में संचालित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी सीएससी पीएससी व जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता मरीजों के बैठने के लिए कुर्सी, शौचालय, पीने हेतु पानी, सफाई, बिजली व पंखा आदि सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, और ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया के बचाव हेतु निरंतर छिड़काव व फागिंग कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.विमलेंदु शेखर, सीएमएस बीपी अग्रवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.राम प्रसाद, बीएसए संगीता सिंह सहित सभी एमओआईसी व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खेत में बेरन रखा रहे एक अधेड़ की मौत

**जन एक्सप्रेस/नसीराबाद, अमेठी।** विकास खण्ड छतोह के ग्राम कुकहा में एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में लाश बरामद हुई है। मृतक के पुत्र उमेश सिंह द्वारा दी गई तहरीर में लिखा गया है कि उसके पिता बृजमोहन सिंह पुत्र बाल गोविंद सिंह उम्र लगभग 55 साल निवासी ग्राम कुकहा थाना नसीराबाद गांव से लगभग 700 मीटर दूर खेत में रहकर धान की बेहन की रखवाली करते थे। और गांव में उनका किसी से विवाद नहीं था। 18 वर्षीय भतीजा अरविंद सिंह उनके लिए खाना ले जाता था जो उनसे लगभग 100 मीटर दूर पर लेटता था। 26 जून की रात में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी हत्या कर दी। सुबह 6:00 बजे अरविंद ने बृजमोहन की लाश खेत में उन्हीं की चारपाई पर देखी तो परिजनों को सूचना दी। मृतक अपने पीछे पत्नी मीना देवी और 2 पुत्र उमेश सिंह 24 वर्ष और अरुण सिंह 22 वर्ष को छोड़ गया है। शव के गले पर रस्सी के निशान पाए जाने पर प्रथम दृष्टया गला घोट कर हत्या किए जाने का अनुमान है। सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह भी सीओ अमित सिंह और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से मौके की जांच की। प्रभारी निरीक्षक राकेश चंद्र आनंद का कहना है कि लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई है।

## थानों पर पीस कमेटी के सदस्यों के साथ गोष्ठी

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह द्वारा थाना जायस पर व प्रभारी निरीक्षक थाना फुरसतगंज द्वारा ग्रामतेन्दुआ में सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक व पालन करने हेतु अपील की गयी।

# आत्मदाह करने वाली गर्भवती दलित युवती की मौत

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



दलित युवती की आत्मदाह के आठवें दिन इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई है। युवती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस इस मामले में आरोपी दो बच्चे के पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मामला गोसाईगंज थानाक्षेत्र के एक गांव का है।

उन्नीस वर्षीय दलित युवती से गोसाईगंज कस्बे के संजय साहू ने शादी का झांसा देकर प्रेम प्रसंग चलाया। करीब चार सालों तक दोनों में प्रेम प्रसंग चला। पीड़िता का आरोप था कि संजय साहू उसका यौन शोषण करता रहा। इस बीच वो प्रेग्नेंट हो गई तो वो शादी का दबाव बनाने लगी। इस पर आरोपी उसे आज कल कहकर भागने लगा। तभी पीड़िता को ये पता चला कि आरोपी तो शादीशुदा है वो दो बच्चों का पिता है। तब पीड़िता ने पुलिस में शिकायत किया। लेकिन यहां थाने के बाहर आरोपी संजय के पिता ने जबरन सुलहनामा लिखा लिया। जिससे आहत होकर 18 जून को तड़के पीड़िता ने खौफनाक कदम उठा लिया। उसने अपने आपको आग के हवाले कर लिया। आनन-फानन में परिवार वाले उसे लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचे। जहां पीड़िता का इलाज शुरू हुआ। इस बीच 19 जून को पूरे मामले को एसपी सोमेन वर्मा ने स्वतः संज्ञान लिया और मुकदमा दर्ज करने का गोसाईंगंज पुलिस को निर्देश दिया। सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह व एएसपी विपुल श्रीवास्तव थाने पहुंचे मुकदमा दर्ज हुआ और आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। अगले दिन उसे कोर्ट भेजा गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। वही मजिस्ट्रेट ने अस्पताल पहुंचकर पीड़िता का बयान दर्ज किया था।

उसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया था। बीते सोमवार की रात युवती की वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसका शव परिवार वाले आज लेकर गांव पहुंचे हैं। उसका यहां अंतिम संस्कार किया जाएगा। एएसपी विपुल श्रीवास्तव ने बताया कि 19 जून को पीड़िता के परिवार से तहरीर मिली थी। जिस पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। उसे केजीएमयू रेफर किया गया था जहां कल रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

## फरार चल रहे अभियुक्त की कराई गई मुनादी



**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** न्यायालय से लगातार फरार चल रहे अभियुक्त मनोज कुमार शुक्ला पुत्र राम बहादुर शुक्ला निवासी गोपी का पुरवा चौकी भरोसा थाना जयसिंहपुर जिला सुल्तानपुर के विरुद्ध न्यायालय सीएमएम कानपुर नगर के द्वारा किए गए आदेश के अनुपालन में धारा 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा मुनादी एसएसआई कोतवाली कानपुर नगर अजय सिंह के द्वारा 03/06/23 को की गई। ज्ञातव्य हो कि अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कानपुर नगर में मुकदमा अपराध संख्या 1 /2023 धारा 205/ 419/420/ 467 /468 471 /120 बी अभियोग पंजीकृत हुआ था। अब अभियुक्त के विरुद्ध धारा 83 सीआरपीसी के अन्तर्गत कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# पेट्रोल पंप लूटकांड का आरोपी कौशांबी मुठभेड़ में ढेर, 25 हजार का था इनामी

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर



कौशांबी मुठभेड़ में मारे गए बदमाश गुफरान ने सुल्तानपुर में पेट्रोल पंप पर लूट की थी। एसपी ने बताया कि लूटकांड का यह मुख्य सरगना था। चार मुलजिम पहले जेल जा चुके हैं। पुलिस को लंबे समय से इसकी तलाश थी।

बता दें कि 12 अप्रैल को कोतवाली नगर अंतर्गत अमहट चैराहे के पास महिंद्रा एजेंसी के निकट रात में पेट्रोल पंप पर लूटकांड की घटना अंजाम पाई थी। 50 हजार के लूटकांड से व्यापारी दहशत में थे। कर्मचारी मुकेश पांडे की तहरीर पर नगर कोतवाली में लूट का मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

इसमें अरबाज, शाहरुख निवासी आजाद नगर थाना दिलीपपुर जिला प्रतापगढ़ और इमरान निवासी गोपालपुर थाना दिलीपपुर जिला प्रतापगढ़ को कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस लगातार गुफरान पुत्र रिजवान निवासी आजाद नगर थाना दिलीपपुर जिला प्रतापगढ़ की तलाश करती रही थी। कौशांबी में हुई मुठभेड़ में गुफरान मारा गया है जिसके बाद सुल्तानपुर पुलिस ने राहत की सांस ली है। एसपी सोमेन वर्मा ने बताया कि लंबे समय से इसकी तलाश चल रही थी और डीआईजी की संस्तुति के आधार पर 25हजार का इनाम गुफरान पर घोषित किया गया था। एसपी सोमेन वर्मा ने बताया कि टीवी चैनलों के जरिए जानकारी मिली है कि गुफरान कौशांबी में हुए मुठभेड़ में मारा गया है। इस पर सुल्तानपुर पुलिस द्वारा 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। सुल्तानपुर में हुई लूट कांड के मामले में यह प्रमुख अभियुक्त और साजिश करता था। जिसकी लंबे समय से सुल्तानपुर पुलिस को तलाश थी।

## घर के सामने से पिकअप उठा ले गए चोर

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक किराना व्यापारी के घर के सामने से चोर पिकअप गाड़ी उठा ले गए। व्यवसाई जब सुबह उठा तो उसे घटना की जानकारी हुई। उसने पहले डायल 112 और फिर थाने पर घटना की शिकायत किया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। घटना जिले के गोसाईगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत स्थानीय कस्बे की है। कस्बा निवासी आलोक कुमार कसौधन ने बताया कि वे रोज की तरह पिकअप से मार्केट गए थे। रात को लौटे और पिकअप घर के सामने ही खड़ा किया। उन्होंने बताया कि रात 10 :30 बजे तक हम सब जाग रहे थे। तब तक पिकअप घर के बाहर ही खड़ी थी। लेकिन जब हम सुबह 5 :30 बजे उठे और टहलने के लिए घर से बाहर निकले तो पिकअप गायब थी। हमने आकर सीसीटीवी कैमरे में देखा तो रात 3 :30 बजे के आसपास चोर गाड़ी लेकर जाते दिखाई दे रहे हैं। तत्काल हमने इसकी सूचना डायल 112 को दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची जांच पड़ताल किया और लिखित सूचना थाने पर देने को कहा। हमने थाने पर अज्ञात के खिलाफ तहरीर दिया है।

# चरी के खेत में मिला युवक का अधजला शव

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

बलिया-लखनऊ राजमार्ग पर कादीपुर में एक खेत में युवक अधजला शव मिलने से सनसनी फैल गई है। शव किसका है और मृतक रहने वाला कहां का है अभी इसका पता नहीं चल सका है। स्थानीय कोतवाली की पुलिस घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर रही है।

मामला जिले के कादीपुर कोतवाली अंतर्गत दौलतपुर टेलीफोन एक्सचेंज के पास का है। जहां मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक चरी के खेत में अज्ञात युवक का शव अधजली अवस्था में पाया गया। स्थानीय लोगों ने जैसे ही शव को देखा तो गुहार लगाया जिस पर और लोग जमा हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना कोतवाली कादीपुर पुलिस को दिया। सूचना पर इंस्पेक्टर कादीपुर रवि सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम बुलाई गई जिसने मौके से साक्ष्य कलेक्ट किया।

इसके बाद पहचान के लिए शव को मर्च्युरी भेजा गया है। कोतवाल रवि सिंह ने बताया घटना स्थल पर मिले चप्पल व मृतक के पैंट से शव की शिनाख्त कराया जा रहा है। उधर ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह शव को जलाया गया है उससे शव कंकाल में बदल गया है। चेहरा आदि एकदम पहचान में नहीं आ रहा। जिससे प्रतीत हो रहा है कि युवक की हत्या कर शव को खेत में लाकर फेका गया है।

## लाइव देखा गया पीएम का 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम



जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

प्रधानमंत्री का 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम बल्दीराय मण्डल के बल्दीराय ब्लाक के मीटिंग हाल में एलईडी व अन्य डिजिटल माध्यमों से देखा गया। एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार व बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह की उपस्थिति व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहर के संयोजन में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम ब्लाक के मीटिंग हाल में स्क्रीन के माध्यम से लाइव देखा। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा भाजपा कार्यकर्ता के लिए देशहित सर्वोपरि होता है।

बूथ कार्यकर्ता भाजपा का जांबाज व कर्मठ सिपाही है। वह अन्य पार्टियों की तरह एअर कंडीशन में बैठकर नही बल्कि धूप छाव देखे बिना जमीन पर काम करता है और पार्टी चिन्ह कमल को मजबूत करता है। मंडल अध्यक्ष बल्दीराय मुकेश अग्रहरि ने आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ सत्य नारायण सिंह, मंडल प्रभारी राम नरायण उपाध्याय, आचार्य सूर्यभान पांड़े, मंडल महामंत्री दिलीप सिंह, अवधेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राजधर शुक्ल, सुनील सिंह, रोहित अग्रहरि, अवधेश पांडे, नौसाद अहमद, जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव, प्रधान जय प्रकाश मिश्र, जितेंद्र मिश्र, गोनू मिश्र, अनिल मिश्रा, श्रीनिवास शुक्ला, श्रीराम मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# दबंगों ने महिला की किया पिटाई न्याय के लिए भटक रही महिला

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



वर्दी के संरक्षण में कब्जेदारी का वीडियो सामने आया है। पुलिस को मैनेज करके दबंग दीवार खड़ी कर रहे हैं। पीड़िता विरोध कर रही है तो दबंग व उसके बेटे उसे पीट रहे हैं। ये मामला बल्दीराय थानाक्षेत्र के देल्ही बाजार चौकी अंतर्गत ग्राम पूरे भरसायीयन पुरवा का है।

जानकारी के अनुसार गांव के दबंग छंगू उर्फ दयालु राहुल, कृष्ण कांत पुत्र राम लखन और कुछ अन्य बाहरी लोग निर्माणाधीन स्थल पर महिला को बर्बरता से पीटते नजर आ रहे है। हद तब हो गई जब मौके पर पहुंचे चौकी के दो सिपाही मौजूद हैं और अवैध तरीके से हो रहे निर्माण को बढ़ावा देकर फिर से चले जाते है। इतना ही नहीं पीड़ित के अनुसार, मोटी रकम लेकर पहले पीड़िता के पति को घर से पुलिस उठा ले जाती है। उसके दबंग निर्माण कार्य जारी रखते है। पीड़िता तहरीर लेकर थाने गई और मुकदमा के लिए अनुनय विनय किया लेकिन मित्र पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा और ना ही मेडिकल कराया है। वहीं गांव के दबंग द्वारा अवैध निर्माण कार्य जारी रखे रहे। बताया जा रहा है कि जिस जमीन पर विवाद चल रहा उसका मुकदमा न्यायायल में विचाराधीन है। आपको बता दें कि सप्ताह भर पहले मामला धम्मौर थाना क्षेत्र के कस्बे में टीन शेड रखने को विवाद हुआ था। जिसमें दबंगों द्वारा की गई मारपीट में एक महिला घायल हुई थी। शनिवार को जब महिला की मौत तो गई तो गुस्साए लोगों ने सुल्तानपुर-रायबरेली राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन किया था। सभी मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे। इस पूरे मामले में पुलिस का रवैया ही वर्चस्व की वजह बना था।

# लंभुआ रेंज पर शुरू हुआ राज्य पक्षी सारस की गणना का कार्य



जन एक्सप्रेस। लंभुआ/सुलतानपुर

प्रभागीय वनाधिकारी आरके त्रिपाठी व उप प्रभागीय वनाधिकारी डीके सिंह के निर्देशन में लंभुआ रेंज पर राज्य पक्षी सारस की गणना का कार्य शुरू किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा स्वयंसेवी संस्थाएं, छात्र व छात्रएं तथा आम नागरिकों से आवाह्न करते हुए कहाकि राज्य पक्षी सारस गणना में सहभागी बनें।

डिप्टी रेंजर डीके यादव की अगुवाई में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तकशेरपुर, परसरामपुर स्थित तालाब पर वन विभाग कर्मियों, समाजसेवियों, ग्राम प्रधान व महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं संग पहुंचकर राज्य पक्षी सारस पक्षियों की गणना की गई। राज्य पक्षी सारस की संरक्षण व उनके रख-रखाव के लिए योगी सरकार विशेष अभियान चला रही है।

# आरक्षण के जनक थे छत्रपति शाहूजी महाराज : शिल्पी द्विवेदी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



अपना दल एस कार्यालय में छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाई गई, जिसमें महिला मंच प्रदेश सचिव शिल्पी द्विवेदी मुख्य अतिथि रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पटेल ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिल्पी द्विवेदी ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने समय में समाज में व्याप्त गैर बराबरी को समाप्त करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी, जिसके कारण आज हम सभी लोगों को संविधान द्वारा आरक्षण का लाभ प्राप्त हो रहा है। यह सोच उस समय पैदा हुई जब लोगों के अंदर कुरीतियां एवं छुआछूत ज्यादा मात्रा में फैला हुआ था छत्रपति शाहू महाराज इस देश के दबे कुचले समाज के मसीहा बनकर आए। डॉक्टर सोनेलाल पटेल की जन्म जयंती 2 जुलाई को लखनऊ में विस्तृत रूप से मनाई जाएगी अतः आप सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ लखनऊ चलना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र पटेल ने कहा कि सदर विधानसभा से गाड़ियों का काफिला एक साथ निकलेगा इसके बाद रैली में जनपद की अन्य विधानसभाओं से आने वाली गाड़ियां काफिले में मिलती चली जाएंगी। जिससे कि लखनऊ पहुंचने पर रायबरेली से भाग लेने वाले अलग ही नजर आए। कार्यक्रम में रामकिशुन पटेल, विक्रमादित्य पटेल, अतुल कुमार, एल सी कनौजिया सहित तमाम पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं की ली जानकारी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार के पाकशाला में बन्दियों को दिये जाने वाले बने खाने का भी अवलोकन किया गया। महिला कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला बंदियों के बच्चों को चिप्स, बिस्कुट आदि दिया तथा बन्दी महिलाओं से उनकी उपलब्ध कार्ड को देखा तथा जेल खाना व उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि जेल की व्यवस्थाओं को नियमानुसार दुरूस्त रखने के साथ ही महिला, पुरुष बंदी गृह एवं मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। सभी व्यवस्थाओं को जेल मैनुअल के अनुरूप सुनिश्चित रखें।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद गम्भीर : बसन्त सिंह बग्गा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के तमाम कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में व्यापार मण्डल के प्रान्तीय उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा के नेतृत्व में स्थानीय शहीद चैक में शान्तिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया। धरने के बाद व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च करते हुए एवं नारेबाजी करते हुए भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के माध्यम से भेजा। व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए 'प्रान्तीय उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा' ने कहा कि आनलाइन ट्रेडिंग भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद गम्भीर है। ऑनलाइन ट्रेडिंग से भारत के सात करोड़ व्यापारियों और उनके कर्मचारियों का जीवन अन्धकारमय हो रहा है। प्रान्तीय संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा फारेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट, ई-कामर्स तथा मॉर्डन ट्रेड को बढ़ावा देने से देश में डिस्ट्रीब्यूटर एवं ट्रेडर्स की समस्या काफी बढ़ गयी है। यदि केन्द्र सरकार ने समय रहते परम्परात खुदरा व्यापार को खत्म होने से नहीं रोका तो देश के छोटे-छोटे व्यापारी खत्म हो जायेंगे। नगर इकाई के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि केन्द्र की इस नीति ने किराना ग्रॉसरी व अन्य छोटे कारोबार को चौपट कर दिया है। कोविड काल के इस दौर में व्यापारियों को तो इस ट्रेड में सरवाइव कर पाना भी मुश्किल हो गया है, इससे डिस्ट्रीब्यूटर भी प्रभावित हुए हैं, उन्हें भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष युवा सत्यांशु दुबे ने कहा केन्द्र सरकार द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग को बढ़ावा देने एवं खुदरा व्यापार समाप्त करने की मंशा के कारण ही युवा वर्ग खुदरा व्यापार में आने से परहेज कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

जिला महामंत्री युवा अनुज त्रिवेदी ने कहा कि परम्परागत व्यापार की बदौलत हर साल देश में लाखों रोजगार का सृजन होता है, लेकिन मौजूदा हालातों के चलते डिस्ट्रीब्यूटर के लिए रोजगार दे पाना असम्भव हो गया है, जिससे देश में बेरोजगारी विकराल रूप ले रही है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 42°C | 29°C |
| कानपुर | 42°C | 28°C |
| देहरादून | 32°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 41°C | 29°C |

# यूपीएसएसएससी परीक्षा : कान में माइक्रो ब्लूटूथ लगाकर नकल

## एसटीएफ ने 4 शहरों से 14 सॉल्वर, 87 नकलची पकड़े; 8 से 12 लाख में हुई थी डील

जन एक्सप्रेस। लखनऊ







उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यानी यूपीएसएसएससी परीक्षा के पहले दिन सॉल्वर गैंग के 21 लोगों को एसटीएफ और पुलिस ने पकड़ा है। एसटीएफ ने लखनऊ, बरेली, गोरखपुर और कानपुर से ये गिरफ्तारी की है। ये सभी माइक्रो ब्लूटूथ डिवाइस की मदद से नकल कर रहे थे। इसके अलावा, प्रदेश के अलग-अलग शहरों से 99 नकलची भी पकड़े गए हैं। आज 87 पकड़े थे।

यूपीएसएसएससी की ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक की परीक्षा सोमवार को 20 जिलों में कुल 737 परीक्षा केंद्रों पर हुई। मंगलवार को परीक्षा दूसरा दिन है।

एसटीएफ एसएसपी विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि सॉल्वर गैंग के 4 सदस्य लखनऊ, गोरखपुर से 2 और कानपुर से 1 को पकड़ा गया। इसके अलावा, 7 सॉल्वर को पुलिस ने कानपुर से गिरफ्तार किया है। इनसे हुई पूछताछ में बरेली में भी सॉल्वर गैंग के सदस्यों की जानकारी मिली। दबिश देने पर 7 अन्य सॉल्वर को बरेली से पकड़ा गया। बरेली में यह सॉल्वर हाफिजगंज और रिठौरा सेंटर पर परीक्षा दे रहे थे। सॉल्वर दूसरे परीक्षार्थियों की जगह परीक्षा देने आए थे। इनके नेटवर्क का पता करने के लिए एसटीएफ इनसे पूछताछ कर रही है।

### लखनऊ में ब्लूटूथ लगा कर लेखपाल दे रहा था परीक्षा

लखनऊ में एसटीएफ ने 4 सॉल्वर को पकड़ा। इनमें एक का नाम कमलेश यादव है। वह लेखपाल की नौकरी करता है। आजमगढ़ में तैनात है। कमलेश ब्लूटूथ डिवाइस कान में लगाकर परीक्षा दे रहा था। उसको गोमतीनगर विस्तार के एक परीक्षा केंद्र से पकड़ा गया। इसके बाद एक चिमटी की मदद से उसके कान के अंदर से ब्लूटूथ डिवाइस निकाला गया। इसके अलावा, लखनऊ के मदेयगंज के एक केंद्र से सॉल्वर आजमगढ़ निवासी राहुल यादव को एग्जाम देते पकड़ा गया। वहीं, गाजीपुर के परीक्षा केंद्र सरस्वती इंटर कालेज से आजमगढ़ निवासी मनोज यादव समेत 2 अन्य सॉल्वर को पकड़ा गया। गोरखपुर में एसटीएफ ने नीना थापा इंटर कालेज के पास से अंबेडकरनगर में रहने वाले रितेश त्रिपाठी व दीपांशु वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। कानपुर के नौबस्ता स्थित परीक्षा केन्द्र एलवीएम इंटर कालेज से एसटीएफ ने सॉल्वर जौनपुर निवासी सत्यम तिवारी को माइक्रो ब्लूटूथ के साथ गिरफ्तार किया गया।

### ब्लूटूथ डिवाइस को कान के अंदर किया था सेट

एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि सॉल्वर गिरोह का कनेक्शन बिहार से भी है। इसने परीक्षा में माइक्रो ब्लूटूथ डिवाइस का प्रयोग किया। इस डिवाइस को कान के भीतर सेट कर दी गई। यही वजह है कि अभ्यर्थी आसानी से परीक्षा केंद्र के प्रवेश कर सके। एसटीएफ के मुताबिक, गैंग ने जिन-जिन अभ्यर्थियों से डील की थी। उनसे एडवांस रकम लेकर ये डिवाइस उपलब्ध कराई थी। किस तरह से डिवाइस कैसे एक्टिव होगी। उसका इस्तेमाल कैसे करना है। इसके लिए, बाकायदा कई दिन पहले ट्रेनिंग दी गई थी। एसटीएफ उनके बारे में भी जानकारी निकाल रही है, जिन्होंने सॉल्वर गैंग को यह डिवाइस बेची थी। हालांकि, इसके पहले भी कई परीक्षाओं में सॉल्वर इस तरह की ब्लूटूथ डिवाइस का इस्तेमाल करते हुए पकड़े गए थे।

### 8 से 12 लाख में हुई थी परीक्षार्थियों से डील

एसटीएफ पूछताछ में आजमगढ़ के मानपुर गांव में रहने वाले राहुल यादव ने बताया कि आजमगढ़ के सॉल्वर कमलेश से 8 लाख रुपए में सौदा हुआ था। शनिवार को उसने डिवाइस दी। गाजीपुर थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती कॉलेज से पकड़े गए मनोज यादव ने बताया कि उसे 12 लाख में परीक्षा पास कराने की डील हुई थी। सॉल्वर गिरोह का सरगना मुरादाबाद के नाजिम को माना जा रहा है। इसे बरेली से पकड़ा गया है। पूछताछ में उसने बताया कि परीक्षार्थियों को पास कराने के लिए बिहार से सॉल्वर लेकर आया था। परीक्षार्थी के स्थान पर सॉल्वर बैठाने के लिए एडमिट कार्ड पर फोटो मिक्सिंग कर एडमिट कार्ड एवं इसी तरह से आधार कार्ड भी बनाया था। हर अभ्यर्थी से 10-15 लाख रुपए नौकरी के बाद देने की बात तय हुई थी। नाजिम के साथ यूपी एसटीएफ ने बिहार, नालंदा के रहने वाले नीरज कुमार (सॉल्वर) और गया के रहने वाले संदीप कुमार (सॉल्वर), परीक्षार्थी मुरादाबाद निवासी जाबिर अली (परीक्षार्थी), मोहनिस (सरगना का मददगार), मुकेश कुमार (परीक्षार्थी/मीडिएटर) और उत्तराखंड निवासी कुलदीप को पकड़ा है।

### नकल करते पकड़े गए 99 मुन्नाभाई

इसके अलावा, पहली पाली में 12, दूसरी पाली में 87 परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया। ज्यादातर हाईटेक तकनीक यानी माइक्रो ब्लूटूथ से नकल करते हुए पकड़े गए हैं। इनमें से ज्यादातर का लिंक सॉल्वर गैंग से है। एसटीएफ इसकी जांच कर रही है। यह कान में माइक्रो ब्लूटूथ लगाकर बैठे हुए थे। जबकि आसपास बैठा गैंग का सॉल्वर सवाल का जवाब बताता जाता है। जिसे यह ओएमआर शीट में भरते रहते थे। एसटीएफ ने आजमगढ़ से 2, आगरा से 4, अलीगढ़ से 11, बांदा से 5, बरेली से 4, नोएडा से 3, गाजियाबाद से 14, गोरखपुर से 5, कानपुर नगर से 14, लखनऊ से 13, मेरठ से 3, मिर्जापुर से 4, मुरादाबाद से 2, प्रयागराज से 2, वाराणसी से 9 और अयोध्या, बस्ती, गोंडा से 1-1 सॉल्वर को पकड़ा है।

# पुरानी पेंशन को लेकर कर्मचारियों की हुंकार रैली

## लखनऊ में जुटे करीब एक लाख संयुक्त संगठन के कर्मचारी; बहाली ना हुई तो 2024 लोकसभा में करेंगे विरोध



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच तले कर्मचारियों की हुंकार रैली। लाखों की संख्या में हुंकार रैली में पहुंचे केंद्रीय और राज्य कर्मचारी । रैली में सभी विभागों के कर्मचारी सहित तमाम संगठन के लोग भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय संयोजक और एआरआर एफ महामंत्री शिव गोपाल मिश्र और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी के नेतृत्व में हुंकार रैली का आयोजन हुआ। चारबाग के रेलवे ग्राउंड में रैली। लाखों की संख्या में कर्मचारी पहुंचे। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ कर रहे नारेबाजी। प्रदर्शनकारी नेताओं का कहना पेंशन बहाल नहीं करती सरकार तो दिल्ली में सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी। भारत बंद का आह्वान किया जायेगा। सरकार के खिलाफ हल्ला बोल 2024 लोकसभा चुनाव में विरोध करने को कर्मचारी बाध्य होंगे।

नागरिक सुविधा दिवस में सुनवाई

# निस्तारण में देरी करने पर अधिकारी-कर्मियों पर होगी कार्रवाई : मंडलायुक्त

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



गोमती नगर स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय में मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मण्डलायुक्त, लखनऊ डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार व प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार गंगवार, अपर नगर आयुक्त समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आम जन मानस की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना गया तथा इनके निस्तारण के सम्बंध में सम्बंधित को दिशा-निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई के दौरान जानकीपुरम योजना के सेक्टर-एच में किसानों को आवंटित चबूतरों की रजिस्ट्री में विलम्ब के दो प्रकरण उजागर होने पर मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सम्बंधित प्रवर वर्ग सहायक महेन्द्र दीक्षित को प्रतिकूल प्रवृष्टि देने के निर्देश दिये।

इस क्रम में मंडलायुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि रजिस्ट्री के प्रकरणों में अनावश्यक रूप से विलम्ब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नागरिक सुविधा दिवस के दौरान रजिस्ट्री से सम्बंधित दो ऐसे प्रकरण सामने आए, जोकि कई महीनों से लंबित थे। इन मामलों में सचिव पवन कुमार गंगवार द्वारा त्वरित कार्यवाही निष्पादित करायी गयी, जिसके अंतर्गत सम्बंधित कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर सम्पत्तियों की कॉस्टिंग करायी गयी तथा रजिस्ट्री के लिए निर्देशित किया गया। लखनऊ विकास प्राधिकरण में आयोजित नागरिक सुविधा दिवस में पहुंचे आवंटियों की शिकायत पर मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने की कार्रवाई मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया गया कि लखनऊ महानगर के रहने वाले सामान्य जनों को दिन-प्रतिदिन जीवन से जुड़ी समस्याओं यथा बिजली, पानी, सड़क, भवन निर्माण, जल निकासी, यातायात, परिवहन एवं प्रदूषण आदि का सामना करना पड़ता है।

सरकार द्वारा समस्याओं के निराकरण के लिए संवेदनशीलता पूर्वक अनेक प्रबन्ध किये गये हैं और इन समस्याओं से संबंधित विभाग-समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत भी रहते हैं, लेकिन नगरीय क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कई कार्य इस प्रकार के होते हैं कि उसमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती है, जिसकी जानकारी जन सामान्य को नहीं हो पाती है।

एक से अधिक संस्थाओं के द्वारा कार्य किये जाने की स्थिति में कार्य के प्रति जबावदेही भी स्पष्ट रूप से तय करने में समस्या होती है, ऐसी स्थिति में नगरीय क्षेत्र की आधारभूत संरचना से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी निस्तारण बगैर अन्तर विभागीय समन्वय के किया जाना सम्भव नहीं हो पाता है। जिसके लिए हर माह के अंतिम मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेषकर एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं/विभागों की सहभागिता वाले प्रकरणों को संयुक्त टीम बना कर निस्तारण कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कहा कि नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन प्रभावी ढंग एवं उच्चकोटि की संवेदनशीलता के साथ शहरी क्षेत्र के नागरिकों की मूलभूति समस्या के सफल समाधान के दृष्टिगत किया जाये। उन्होंने कहा कि जन मानस को दिन-प्रतिदिन के जीवन यापन से जुड़ी हुई छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए कई-कई विभागों में चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे सरकार के प्रति सामान्य जन में एक नकारात्मक भाव उत्पन्न होता है। नागरिक सुविधा दिवस के माध्यम से हमारा प्रयास है कि लोगों को अपनी समस्याओं के लिए बार-बार चक्कर न काटने पड़े और एक बार मे ही उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि नागरिक सुविधा दिवस में कुल 80 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 11 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अवशेष प्रकरणों को सम्बंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रेषित किया गया है।

# प्रोफेसर आशीष वाखलू को राहत, लैपटॉप खरीदने के मामले में दर्ज हुई एफआईआर होगी रद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने केजीएमयू के प्रोफेसर आशीष वाखलू को बड़ी राहत देते हुए, चौक थाने में उनके खिलाफ धोखाधड़ी व गबन के आरोपों को लेकर दर्ज एफआईआर व विवेचना के उपरांत दाखिल की गई पुलिस रिपोर्ट को खारिज कर दिया हैं। न्यायालय ने एफआईआर को दुर्भावना से ग्रसित करार दिया। आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति सरोज यादव खंडपीठ ने प्रोफेसर आशीष वाखलू की याचिका पर पारित किया। याचिका में उनके खिलाफ चौक थाने में दर्ज एफआईआर को खारिज करने की मांग की गई थी। याची की ओर से कहा गया कि वर्ष 2015 में केजीएमयू में हुई 300 लैपटॉप की खरीद के मामले में उन पर वितीय अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए, उक्त एफआईआर दर्ज कराई गई।



### यह था पूरा मामला

याचिका में कहा गया कि मयाची आईटी सेल का सदस्य सचिव जरूर था लेकिन लैपटॉप की खरीद सरकारी नोडल एजेंसीज से वीसी व फाइनेंस ऑफिसर की मंजूरी के बाद सरकारी नोडल एजेंसीज से की गई थी। वहीं न्यायालय ने भी पाया कि सेल इनवॉइस चव्हरूके रजिस्ट्रार के नाम से बनी और भुगतान परीक्षा नियंत्रक प्रो. एके सिंह व सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. गिरीश चंद्रा द्वारा 31 मार्च 2016 को चेक के माध्यम से किया गया। न्यायालय ने सभी परिस्थितियों पर गौर करने के बाद स्न्ढ्ढक्रको खारिज करने का आदेश दिया। न्यायालय ने यह भी कहा कि अनुचित विवादों से बचने के लिए शिक्षा और प्रशासन दोनों में अनुशासन होना चाहिए।

# लखनऊ में उमस भरी गर्मी से मिलेगी राहत

## कल से तेज बारिश का अलर्ट, एक हफ्ते तक बरसात होने के आसार



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में मंगलवार सुबह से तेज धूप निकली है। उमस ने लोगों को परेशान कर रखा है। आज बारिश के आसार नहीं हैं। सोमवार की बात करें तो दोपहर में कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। 10-15 मिनट की बारिश ने उमस बढ़ा दी। 29 जून से लखनऊ सहित आसपास के जिलों में तेज बारिश होने की संभावना है। बारिश का यह सिलसिला एक सप्ताह रहने की उम्मीद है।

मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के पूर्वानुमान के अनुसार, मंगलवार को लखनऊ में आंशिक बदली रहेगी। एक-दो बार बूंदाबांदी हो सकती है। दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और रात का न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहने की उम्मीद है। लखनऊ और आसपास के जिलों में मंगलवार-बुधवार को बदली के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। बीच-बीच में धूप निकलेगी।

राजधानी लखनऊ में भी मानसूनी बरसात का समय अब नजदीक है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि 29 जून से लखनऊ सहित नजदीकी जनपदों में बरसात शुरू हो जाएगी। बरसात बहुत तेज तो नहीं होगी लेकिन रुक रुककर यह बरसात तीन से चार दिन तक जारी रहने की संभावना है। 27 जून से बादलों का घेरा बनना शुरू हो जाएगा। 27 और 28 जून को भी हल्की बरसात हो सकती है। इस बरसात के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

लखनऊ में उमस ने किया परेशान

लखनऊ में सोमवार को उमस भरी गर्मी ने परेशान किया। तापमान एक बार फिर से 36.5एष्ट तक पहुंच गया है। दो दिन की हल्की बरसात के बाद अब उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है। दिन में हुई भयंकर उमस से लखनऊ के लोग परेशान दिखे। रात को भी भयंकर गर्मी पड़ रही है। रात का पारा 28 डिग्री को पार कर गया है।

# संगीत नाटक एकेडमी में शुरू हुई मीडिया प्रशिक्षण कार्यशाला

## आयोजक रेडियो जयघोष और जिम्सी के बीच हुआ एमओयू, मंत्री जयवीर सिंह रहे मौजूद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



मंगलवार को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक एकेडमी में 7 दिवसीय मीडिया प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत हुई। ये कार्यशाला यूपी संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष और जिम्सी कानपुर द्वारा आयोजित हो रही है। कार्यशाला की शुरुआत यूपी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने की।

इस दौरान उनकी मौजूदगी में रेडियो जयघोष और जिम्सी के बीच एमओयू भी साइन किया गया। रेडियो, टीवी एंकरिंग और लेखन की 27 जून से 2 जुलाई तक आयोजित कार्यशाला के पहले दिन न्यूजट्रैक अपना भारत के संपादक योगेश मिश्र, आरजे करिश्मा, आरजे प्रतीक मेहरा और पत्रकार नवल कांत सिन्हा ने डिजिटल लिटरेसी पर बात की।

समारोह में संस्कृति विभाग के सहायक निदेशक और रेडियो जयघोष के नोडल अधिकारी, अमित अग्निहोत्री और जिम्सी कानपुर के निदेशक प्रो. (डॉ.) उपेन्द्र के बीच एमओयू साइन किया गया। इस दौरान भोपाल दूरदर्शन के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक, प्रभु झिंगरन की पुस्तक ÷मोबाइल पत्रकारिता÷ के दूसरे संस्करण का विमोचन भी हुआ।

समारोह में चीफ गेस्ट जयवीर सिंह ने कहा कि एमओयू से नई पीढ़ी के लिए रोजगार और प्रशिक्षण के नए अवसर जरूर पैदा होंगे। आगे उन्होंने अपने संबोधन में कहा- ÷केन्द्र और राज्य की सरकारें, भारतीय संस्कृति के संरक्षण में भरपूर योगदान दे रही हैं। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग भी विभिन्न माध्यमों से संस्कृति का प्रचार प्रसार कर रहा है। भारत ने सपना संजोया है कि साल 2047 में जब हम भारत की आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएंगे। तब भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो। उस सपने को साकार करने में हर नागरिक को अपना योगदान ईमानदारी के साथ देना होगा। इस दिशा में पत्रकारिता की अहम भूमिका अदा कर सकती है÷।

आयोजन में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक एकेडमी के निदेशक तरुण राज, पर्यटन सलाहकार जे.पी.सिंह, रेडियो जयघोष के को ऑर्डिनेटर डॉ.दुर्गेश पाठक, संस्कृति विभाग की सहायक निदेशक रीनू रंगभारती, तुहिन द्विवेदी समेत अन्य मौजूद रहे। इस मौके पर सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह के तौर पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम की छवि और तुलसी का पौधा, भेंट किया गया।

# पार्षद अब वार्ड में डेढ़ करोड़ से करा सकेंगे विकास कार्य

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ शहर की नई सरकार की पहली कार्यकारिणी बैठक में वार्डों के विकास के लिए पार्षद कोटा बढ़ा दिया गया। अब हर वार्ड के विकास कार्य पर डेढ़ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले यह राशि 1.25 करोड़ रुपये थी। बैठक में महापौर का कोटा 17 करोड़ से बढ़ाकर 30 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसी तरह नगर आयुक्त का कोटा 15 करोड़ से बढ़कर 25 करोड़ रुपये हो गया है। बैठक में प्रस्तावों पर चर्चा से पहले भाजपा के गिरीश गुप्ता को कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुना गया।

10 लाख रुपये तक के विकास कार्यों के टेंडर भी अब मैनुअल कराए जाएंगे। अभी तक 10 लाख से नीचे के कामों के भी ई-टेंडर होते थे। दो साल पहले 3000 सफाई कर्मचारी कम किए गए थे, जिन्हें फिर से लगाने का प्रस्ताव भी कार्यकारिणी ने पास कर दिया है।

पार्षदों का कोटा 25 लाख रुपये बढ़ने से वार्डों के विकास कार्यों को गति मिलेगी। नाली-खड़ंजा के अलावा पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सड़क आदि के ज्यादा काम कराए जा सकेंगे। वहीं महापौर का बजट भी बढ़ाया गया है, जिससे शहर में जरूरत के मुताबिक विकास कार्य कराए जा सकेंगे।

वहीं यातायात के सुगम प्रबंधन के लिए डीएम की अध्यक्षता में टेम्पो-टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा संयुक्त मोर्चा, लखनऊ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 18 मई को बैठक हुई थी। इसमें लिए गए निर्णय के अनुसार नगरीय क्षेत्रों में 45 ठहराव स्थल बनाए जाने हैं। वहीं 27 पिक एंड ड्रॉप स्थल बनाए जाने हैं। अधिशासी अभियंता (ट्रैफिक) के इस प्रस्ताव पर उप समिति बनाने का फैसला हुआ। उप समिति में तीन पार्षद व नगर निगम, यातायात और आरटीओ के एक-एक अधिकारी होंगे।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# झुकती है दुनिया, बस झुकाने वाला चाहिए

**अब तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया की एक ऐसी लोकप्रिय शख्सियत बन चुके जिनके आटोग्राफ खुद राष्ट्राध्यक्ष लेने लगे हैं। किसी पूर्वाग्रह के देखा जाए तो मोदी राज में भारत को प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशेष तरजीह मिल रही है। ऐसी धाक आज तक नहीं रही। यह उसी धाक का कमाल है कि आज मोदी सरकार की विदेश नीति की चर्चा हम देशवासियों के साथ पूरी दुनिया भी कर रही है। सभी को लगने लगा है कि मोदी के सुपर पावर इंडिया का मिशन अब पूर्ण नियंत्रण के साथ उचित रफ्तार में है। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेशी दौरों के दौरान समय-समय पर अपनी कुशल कारगर रणनीति व दमदार कार्यशैली के दम पर बार-बार यह साबित किया है-झुकती है दुनिया, बस झुकाने वाला चाहिए।**

*आज का भारत अपनी जाति, धर्म, बोली, पानी, मौसम और जैव विविधता को एक सूत्र में पिरोकर दुनिया में विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। वह जल्द ही विकसित देश बनेगा। इक्कीसवीं सदी में हर देशभक्त भारतवासी की आंखों में एक सपना बसा हुआ है कि कैसे भारत सुपर पावर बने, जिसके सम्मान में हर देश नतमस्तक हो। हालांकि देशवासियों के इस सपने को साकार करने के लिए सरकारें प्रयास कर रही हैं। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद लोगों को लगने लगा है कि उनका सपना हर हाल में पूरा होगा। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं की लंबी फेहरिस्त और उपलब्धियों को देखें तो उनकी हर यात्रा पर सुपर पावर इंडिया के मिशन की स्पष्ट छाप नजर आती है। अधिकांश लोगों के मतानुसार उनके सुपर पावर इंडिया के सपने की उम्मीद को धरातल पर साकार करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोलह-आने खरे साबित हुए हैं। उन्होंने विदेशी धरती पर भारत की धाक जमाई है। पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ठोस रणनीति के चलते भारत का डंका पूरी दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में बज रहा है। आज विदेशी जमीं पर भी देशवासी गर्व से अपने आपको भारतीय बता रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के राज में आज भारत की छवि दुनिया में मजबूत हुई है। यह आलम है कि कोई भी देश भारत की आज किसी भी क्षेत्र में अनदेखी करने का दुस्साहस नहीं कर सकता है। भारत ने कृषि, उद्योग, व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा, तकनीक, रिसर्च, रक्षा, आईटी, अंतरिक्ष आदि के क्षेत्र में कार्य करते हुए जल-थल व नभ से जुड़े क्षेत्रों में अपनी एक विशिष्ट पहचान पूरी दुनिया में बनाई है। यह %सुपर पावर इंडिया% मिशन के दृष्टिकोण से बड़ा संकेत है। दुनिया में भारत की यह सुदृढ़ स्थिति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज की बहुत बड़ी उपलब्धि है। वैश्विक मंचों पर भारत और भारतवासियों की धाक बढ़ रही है। भारतीय प्रतिनिधि दुनिया के विभिन्न मंचों पर तथ्यात्मक बात करते हुए शेर की तरह दहाड़ते हैं। पूरी दुनिया उनको ध्यान से सुनती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा इस मिशन के लिए माइल स्टोन से कम नहीं है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुए अहम समझौतों से बड़ा फलक तैयार हुआ है। मोदी दो अवसरों पर अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले पहले भारतीय राजनेता बन गए हैं। उनके संबोधन के दौरान अमेरिका के सांसदों का बार-बार खड़े होकर ताली बजाना ऐतिहासिक पल है। अब तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया की एक ऐसी लोकप्रिय शख्सियत बन चुके जिनके आटोग्राफ खुद राष्ट्राध्यक्ष लेने लगे हैं। किसी पूर्वाग्रह के देखा जाए तो मोदी राज में भारत को प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशेष तरजीह मिल रही है। ऐसी धाक आज तक नहीं रही। यह उसी धाक का कमाल है कि आज मोदी सरकार की विदेश नीति की चर्चा हम देशवासियों के साथ पूरी दुनिया भी कर रही है। सभी को लगने लगा है कि मोदी के सुपर पावर इंडिया का मिशन अब पूर्ण नियंत्रण के साथ उचित रफ्तार में है। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेशी दौरों के दौरान समय-समय पर अपनी कुशल कारगर रणनीति व दमदार कार्यशैली के दम पर बार-बार यह साबित किया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**क्या कारण है कि जन्मभूमि को जननी समझने वाला भारतवासी आज अपनी समृद्धि को भोगने या अपनी प्रतिभा का विदेश की चकाचौंध भरी धरती पर उपयोग करने और उन्हें लाभ पहुंचाने विदेश की ओर भागता है और वहां जाकर सम्पन्न एवं भोगवादी जीवन जीने लगता है? और यह भी नहीं कि बाहर जाने वाला हर व्यक्ति दक्ष होता है। क्या कारण है कि शस्य श्यामला भारत भूमि पर अपनी समृद्धि से विकास के नये क्षितिज उद्घाटित करने या अपनी प्रतिभा से देश को लाभान्वित करने की बजाय विदेश की धरती को लाभ पहुंचाते हैं। कारणों की लम्बी फहरिस्त में मूल है देश में अशांति, आतंक, जटिल कर-कानून व्यवस्था और हिंसा का ताण्डव होना? कारण है, शासन, सत्ता, संग्रह और पद के मद में चूर यह तीसरा राजनीतिक आदमी, जिसने जनतंत्र द्वारा प्राप्त अधिकारों का दुरुपयोग किया।**

# नये भारत में भी प्रतिभा पलायन का जारी रहना चिंता की बात



ललित गर्ग

**भारत विशेष रूप से यूरोपीय देशों के लिए प्रतिभाशाली और कुशल मानव संसाधनों का आपूर्तिकर्ता बन गया है। कई देश, इंजीनियरों, डॉक्टरों और संचार की भाषा के रूप में अंग्रेजी के साथ अन्य प्रमुख सेवा प्रदाताओं के रूप में भारतीयों की आंतरिक प्रतिभा से अवगत हैं, उनके लिए तेजी से अपने दरवाजे खोल रहे हैं।**

धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। ऐसे क्या कारण हैं कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन-मंथन का कारण बनना चाहिए। हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, अनुमानित 6,500 हाई- नेट-वर्थ इंडिविजुअल्स (एचएनआई) के 2023 में भारत से बाहर जाने की संभावना है, पिछले वर्ष की तुलना में यह करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहें। रिपोर्ट के अनुसार, उच्च निवल मूल्य वाली व्यक्तिगत आबादी के 2031 तक 80 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान है, जो इस अवधि के दौरान भारत को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते धन बाजारों में से एक के रूप में स्थापित करता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से देश के भीतर संपन्न वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों द्वारा संचालित होगी। इसमें समृद्ध व्यक्तियों के भारत लौटने की प्रवृत्ति को भी देखा जा रहा है, और जैसे-जैसे जीवन स्तर में सुधार जारी है, यह अधिक संख्या में धनवान व्यक्तियों के भारत वापस आने का अनुमान लगाता है। लेकिन प्रश्न है कि भारत के करोड़पति आखिर नये बनते भारत एवं उसकी चिकित्सा, शिक्षा, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक उज्ज्वलता के बावजूद क्यों विदेश जा रहे हैं? वैसे तो यह हर किसी का व्यक्तिगत अधिकार और चाहत हो सकती है कि वह कहां बसना और कैसी जीवनशैली चाहता है? लेकिन हाई नेटवर्थ वाले (अति समृद्ध) हमारे देशवासियों के देश छोड़ कर कहीं और बसने की तैयारी की ताजा रिपोर्ट बहुत कुछ कहती है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है। संतोष इस बात पर किया जा सकता है कि



**कृषि प्रधान देश को कुर्सी-प्रधान देश में बदल दिया है। सरकारें हैं-प्रशासन नहीं। कानून है, न्याय नहीं। साधन हैं-अवसर नहीं। भ्रष्टाचार की भीड़ में राष्ट्रीय चरित्र खो गया है। उसे खोजना बहुत कठिन काम है। बड़े त्याग और सहिष्णुता की जरूरत है।**

ऐसा कदम उठाने वाले इन अति समृद्धशालियों की संख्या पिछले साल की तुलना में लगभग एक हजार कम है। लेकिन यह संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। भारत के दृष्टिकोण से इस तथ्य का विश्लेषण ज्यादा जरूरी हो जाता है। जानना यह भी जरूरी है कि बचपन से जवानी तक का एक-एक पल देश में गुजारने और यहीं अमीर बनने का सफर तय करने के बाद देश से मोह भंग होने के कारण आखिर क्या हो सकते हैं? उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दर्शाता है। बड़ा सवाल यह भी उठना स्वाभाविक है कि आखिर क्या कमी है हमारे यहां? यह बात सही है कि गांव से कस्बे, कस्बे से शहर और शहरों से महानगरों में जाकर बसने की मानवीय प्रवृत्ति होती है। इसे विकास से भी जोड़ा जा सकता है। लेकिन जब यह दौड़ बहुत ज्यादा होने लगे और लोग अपनी जड़ें ही छोड़ने को आकुल दिखें तो सोचना जरूरी हो जाता है। मुम्बई, दिल्ली, बेंगलूरु जैसे महानगर दुनिया के दूसरे महानगरों को टक्कर देने वाले हैं। फिर भी अगर ये भारतीय विदेशी महानगरों को ही चुन रहे हैं, तो तमाम पहलुओं पर विचार भी करना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है कि यह दौड़ भारतीय महानगरों से विदेशी महानगरों की तरफ ही है। विदेश में बसने की यह दौड़ ऐसे समय देखने को मिल रही है जब देश में विकास के नये कीतिमान स्थापित हो रहे हैं, जीवनशैली उन्नत एवं सुविधापूर्ण होती जा रही है, व्यापार एवं व्यवसाय की संभावनाओं को पंख लग रहे हैं। भारत दुनिया में साख एवं धाक जमा रहा है। दुनिया की नजरें भारत पर लगी हैं और यहां अनंत संभावनाओं को देखते हुए विदेशी भारत आ रहे हैं। फिर भारतीय विदेशों की ओर क्यों जा रहे हैं। अपने देश से ही पाने और मौका पड़ने पर देश को लौटाने की परिपाटी बरसों से है। सिर्फ क्वालिटी लाइफ को ही पलायन की वजह नहीं माना जा सकता। उन कारणों की तलाश भी करनी जरूरी है जिसकी वजह से लोग देश को छोड़कर कहीं ओर बसना चाहते हैं। सुरक्षित माहौल, अनुकूल कर ढांचा, सरल प्रशासनिक व्यवस्था, निवेश का माहौल, रोजगार, शिक्षा व चिकित्सा जैसी सुविधाओं की तरफ भी ध्यान देना होगा ताकि पलायन की इस प्रवृत्ति की रोकथाम हो सके। बात केवल करोड़पतियों की ही नहीं है, बल्कि भारत की प्रतिभाओं की भी है। उच्च शिक्षित प्रतिभाओं को भारत में उचित प्रोत्साहन एवं परिवेश न मिलने से वे भी विदेशों की ओर पलायन करती है। विदेशों में काम करने वाले भारतीय उच्च शिक्षित हैं और आमतौर पर उन्हें भारत में उपयुक्त करियर नहीं मिला। सिंगापुर जैसे देशों ने भारतीयों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। इसके अलावा, स्कैंडिनेवियाई देश हैं, जिन्होंने आप्रवासन नियमों में ढील दी है, जिससे भारतीयों के लिए वहां जाना आसान हो गया है। सबसे बढ़कर, भारतीय आईटी पेशेवरों की अमेरिका में अत्यधिक मांग है। वैज्ञानिक और तकनीकी प्रवृत्ति पर आधारित विश्व स्तर पर ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था ने प्रतिभाशाली कर्मियों की बढ़ती मांग को जन्म दिया है।

## एक्सप्रेस कविता

*परछाइयों में तेरी रंग मिलाता हूं,
तेरे एहसासों के संग बहा जाता हूं।
तेरा एहसास बडा इंद्रधनुषी जानम,,
तेरे ख्यालो में ही जिया जाता हूँ।।
तेरे सांसों की खुशबू से इतर,
कोई और खुशबू नहीं ले पाता हूं ।.*

*न जाने कितने गुलशनों में भटका,
हसीन तुझसा फूल नहीं चुन पाता हूं।
महकती आ जाओ कभी मेरी तरफ,
सारी रतिया आंखों में ही गुजार जाता हूं।
तेरी खुशबू से तरबतर अभी तक हूं,
उसके एहसास से ही शर्मा जाता हूं।।
बंदीशें तो तुझ पर भी है बहुत, संजीव,
हवाओं में ही तेरे नाम पैगाम लिख जाता हूं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*सपने और लक्ष्य में एक ही अंतर है। सपने के लिए बिना मेहनत की नींद चाहिए और लक्ष्य के लिए बिना नींद की मेहनत।*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 27:16 तक |
| नक्षत्र: | चित्रा 15:49 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | बुधवार |
| योग: | शिव, 29:07 |
| सूर्योदय: | 06:07 |
| सूर्यास्त: | 19:15 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 12:41-14:20 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### आ गया बदलाव !

*सादगी से आए थे ।
करने को वो काम ।।
लेकिन ऐसी छवि ।
हो रही नाकाम ।।
ताने और व्यंग्य का ।
आ गया अब दौर ।।
पड़ रहा ना फर्क पर ।
शांत हैं सिरमौर ।।
कथनी और करनी में ।
आ गया बदलाव ।।
लोकतंत्र को इससे पर ।
नहीं है मिलता घाव ।।
दोहरा मापदंड है ।
सब गद्दी का खेल ।।
हो रहा सब उल्टा ।
ना खाता कुछ मेल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हार्मोन असंतुलित होने पर डाइट में शामिल करें फूड्स




**हार्मोन्स** को संतुलित रहना स्वस्थ जीवन के लिए बहुत जरुरी होता है। हार्मोन हमारे शरीर में बनने वाले एक तरह का केमिकल है जो खून के माध्यम से शरीर के अंगो में पहुंचता है। हार्मोन इम्बैलेंस की वजह से शरीर में कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। हार्मोन इम्बैलेंस होने पर तनाव, नींद की कमी, खराब पाचन-तंत्र और मूड स्विंग्स जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। हार्मोन इम्बैलेंस के कई कारण हो सकते हैं जैसे खराब जीवनशैली, स्वस्थ आहार का सेवन न करना और फिजिकल एक्टिविटी कम होना। कई बार हार्मोन इम्बैलेंस की गड़बड़ी को कई लोग टालते रहते हैं। जिससे बाद में कई तरह की समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। हार्मोन को संतुलन करने के लिए डाइट में कुछ फूड्स को शामिल किया जा सकता हैं। यह फूड्स हॉर्मोन को संतुलित करने के साथ शरीर की इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं। हार्मोनल संतुलन रहने पर व्यक्ति मानसिक तौर पर मजबूत होता है और थकान भी दूर होती है।

**अलसी के बीज:** अलसी के बीज शरीर के लिए बहुत हेल्दी होते हैं। इसमें सोडियम, फाइबर, पोटेशियम, आयरन और विटामिन सी पाए जाते हैं। इसमें मौजूद ओमेगा-3 और ओमेगा-6 हार्मोन को संतुलित करते हैं और शरीर को स्वस्थ रखते हैं। अलसी के बीज को सलाद, दही के साथ आसानी से खाया जा सकते हैं।

**हरी सब्जियां:** हरी सब्जियां शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं। इनको डाइट में शामिल करने से शरीर की कमजोरी दूर होने के साथ इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। हरी सब्जियां में सोडियम, फाइबर, पोटेशियम, आयरन, प्रोटीन, विटामिन बी6 और विटामिन सी पाए जाते हैं। इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स हार्मोन्स को संतुलित करते हैं और शरीर को ताकत भी देते हैं।

**हल्दी:** हल्दी शरीर की कई समस्याओं को आसानी से दूर करती हैं। हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण पाए जाते हैं। इसके सेवन से हार्मोन्स संतुलित होने के साथ महिलाओं में होने वाली पीसीओएस की समस्या भी कम होती है। यह शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाकर हार्मोन्स को संतुलित करती हैं।

**सूरजमुखी के बीज:** सूरजमुखी के बीज शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। इसमें सोडियम, फाइबर, पोटेशियम, आयरन, प्रोटीन, विटामिन बी6 और विटामिन सी पाए जाते हैं। इसके सेवन से हार्मोन संतुलित होने के साथ पाचन-तंत्र भी मजबूत रहता हैं। इसके सेवन से वजन कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

**एवोकाडो:** एवोकाडो के सेवन से हार्मोन्स को बैलेंस किया जा सकता है। एवोकाडो में सोडियम, फाइबर, पोटेशियम, कैल्शियम, आयरन और प्रोटीन पाया जाता हैं। इसके सेवन से पाचन-तंत्र से जुड़ी समस्याएं दूर होने के साथ हार्ट भी हेल्दी रहता हैं। अगर आप भी हार्मोन इम्बैलेंस का सामना कर रहे हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# सुदृढ़ हुए भारत-अमेरिका संबंध



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**मोदी ने एप्लाइड के प्रेसिडेंट और सीईओ गैरी ई डिकर्सन से मुलाकात की और उनकी कंपनी को भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को मजबूत करने और प्रक्रिया प्रौद्योगिकी और उन्नत पैकेजिंग क्षमताओं को विकसित करने में योगदान देने के लिए आमंत्रित किया।**

**समय** बलवान होता है। एक समय था जब भारत के ही कई सांसदों ने नरेन्द्र मोदी को वीजा न देने का अमेरिका से लिखित निवेदन किया था। एक समय यह है जब मोदी के नेतृत्व में अमेरिका और भारत के रिश्ते सर्वाधिक बुलंद हुए हैं। मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा से यह तथ्य एक बार फिर प्रमाणित हुआ। यहां नरेन्द्र मोदी का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। न्यूयॉर्क से लेकर वाशिंगटन और व्हाइट हाउस तक मोदी-मोदी की गूंज हुई। अमेरिका से साथ मजबूत रिश्तों की शुरुआत नरेन्द्र मोदी के पहले कार्यकाल में हो चुकी थी। उस समय बराक ओबामा अमेरिका के राष्ट्रपति थे। उन्होंने कतिपय भारतीय सांसदों की मोदी को वीजा न देने की अपील वाली चिट्ठी रद्दी की टोकरी में फेंक दी थी। उन्होंने स्वयं नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया। मोदी के लिए अमेरिका में रेड कार्पेट बिछाई गई। बराक भी भारत आए और इस तरह सामरिक व व्यापारिक साझेदारी आगे बढ़ी। बराक के जिन चुनिंदा विश्व नेताओं से अति घनिष्ठ संबंध थे, उनमें नरेन्द्र मोदी शीर्ष पर रहे हैं। बराक की यह परम्परा उनके उत्तराधिकारी डोनाल्ड ट्रम्प ने भी आगे बढ़ाई। उनके कार्यकाल में भी दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए।नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत की भूमिका का विस्तार हुआ। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में

**राजकीय यात्रा पर आने वाले मेहमान का अमेरिकी राष्ट्रपति खुद स्वागत करते हैं। अमेरिकी राजकीय यात्रा पर जाने वाले नेता को इक्कीस तोपों की सलामी दी जाती है। राजकीय यात्रा पर आने वाले नेता का भव्य स्वागत किया जाता है। यात्रा पर आने वाला सारा खर्च अमेरिका उठाता है। राजकीय यात्रा पर जाने वाले नेता अमेरिकी राष्ट्रपति और प्रथम महिला के साथ डिनर करते हैं।**

भारत का महत्व बढ़ा है। इसको भी बाइडेन समझते हैं। नरेन्द्र मोदी और निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच बेहतर आपसी समझ थी। उस दौर में दोनों देश के बीच साझेदारी का विस्तार हुआ था। उनके उत्तराधिकारी जो बाइडेन के दृष्टिकोण को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी। कहा गया कि वह अनेक मुद्दों पर भारत का विरोध कर चुके है। लेकिन यह उस समय की बात है जब वह राष्ट्रपति नहीं बने थे। राष्ट्रपति बनने के बाद उनका निजी रुख ही महत्वपूर्ण नहीं रह जाता। बल्कि अमेरिकी अवाम का रुख देखना भी राष्ट्रपति के लिए अपरिहार्य हो जाता है। अमेरिका के लोग भी आतंकवाद के विरोधी हैं। इस पर नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट रुख वहां चर्चा में रहता है। आमजन इससे प्रभावित है। इसके अलावा भारत व अमेरिका की आर्थिक व्यापारिक सामरिक साझेदारी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास बढ़ा है। सहयोग का नया अध्याय शुरू हुआ है। नेतृत्व के आधार पर विदेश नीति का प्रभाव निर्धारित होता है। देश वही रहता है, लेकिन नेतृत्व बदलते ही अंतरराष्ट्रीय जगत में उसकी भूमिका में बदलाव आ जाता है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय विदेश नीति का प्रभाव बढ़ा है। व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच आमने-सामने की बैठक हुई। बैठक के बाद उन्होंने ड्रोन, जेट इंजन और स्पेस समेत कई समझौतों का ऐलान किया। भारत ने आर्टेमिस समझौते में शामिल होने का फैसला किया है। यह समान विचारधारा वाले देशों को नागरिक अंतरिक्ष खोज के मुद्दे पर एक साथ लाता है। नासा व इसरो 2024 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक संयुक्त मिशन पर सहमत हुए हैं। मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ने जनरल एटॉमिक्स एमक्यू-9 रीपर सशस्त्र ड्रोन की खरीद पर एक मेगा सौदे की घोषणा की। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसकी तैनाती हिंद महासागर, चीनी सीमा के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। अमेरिका और भारत के बीच जेट इंजन के सह-उत्पादन पर भी समझौता हुआ है। दोनों देशों ने भारत में एफ 414 जेट इंजन का साझा उत्पादन करने के जनरल इलेक्ट्रिक के प्रस्ताव का स्वागत किया। जीई और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एक समझौते पर करार किया है। यह भारत में एफ 414 इंजन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और इससे अमेरिकी जेट इंजन प्रौद्योगिकी का पहले से कहीं अधिक हस्तांतरण (टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) हो सकेगा। कंप्यूटर चिप बनाने वाली कंपनी माइक्रोन गुजरात में अपना सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र स्थापित करेगी, जिस पर कुल 2175 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इसको लेकर भी दोनों देशों की बीच समझौता हुआ है। अमेरिका बेंगलुरु और अहमदाबाद में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा। भारत लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सिएटल में एक मिशन स्थापित करेगा। भारत की राजधानी में अमेरिका का दूतावास दुनिया के सबसे बड़े अमेरिकी राजनयिक मिशनों में से एक है। यह दूतावास मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और हैदराबाद में चार वाणिज्य दूतावासों की गतिविधियों का समन्वय करता है। मोदी पहली बार राजकीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे। इस यात्रा के लिए खुद अमेरिकी राष्ट्रपति मेहमान नेता को आमंत्रित करते हैं।

# जमीनी विवाद : भतीजे ने चाचा को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस। सिदाकत मंसूरी खय्याम चौधरी



**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद में भतीजे ने अपने चाचा को घर के दरवाजे पर ताबड़तोड़ गोलियां चला कर लहूलुहान कर दिया। आनन-फानन में भाई ने अपने भाई को इलाज के लिए प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से आला कत्ल बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

पसगवां कोतवाली के बरबर चौकी क्षेत्र के गांव चुरहा खुर्रम नगर में मंगलवार को दो भाइयों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर उपजे विवाद में खुन्नस खाए नितिन वर्मा ने अपने चाचा सुभाष वर्मा 48 वर्ष पुत्र भंवरलाल लाल वर्मा द्वारा ट्रैक्टर की चाबी मांगने पर गाली गलौज करते हुए सुबह 9 बजे करीब मकान के दरवाजे पर तमंचा से ताबड़तोड़ गोलियों की बौछार कर दी ।जिसमें 2 गोलियां चाचा के सीने में जा धसीं । जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। फायर की आवाज सुनकर आरोपी के पिता दौड़ कर पहुंचे जहां उन्होंने घायल पड़े अपने भाई को आनन-फानन में इलाज के लिए प्राइवेट वाहन से ले जाकर मोहम्मदी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों की टीम ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही निरीक्षक निर्भय सिंह चौकी प्रभारी नवीन द्विवेदी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आला कत्ल 12 बोर देसी तमंचा एक खोखा कारतूस मौके से बरामद कर लिया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसकी पत्नी विनोदिनी वर्मा की नामजद तहरीर पर नितिन वर्मा पुत्र अरविंद वर्मा के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी, 2 पुत्र हैपिन वर्मा और अभिषेक वर्मा को रोता भी लगता छोड़ गए। मृतक के दोनों पुत्र कानपुर में रहकर एक एम सी ए की पढ़ाई कर रहा है। दूसरा नीट की तैयारी कर रहा है। जहां 1 पुत्र को बुधवार को होने वाली परीक्षा में शामिल होने के चलते घटना की जानकारी नहीं दी गई है। जबकि दूसरा पुत्र सूचना मिलते ही घर वापस लौट रहा है। मृतक ने अपने दोनों पुत्रों को 2 दिन पहले घर से भेजा था।

उधर समय की विडंबना देखें अरविंद वर्मा अपने छोटे भाई सुभाष वर्मा का पोस्टमार्टम करा रहा है उसी का पुत्र उसके भाई का हत्यारा है। जो घटना को अंजाम देकर फरार हो गया है।

# चौकी इंचार्ज को फूल मालाओं से लाद कर दी गई विदाई



जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** अलीगंज चौकी इंचार्ज सतीशचंद्र यादव का अमीरनगर ट्रांसफर होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस चौकी पर हुए विदाई समारोह में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, ग्राम प्रधानों ने उन्हें फूल माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर, शाल ओढ़ाकर विदाई दी। चौकी इंचार्ज सतीश चंद यादव ने कहा कि उनका 21 महीने का कार्यकाल ग्रामीणों के सहयोग से काफी अच्छा रहा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही। उन्होंने स्टाफ को रहने की दिक्कत को देखते हुए दो बड़े कमरे बनवाए। जिनका एसपी से उद्घाटन कराया। चौकी में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए तमाम प्रजातियों के पौधों का रोपण कराया। विदाई समारोह में आए लोगों ने चौकी इंचार्ज के कार्य एवं व्यवहार की प्रशंसा की। विदाई समारोह में पूर्व प्रधान वीरेंद्रपाल सिंह, अनंतदेव अवस्थी, सुरेश तिवारी, अंकित अवस्थी, रामआसरे वर्मा, दिनेश गुप्ता, सुरेश तिवारी, अंकित अवस्थी, दुर्गेश तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, अवधेश कुमार सहित चौकी का स्टाफ मौजूद रहा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बच्चों ने किया खेल-कूद व गोष्ठी का आयोजन



जन एक्सप्रेस/सीतापुर। विश्व मादक पदार्थ विरोधी दिवस के अवसर पर शक्ति साधना संस्थान तरीनपुर सीतापुर के तत्वाधान में नशीले पदार्थों के सेवन के विरोध में जन जागृति लाने हेतु प्रिया डे पब्लिक इंटर कॉलेज रामकोट में कक्षा 6-12 तक के बच्चों की खेल-कूद प्रतियोगिता एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा व नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक नीरज दीक्षित द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। गोष्ठी में उपस्थित वरिष्ठ कवि एवं प्रधानाचार्य अरुणेश मिश्र ने मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसानों के बारे में अवगत कराया व स्वरचित कविता सुना कर मन मोह लिया। जिला अध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि युवा वर्ग में नशा व्याप्त होने के विभिन्न कारक हैं किंतु दृढ़ इच्छाशक्ति से युवा नशे से दूर रहकर अपनी दिशा व दशा दोनों बदल सकते हैं। नगर विकास मंत्री राकेश राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के अभिभावकों को विशेष ध्यान देने व संवाद बनाए रखने से बच्चों को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रखा जा सकता है क्योंकि नशीले पदार्थों का सेवन करने से व्यक्ति का परिवार बिखर जाता है तथा उसका आर्थिक एवं सामाजिक पतन भी हो जाता है। कार्यक्रम में शक्ति साधना संस्थान द्वारा संचालित अमन नशा मुक्ति केंद्र सीतापुर के प्रबन्धक अवनेन्द्र विक्रम सिंह व योगा थेरपिस्ट अजय प्रताप सिंह ने भी अपने विचार रखे। कालेज प्रधानाचार्य सुनीत अग्निहोत्री द्वारा मंच संचालन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक विष्णु कुमार त्रिवेदी, वैभव दिक्षित, आशीष त्रिवेदी, अमन विक्रम सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता भंवर सिंह, तुषार त्रिवेदी, छेदालाल राठौर,चाँद मोहम्मद सहित विद्यालय परिवार वह छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता : रोमी



जन एक्सप्रेस/पलियाकलां-खीरी। भारतीय जनता पार्टी के विधायक रोमी साहनी के आवास पर प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए। रोमी साहनी की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम मेरा बूथ सबसे मजबूत से शिक्षा ली। कार्यक्रम के समापन के बाद विधायक रोमी साहनी ने मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जुट जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर लोगों को भाजपा प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दें। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनें। इस दौरान भाजपा के नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह, जिला मंत्री राकेश अर्कवंशी, अभिनव मिश्रा, रामकुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### समोसा लेने गई महिला से दुकानदार ने की अश्लील हरकत

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। दुकान पर समोसा लेने गई महिला से दुकान मालिक ने किया अश्लील हरकतें विरोध करने पर पीड़िता व उसके लड़के को जमकर मारा पीटा मामला पहुंचा थाना बताते चले जनपद लखीमपुर खीरी थाना खमरिया क्षेत्र ऐरा चीनी मिल मार्किट का मामला प्रकाश में आया है मिल मार्कट गुप्ता भोजनालय दुकान पर खमरिया क्षेत्र एक गाँव की महिला व उसका लड़का समोसा लेने गई थी अचानक दुकान मालिक रवि (पुत्र) अज्ञात व शेखर (पुत्र) रमेश ने अश्लील हरकतें की तभी पीड़िता व उसका लड़का इसका विरोध किया तो गन्दी गन्दी गालियां देते हुये उसके लड़के को बहरेमी से जमकर पीटा जिससे पीड़ता के लड़के को काफ़ी गंभीर अंदरूनी चोटे आई है जिसका उपचार खमरिया सी एचसी में कराया गया पीड़िता ने इस मामले को लेकर स्थानीय थाने में जाकर गुहार लगाई है।

### पंचायत सहायक ने अभिलेख फाड़ने का दर्ज कराया केस

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। विकास खण्ड सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजापुर पिपरिया के पंचायत सहायक पुनीत वर्मा ने गांव के ही व्यक्ति पर मारपीट और अभिलेख फाड़ने का केस दर्ज कराया है। मारपीट में पंचायत सहायक के सिर,आंख व पैर में चोट आई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।पंचायत सहायक पुनीत वर्मा ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे वह पंचायत भवन पिपरिया में पेंशन सत्यापन व अन्य काम कर रहे थे। इसी समय गांव के अशोक वर्मा आए और गाली-गलौज करने लगे। अभिलेख फाड़ दिए और मारपीट की। पिटाई से उसे गंभीर चोट आई है। पुनीत ने बताया कि अपात्र होने के कारण शौचालय की सूची से नाम कट गया था। इसी बात को लेकर मारपीट की गई। पुनीत ने पूरी घटना के सीसीटीवी फुटेज होने की बात भी कही। पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

# बाइक चोरी के बीते कई दिन, मुकदमा लिखने को अभी गहनता से ही जांच कर रही पुलिस

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



बाइक चोरी होने के बाद बरामदगी तो दूर पुलिस मुकदमा ही दर्ज नहीं कर रही है। तहरीर मिलने पर बाइक की तलाश के बजाय कई दिन बाद तक पुलिस अभी जांच ही कर रही है कि बाइक चोरी हुई या नहीं। पीड़ित ने बताया है कि सीसीटीवी फुटेज चेक करा दिए गए हैं और मौके पर सीसीटीवी फुटेज में भी गाड़ी लेकर जाते हुए देखा जा सकता है। थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैयां निवासी गुलाब खान पुत्र यास्मीन खान ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि वह 23 जून 23 को 1 बजकर 15 मिनट के करीब नमाज पढ़ने राजापुर मंडी के पीछे स्थिति मस्जिद में गए हुए थे जैसे वह नमाज अदा करने के लिए मस्जिद में प्रवेश किया तुरन्त बाद ही उनकी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 31 बीएच 6121अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गई है।पीड़ित ने बताया है कि अभी तक पुलिस न एफआईआर दर्ज नहीं की है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में धर्म गुरुओं की बैठक आयोजित

जन एक्सप्रेस। सीतापुर




जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत विभिन्न समुदाय के धर्मगुरूओं के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एक-एक करके सभी धर्मगुरूओं की समस्याओं का सुना एवं उनकी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये जायें। शांति को बनाये रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, आप सभी लोग सहयोग अपेक्षित है। पानी, बिजली, मार्ग आदि समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नाली व नालों की निरन्तर साफ-सफाई चल रही है, यदि कोई समस्या आती है तो उस समस्या से अवगत करायें। कॉवड़ समितियों का गठन ज्यादा से ज्यादा किया जाये ताकि यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो स्थितियों को सम्भाला जा सकता है। बकरीद के त्योहार में साफ-सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जायेगा। सीतापुर का नाम हमेशा सभी का बनाये रखना है। किसी प्रकार की यदि कोई अफवाह फैलाता है तो उस पर बिल्कुल भी ध्यान न दें, उससे हम लोगों को अवगत करायें, उसको संज्ञान में लेते हुये अफवाह फैलाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने कहा कि आगामी त्योहारों पर सभी का सहयोग अपेक्षित है। सीतापुर जनपद में किसी भी त्योहारों में अप्रिय स्थिति नही आयी है, इससे सीतापुर का नाम जाना जाता है। आपसी सहयोग से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनायें। उन्होंने कहा कि आप लोगों की जो भी समस्याएं है उनका निस्तारण किया जायेगा। कुर्बानी के दिन मलबे को उठाने हेतु नगर पालिका से गाड़ियां आयेगी, निरन्तर साफ-सफाई करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी बिल्कुल भी न की जाये और इसके लिये आप लोगों को सभी से अपील करनी है। श्रावण मास के समय डी0जे0 की आवाज को नियंत्रित रखना है, जिससे किसी को भी परेशानी न हो तथा डी0जे0 पर अच्छे भजन के गाने ही बजाये जायें, इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आप लोगों के सहयोग के लिये पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर गौरव रंजन श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सदर, सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये धर्मगुरू उपस्थित रहे। इससे पूर्व जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने कलेक्ट्रेट परिसर से नशा मुक्त भारत अभियान एक युद्ध नशे के विरूद्ध नशे से आजादी, नशे को कहें ना की जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# नव निर्वाचित अध्यक्ष का आर्य समाज ने किया स्वागत

जन एक्सप्रेस। हरिओम बाजपेई



**बिसवां (सीतापुर)।** आर्य समाज बिसवां इकाई के द्वारा नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का शुभारंभ ईश स्तुति व वैदिक हवन के साथ हुई तथा लोककल्याण की भावना व शुभ संकल्प मंत्रो के साथ आहुतियां देवताओं को प्रदान की गयीं। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रधान रमापति रस्तोगी, मंत्री अजीत आर्य, उप प्रधान कुलदीप सिंह व त्रिलोकीनाथ, उप मंत्री अनूप मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष कैलाशपति रस्तोगी सहित सभी पदाधिकारियों ने पुष्पू जायसवाल का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया एवं अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह् भेंट किये। मुख्य अतिथि पुष्पू जायसवाल ने कहा कि मै निष्पक्ष भाव में रहते हुए जनता के हित का काम करूंगा । अन्य सदस्य गण में प्रमोद कपूर, राम किशोर रस्तोगी, अनिल श्रीवास्तव, श्रीकांत मौर्य सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रचार मंत्री कवि आनन्द खत्री के द्वारा किया गया। आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन संस्था के कोषाध्यक्ष कैलाश पति रस्तोगी ने किया।

# युवती को बदनाम करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी




कस्बे के एक वार्ड में एक सिरफिरे ने लड़की को बदनाम करने की साजिश रच डाली। आरोपी ने युवती के आपत्तिजनक पोस्टर दीवारों में चस्पा किए थे। इस प्रकरण में पीड़िता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है। मामला सिंगाही कस्बे के एक वार्ड का है प्राथमिक विद्यालय की दीवार व अन्य जगहों पर लड़की के मोबाइल नंबर के साथ आपत्तिजनक फोटोग्राफ दीवारों पर चिपकाए गए थे। उसे बदनाम करने की घिनौनी साजिश रची गई थी। आपत्तिजनक पोस्टर को राहगीरों ने देखा। इसके बाद पोस्टर की खबर हर तरफ फैल गई। इसके बाद लड़की के मोबाइल पर अंजान नंबरों से लगातार कॉल आ रही हैं। इससे शर्मसार लड़की और उसके घरवाले बाहर निकलने से भी कतरा रहे थे। लड़की और उसके परिजनों को जब इस बात की भनक लगी तो उन्होंने तत्काल लड़के के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया कि प्रदीप कुमार उनकी बेटी की आपत्तिजनक फोटो बनाई गई। आपत्तिजनक पोस्टर को दीवार पर चिपका कर बदनाम करने की साजिश रची गई। घटना के बाद से ही उनका परिवार तनाव में है। पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया। मामला सोशल मीडिया तूल पकड़ने के बाद पुलिस ने आनन फानन में मुकदमा दर्ज कर आरोपी प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर चरित्र हनन के अपराध में जेल भेज दिया है।

## शारजाह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

# खीरी स्पोर्टिंग क्लब ने किया खिताब पर कब्जा, स्मार्ट ब्वायज लखीमपुर को 6 विकेट से दी शिकस्त

जन एक्सप्रेस। सुनहरा




**लखीमपुर खीरी।** शारजाह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला खीरी स्पोर्टिंग क्लब ने स्मार्ट ब्वायज लखीमपुर को 6 विकेट से शिकस्त देकर अपने नाम कर लिया।फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि की हैसियत से पूर्व सांसद जफर अली नौकरी मौजूद रहे।

अपने संबोधन में पूर्व सांसद जफर अली नकवी ने कहा कि इसको ना सिर्फ मजहब की दूरियां खत्म करता है बल्कि काले- गोरे ऊंच नीच के भेदभाव को भी खत्म करता है ग्राउंड पर सभी खिलाड़ी बराबर होते हैं और अपने अपनी टीम को जीत हासिल करने के लिए एकजुटता के साथ प्रयास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वह देश मैं एकजुटता बनाएं रखने के लिए भी खेल भावना का इस्तेमाल करे। विशिष्ट अतिथि शिफा कॉलेज आफ मेडिकल साइंसेज एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉक्टर जाकिर हुसैन ने कहा व्यक्ति को अपनी जीवनशैली स्पोर्ट को भी अहम जगह देना चाहिए ताकि वह नासिर मन से बल्कि तन से भी स्वस्थ रह सकें।

शारजाह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के संरक्षक एवं खीरी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रज़ा पम्मी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छुपी हुई प्रतिभाओं को अपने हुनर का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है इन्हीं प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ी प्रदेश व देश स्तर पर अपना प्रतिभाग करते हैं। फाइनल मुकाबले में स्मार्ट ब्वॉयज के कप्तान आदिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला लिया और पहले बल्लेबाज़ी करते हुए स्मार्ट ब्वायज की टीम ने 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 55 रन ही बना सकी, जिसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए खीरी स्पोर्टिंग क्लब ने लक्ष्य को 4 विकेट खोकर आसानी से हासिल करते हुए खिताब को अपने नाम कर लिया। खीरी स्पोर्टिंग क्लब के ऑलराउंडर खिलाड़ी रौशन को मैन ऑफ दि मैच दिया गया। रौशन ने 24 रन बनाए व 1 विकेट लिया। टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन का अवॉर्ड खीरी स्पोटिंग क्लब के जुनेद को दिया गया व बेस्ट बॉलर का अवॉर्ड मंसूरी इलेवन के सरताज (नीशम) को दिया गया। मैन ऑफ दि सिरीज़ स्मार्ट ब्वॉयज के ऑलराउंडर खिलाड़ी राजा को मिला। इस दौरान टूर्नामेंट के आयोजक सी लॉन्स क्लब के कप्तान मुराद रज़ा, साहिबे आलम, अकरम, नुरुल हसन, आरिफ छोटू, फैजान, साहिल, आजम, ऐमस, सद्दाम, हसनैन, आकिब, साहिल, अर्जमान, जावेद तथा व अन्य मेहमानों में यू एण्ड आई बालाजी मोबाइल के आंसू सिंह, राहुल, निकित, कामिल उस्मानी, इस्माइल उर्फ रानू, रशीद अहमद नेता, बजाज एलियंस के सीनियर मैनेजर मसूद जावेद बॉबी, बसपा के अजय चौधरी मण्डल को-ऑर्डिनेटर लखनऊ, जय वीर गौतम जिला अध्यक्ष, अफजाल खान भट्ठा वाले पूर्व प्रधान सह्लिहा, मदरसा सुल्ताने हिंद के मैनेजर, अयूब अंसारी, नसीर सर्राफा, सलीम पाकीजा, नसीमुद्दीन सर्राफा, मोहम्मद शोएब सर्राफा, बासिद खान, डॉ एहराज अहमद, आरिफ खान, आसिफ अंसारी, दबीर खान सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# बकरीद पर साफ-सफाई की जिम्मेदारी नगर पालिका व ग्राम पंचायतें शंभालेंगी : एसडीएम

जन एक्सप्रेस। महमूदाबाद (सीतापुर)

बकरीद के मौके पर साफ-सफाई की जिम्मेदारी नगर पालिका व ग्राम पंचायतें सम्हालेंगी। लापरवाह विद्युत विभाग के तीन अधिकारियों के खिलाफ जिलाधिकारी को पत्र लिखा जाएगा। बकरीद के दौरान निष्प्रयोज्य सामग्री के निस्तारण के लिए नगर पालिका व ग्राम पंचायतों को जगह-जगह गड्ढे खुदवाने होंगे। कावड़ियों के लिए तहसील क्षेत्र के कई स्थानों पर प्रशासन द्वारा सहायता एवं सुविधा शिविर लगाए जाएंगे, जहां उन्हें आराम करने के साथ अन्य सुविधाएं मिल सकें। उक्त बातें महमूदाबाद तहसील सभागार में बकरीद और श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से आयोजित समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते हुए एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि ज्यादातर स्थानों पर 29 जून को बकरीद का पर्व मनाया जाएगा। निष्प्रयोज्य सामग्री के निस्तारण के लिए गड्ढा महमूदाबाद नगर में नगर पालिका, पैंतेपुर में नगर पंचायत, ग्राम पंचायतों में बीडीओ के नेतृत्व में ग्राम विकास अधिकारी व प्रधान उपयुक्त स्थानों पर गड्ढे खुदवाकर करवाएंगे। गड्ढों तक सामग्री ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी कराई जाए। सीओ रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि कावंड़ यात्रा के दौरान श्रावण मास में पड़ने वाले प्रत्येक रविवार व सोमवार को क्षेत्र में शराब की दुकानें बंद करने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा जाएगा। गोडैचा, भगौतीपुर, कालिकन मंदिर, बाबाकुटी, बिलौली बाजार, सरैंया, गुलरामऊ, सिरौली बाजार में पुलिस, राजस्व, विद्युत, पंचायत एवं विकास विभाग के संयुक्त कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए सहायता एवं राहत शिविर लगवाए जाएंगे। कावड़ यात्रा के दौरान मिश्रित आबादी वाले 44 गांव, 37 शराब की दुकानें, 13 नानाबेज की दुकानें पड़ेंगी। 94 डीजे वालों को भी चिन्हित किया गया है। कावंड़ यात्रा के दौरान चहलारी घाट से बहराइच से आने वाले वाहनों के प्रवेश पर रविवार व सोमवार को प्रवेश प्रतिबंधित करने के लिए भी पत्र लिखा जा रहा है। सिधौली हाईवे से भी महमूदाबाद की ओर आने के लिए डायवर्जन किया जाएगा।

### पुलिस ने शराबी को नाले से निकाल पहुंचाया अस्पताल

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। मंगलवार को एक शराबी ने आम नागरिकों के साथ ही पुलिस को छका दिया। आखिरकार पुलिस को उसे सीएचसी में भर्ती कराना पड़ा। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।मंगलवार को सुबह सदर चौराहे के निकट एक शराब भट्टी के पास एक युवक बेहद नशे में देखा गया। कुछ देर बाद वह नाले में गिर गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। कुछ देर बाद फिर वह नाले में जा गिरा। यह क्रम कई बार चला। लोग परेशान हो गए और वहां से हट गए। युवक नाले में पड़ा था। जिसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने युवक को बाहर निकाल पहचान कराने की कोशिश की, जब पहचान नहीं हो पाई तो उसे सीएचसी में भर्ती करा दिया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।



# किसान गोष्ठी का आयोजन, ट्रेंच विधि अपनायें और अधिक उत्पादन पाएं

जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक सरदार कुलवंत सिंह, निवासी पहाड़पुर के फार्म का भ्रमण गोला चीनी मिल के पी.एस. चतुर्वेदी-वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना, आशुतोष मधुकर-ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, गन्ना विकास परिषद गोला, संजीव कुमार सिरोही- वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक एवं क्षेत्र के लगभग 25-30 कृषकों के साथ भ्रमण कर अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के तकनीक पर विचार विमर्श का आदान प्रदान किया गया और वहीं पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित किसानों को बताया गया कि कुलवंत सिंह को वर्ष 2018 - 19 में गन्ना प्रजाति सीओ. 0238 ट्रेंच विधि से बोये गए शरद कालीन पौधे में कुल उत्पादन 2170 कुंटल प्रति हेक्टेयर रिकॉर्ड गन्ना उत्पादन कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था, जिससे प्रेरित होकर इस वर्ष भी इनके फार्म पर Co 0118, Co 15023, Cos 13235, Colk 14201 की बुवाई ट्रेंच विधि से की गई है, साथ-साथ विगत शरद कालीन गन्ना बुवाई में ट्रेंच विधि से सहफसली के रूप में मटर, लाही के साथ Co 0118, Co 15023 , Cos 13235 गन्ने की बुवाई की गई है। जिससे वर्तमान में गन्ने की फसल में अधिक कल्ले एवं गन्ने का विकास बहुत ही अच्छा हुआ है। कुलवंत सिंह ने बताया कि सहफसल के रूप में लाही लगभग 30000 रूपये व मटर से 40000 - 45000 रूपये प्रति एकड़ प्राप्त हुआ था। किसी भी खेत में कोई भी रोग व कीट नहीं पाया गया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर द्वारा बताया गया कि परिषद व चीनी मिल प्रक्षेत्र से कृषको को नयी-नयी गन्ना प्रजातियों के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। पी.एस. चतुर्वेदी-वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना द्वारा कृषकों को बताया गया कि किसान अपने फसल की बराबर देखभाल करते रहे किसी भी प्रकार के कीट बिमारी की सम्भावना होने पर चीनी मिल को तुरंत सूचित करे उसका तुरंत समाधान किया जायेगा। गोला चीनी मिल से पेस्टीसाइड्स व फंजीसाइड, ट्रेंच प्लान्टर, गन्ना बीज लोन पर उपलब्ध कराया जा रहा है। आगामी शरद बावग में अधिक से अधिक गन्ना ट्रेन्च विधि से कम से कम चार फीट की दूरी पर बुआई कर लाभ उठावे।

# डीएम ने अमृत सरोवर तालाब का फीता काटकर किया शुभारम्भ

## लोगों को श्रमदान करने हेतु किया प्रेरित

**जन एक्सप्रेस | उरई**

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करने के लिये जनपद के विकास खण्ड कदौरा के ग्राम काशीरामपुर में अमृत सरोवर के निर्माण के लिये जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा अवधेश दीक्षित, खण्ड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह ने श्रमदान करते हुये अमृत सरोवर तालाब का फीता काटकर शुभारम्भ कर लोगो को श्रमदान करने हेतु प्रेरित किया। ग्राम पंचायत काशीरामपुर में अमृत सरोवर, कुकरताल तालाब की खुदाई एवं सौन्दरीकरण रू. 13.96 लाख की लागत से निर्माण कराया जा रहा हैं। डीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत काशीरामपुर में लगभग 400 वर्ष पुराना तालाब है। जिसे अमृत सरोवर तालाब बनाकर उसे पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने के लिये तालाब के चारों तरफ फुटपाथ का निर्माण कराने के साथ लाईटिंग लगाया जाये। अमृत सरोवर तालाब के चारों तरफ छायादार वृक्ष लगाना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा है कि प्रति एक ग्रामों में अमृत सरोवर तालाबों का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में बुन्देलखण्ड में जल की समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, अतरिक्त कार्यक्रम अधिकारी लोकेन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव वैभव सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।



# संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर शटरिंग मिस्त्री की मौत

**जन एक्सप्रेस | उरई**

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लहरिया पुरवा पटेल नगर में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते छत से गिरकर शटरिंग मिस्त्री की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कानपुर देहात सिकंदरा थाना क्षेत्र के ग्राम निनहारा निवासी राहुल 27 वर्ष शटरिंग मिस्त्री था। बताया गया कि वह शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लहारिया पुरवा पटेल नगर में किराए के मकान में रहकर शटरिंग का काम करता था। जो सोमवार की शाम खाना खाकर छत पर सोने चला गया। तभी रात में अज्ञात कारणों के चलते वह छत से नीचे सड़क पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इकट्ठा हुए आसपास के लोग उसे आनन- फानन में उठाकर जिला अस्पताल ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया है कि वह शराब का लती था जो अधिक नशा होने के कारण छत से नीचे गिर गया। वहीं समाचार लिखे जाने तक घटना के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ...जब चिकित्सक ने मधुमक्खी के काटे मरीज को मेडिकल कॉलेज रेफर का थमा दिया पर्चा

**जन एक्सप्रेस | उरई**

जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी जिला अस्पताल के चिकित्सक स्वेच्छाचारिता पूर्ण रवैया छोड़ने को तैयार नजर नहीं आ रहे है। इसका जीता जागता उदाहरण उस दौरान सामने आया जब सूचनाधिकारी कार्यालय का चतुर्थ श्रेणी कर्मी को मधुमक्खी द्वारा काट लिये जाने पर वह उपचार कराने के जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचा तो वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजकीय मेडिकल कालेज के रैफर का पर्चा चिकित्सक ने बनाकर थमा दिया।



मिली जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित जिला सूचनाधिकारी कार्यालय में अमर सिंह बतौर चतुर्थ श्रेणी कर्मी है। कार्यालय में काम करने के दौरान अचानक आयी मधुमक्खी ने उसे डंक मार दिया जिससे वह दर्द से बेहाल हो उठा तो वहां पर मौजूद साथी उसे लेकर जिला अस्पताल में पहुंचे तो वहां इमरजेंसी कक्ष में चिकित्सक संजीव अग्रवाल को दिखाया तो उन्होंने उसका प्राथमिक उपचार तो कर दिया लेकिन साथ ही उसे राजकीय मेडिकल कालेज उरई के लिये रैफर का पर्चा भी हाथ में थमा दिया। सवाल यह उठता है कि मधुमक्खी के काटने वाले मरीज को जब चिकित्सक जिला अस्पताल से रैफर करेंगे तो ऐसी स्थिति में इमरजेंसी में पहुंचे अन्य बीमार मरीजों या फिर दुर्घटना में घायल लोगों को कहां के लिये चिकित्सक रैफर करते होंगे यह एक सोचनीय विषय हो सकता है। इससे एक बात साफ होती है कि जिला अस्पताल के चिकित्सक अपनी जिम्मेदारियों को दरकिनार कर उन्हें रैफर करने की परंपरा का मोह नहीं त्याग पा रहे हैं।

# डीएम ने 35 समूह सदस्यों का 15 दिवसीय गैर आवासीय हैंडमेड पेपर प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस | उरई**

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने विकासखंड कदौरा के सभागार में 35 समूह सदस्यों का 15 दिवसीय गैर आवासीय हैंडमेड पेपर प्रशिक्षण का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। जिलाधिकारी ने हैण्डमेण्ड पेपर मे उपस्थित सभी प्रतिभागियों के सभी ग्रुप से परिचय एवं उनके द्वारा अपने अपने कार्य की जिम्मेदारी को करते हुए देखा गया साथ ही कहा कि प्रशिक्षण उपरान्त सभी सदस्य इस कार्य को गति देते हुए प्रतिदिवस एक हजार हैण्डमेण्ड पेपर के लिफाफे तैयार कर मार्केट में एवं बड़े-बड़े



शोरूम में आपूर्ति करने के लिए तैयारी करे जिससे आपकी आमदनी भी अच्छी होगी।

इनकी आपूर्ति एवं मार्केटिंग की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने ट्रेनर को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात ही कार्य शुरू कर दिया जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।दिनेश कुमार यादव उपायुक्त (स्वतः रोजगार) ने कहा कि उक्त कार्य को एक उत्पादक समूह तैयार कर उसके माध्यम से इस कार्य को आगे बढ़ाया जायेगा एवं उत्पादक समूह को प्राप्त धनराशि के माध्यम से हैण्डमेण्ड पेपर में उपयोग होने वाली मशीनो को क्रय किया जायेगा जिससे उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होगी एवं उत्पाद कम समय में अधिक मात्रा में बनाया जा सकेगा। इस अवसर पर डा. अभय कुमार श्रीवास्तव मुख्य विकास अधिकारी, अबधेश कुमार दीक्षित उपायुक्त (श्रम रोजगार), डा0 शिवकान्त द्विवेदी (परियोजना निदेशक), अश्वनी कुमार सिंह खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड कदौरा, धर्मेन्द्र जैन, नवल किशोर जिला मिशन प्रबंधक एवं अजय कुमार, सुनील कुमार ब्लॉक मिशन प्रबंधक उपस्थित रहें।

# अलग-अलग थानों में पांच मारपीट के मामले दर्ज

**जन एक्सप्रेस | उरई**

कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम धुरट निवासी प्रकाश पाल पुत्र मोहर सिंह ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही चतुर सिंह पुत्र काशीराम ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरा मामला कोटरा थाना क्षेत्र के खुर निवासी राजकिशोर पुत्र राज नारायण ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही विशाल सिंह उर्फ पिंटू हाल निवास नया पटेल नगर उरई मंशापूर्ण मंदिर के पास ने उसको जान से मारने की धमकी दी। वहीं तीसरा मामला रामपुरा थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद के सामने निवासी हैदर खां ने बताया कि लक्ष्मण कुमार पुत्र जंग पाल निवासी अकबरपुर थाना माधोगढ़ निवासी ने उसके साथ मारपीट की और गाली गलौज करके जान से मारने की धमकी दी। वही उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ेरा निवासी मंगल सिंह पुत्र राम सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही रामपाल और तीन नफर लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और गाली गलौज करने के बाद जान से मारने की धमकी दी। वही पांचवां मामला कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम निजामपुर निवासी महिला पूजा पत्नी आशीष कुमार ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि इंदल पुत्र मल्लू और दो नफर लोगों ने मिलकर वादिनी के साथ मारपीट कर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। वही छठवां मामला और थाना क्षेत्र के ग्राम सहारा निवासी बाबू पुत्र राम लखन ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी मालती ने तीन नफर लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने सभी पांचों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही।

# अज्ञात शव की हुई पहचान परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

## परिजनों ने मृतक के दोस्त के विरुद्ध दी तहरीर, पुलिस ने जमीनी स्तर पर शुरू की जांच पड़ताल

**जन एक्सप्रेस | कुठौंद**

थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर सोमवार को मिले अज्ञात शव की पहचान कर ली गई है। जिसमें मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए उसी के दोस्त के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। तहरीर पर पुलिस ने मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

कुठौंद थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के नम्बर 222.1 के पास सर्विस रोड़ पर पड़ा अज्ञात युवक का शव राहगीरों द्वारा देखा गया था। जिसके सिर में गहरी चोट का निशान था, और मौके पर मृतक की पहचान नहीं हुई थी। जिसके चलते पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया था। पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान मृतक की शिनाख्त भगवान दास के पुत्र उमेश कुमार 35 वर्ष निवासी दलालनपुरा कस्बा जालौन के रूप में की गई है। जो कस्बे की ही बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में मजदूरी करता था। पिता भगवानदास ने बताया कि वह उसने करीब 2 साल पहले दूसरी शादी चुपचाप की थी। जिसका आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम उसने 28 जून को रखा था। जो आशीर्वाद समारोह के कार्ड बांटने के लिए मोहल्ले के ही निवासी अपने दोस्त अजय कुमार के साथ 25 जून की शाम अपने मामा के गांव गोरा थाना कुठौंद के घर गया था। उसी दिन देर रात को अजय अपनी स्कूटी के साथ वापस गांव लौट आया था, और उसने बताया था कि उमेश अपने मामा के घर रुक गया था। तभी सोमवार सुबह उसका शव बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के कुठौंद थाना क्षेत्र की सर्विस रोड पर पड़ा मिला। मृतक के पिता द्वारा हत्या की आशंका जताते हुए दोस्त के विरुद्ध थाने तहरीर दी गई है। वहीं पुलिस द्वारा आरोपी के पिता को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही हैं और कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### बेखौफ चोरों ने जनसेवा केंद्र को बनाया निशाना

**जन एक्सप्रेस/जैदपुर-बाराबंकी।** थाना जैदपुर अंतर्गत तकिया चौराहे पर संचालित एक जन सेवा केंद्र व मोबाइल शॉप पर बीते सोमवार की देर रात अज्ञात चोर नकाब लगाकर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। मंगलवार की सुबह जब जन सेवा केंद्र संचालक दुकान खोलने पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। जहाँ दुकान में अस्त-व्यस्त पड़े सामान सहित चोरी हुए सामान को देखकर हड़कंप मच गया। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। टेरा गांव निवासी दुकान संचालक अंकित के भाई कार्तिकेय ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह जब दुकान खोला गया तो पीछे से सेंध लगी हुई थी और हजारों का सामान गायब था। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की है।

### बलवा-ड्रिल का हुआ पूर्वाभ्यास, खाकी मुस्तैद

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए खाकी मुस्तैद हो गई है। मंगलवार को पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण को लेकर बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान मौजूद एएसपी उत्तरी आशुतोष मिश्रा व एएसपी डॉक्टर अखिलेश नारायण सिंह सहित डिप्टी एसपी सुमित त्रिपाठी ने मातहतों को सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंगलवार को पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण को लेकर बलवा दिन का पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें दंगा निरोधी उपकरण एंटी राइट गन, रबर बुलेट, आंसू गैस के गोले, ग्रेनेड, डंडा, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, हैंड गार्ड व लेग गार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यहां पुलिस अधिकारियों ने पूर्वाभ्यास में शामिल पुलिसकर्मियों को अनुशासन में रहकर ड्यूटी करने और सुरक्षा उपकरणों को सावधानी से प्रयोग करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र मिश्र सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीओ कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने चलाया फुट मार्च अभियान

## बकरीद एवं त्योहारों को मद्देनजर रखकर पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बढ़ाई

**जन एक्सप्रेस | कालपी**

बीती शाम को कालपी की सड़कों तथा सार्वजनिक स्थानों में क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस जवानों के द्वारा फुट मार्च अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस जवानों ने सार्वजनिक स्थानों में चेकिंग भी की।

आगामी 29 जून को बकरीद का पर्व है। इसी के साथ कावड़ यात्रा का भी प्रोग्राम होता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन के द्वारा स्थानीय नगर तथा आसपाल इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी है। सोमवार की शाम को पुलिस के जवानों के साथ कोतवाली के एडिशनल इस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ, टरननंगंज चौकी इंचार्ज चेतराम बुंदेला, रामगंज चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार, महमूदपुरा चौकी इंचार्ज संतोष शुक्ला, उप निरीक्षक विशाल भड़ाना, सिंग दार सिंह, अमर सिंह, राजेश कुमार तथा महिला सिपाही नगर के भीड़भाड़ भरे फुल पावर बाईपास चौराहे में एकत्रित हो गए। यहीं से क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार पचौरी तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में थानेदारो तथा पुलिस के जवानों के द्वारा फुट मार्च शुरू किया गया।

मेन बाजार टरननंगंज, राम चबूतरा, जुलैहटी बाजार, बस स्टैंड समेत तमाम स्थानों की सड़कों में पैदल मार्च किया गया इस दौरान पुलिस के जवानों ने मस्जिदों एवं धर्म स्थलों के आसपास का भी जायजा लिया। विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में रुक रुक कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ करके चेकिंग की गई। इसी क्रम में कई जगह पर क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस कर्मचारियों ने जनता से संवाद स्थापित करके कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की नसीहत दे डाली। पुलिस के जवानों के पैदल मार्च से जनता में सुरक्षा का अहसास कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भीड़ भाड़ वाले इलाकों तथा धार्मिक स्थानों के आसपाल पुलिस के द्वारा निरंतर भ्रमण किया जाएगा

### फांसी पर झूली महिला

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कोंच रोड पर स्थित कांशीराम कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते महिला ने फांसी लगा ली। जिसे गम्भीर हालत में जिला अस्पताल ले गए। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र में कोंच रोड स्थित काशीराम कालोनी निवासी दीक्षा वर्मा 22 वर्ष पत्नी सौरभ वर्मा ने मंगलवार को किन्हीं कारणों के चलते अपनी जान देने का प्रयास किया और घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटक गई। फांसी पर लटकी महिला को देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की खबर फैलते ही मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजन उसे फांसी के फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# नशीले पदार्थों के कारोबारी के ठिकाने पर पुलिस का छापा एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | उरई**

**एसपी के निर्देशन व सीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डाली दबिश, भारी मात्रा में भांग, गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थ हुए बरामद**

एसपी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले माफिया के ठिकाने पर दबिश डाल दी। जहां पर घेराबंदी कर भारी मात्रा में गांजा, भांग के अलावा अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए। इतना ही नहीं बल्कि मौके से पुलिस ने माफिया के एक गुर्गे को भी गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को शहर के राजमार्ग स्थित वी मिट के सामने भांग की दुकान पर दबिश डाल दी। जहां से पुलिस टीम ने भारी मात्रा में भांग



के अलावा गांजा व अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए। वहीं चर्चाओं के गर्म बाजार में लोगों को आपस में कानाफूसी करते सुना गया कि इस छोटी सी गुमटी में भांग की आड़ में माफिया द्वारा लम्बे समय से बड़े पैमाने पर गांजे के साथ साथ अन्य नशीले पदार्थों को धड़ल्ले से बेचा जा रहा था। फिलहाल पुलिस टीम ने नशीले पदार्थों का बाजार चलाने वाले माफिया के एक गुर्गे को मौके से गिरफ्तार भी किया गया है। जिससे बारीकी से पूछताछ की जा रही है।

# चेकिंग के दौरान अलग-अलग दो लोग तमंचा कारतूस संग गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | उरई**

डकोर कोतवाली क्षेत्र बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे सर्विस रोड के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ मिला। इसकी सूचना पाकर डकोर कोतवाली प्रभारी योगेंद्र कुमार पटेल मौके पर पहुंचे और उसको गिरफ्तार कर लिया। जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम हरगोविंद पुत्र मेघराज निवासी कस्बा व कोतवाली डकोर बताया। इसके बाद उन्होंने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। वही सिरसा कलार थाना के उप निरीक्षक संजीव कटियार ने थाना क्षेत्र के जखा बम्बी पुलिया के पास से दीपू पुत्र अतिबल निवासी अकबरपुर मढैया को गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा 12 बोर व दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# एमएसएमई दिवस पर 27 उद्योग बंधुओं को मिला 4 करोड़ का ऋण

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित लोक भवन में एक विशाल ऋण वितरण मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बाराबंकी के एमएसएमई सेक्टर से जुड़े 27 उद्योग बंधुओं को 4 करोड रुपए का ऋण वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त सीधे स्टेट बैंक आफ इंडिया से शुभेंद्र प्रताप सिंह को ग्लूकोस बनाने के लिए फैक्ट्री निर्माण हेतु 44 करोड़ का लोन सैंक्शन किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा जिले के




भारतीय बुनकर सहकारी समिति के प्रतिनिधि जफर अहमद को जीआई टैग का दर्जा प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम का लाईव प्रसारण जिले के देवा रोड स्थित उद्योग कार्यालय पर भी दिखाया गया। लखनऊ में आयोजित हुए इस लोन मेले में जिले से चुनिंदा उद्योग बंधु व जिला उद्योग आयुक्त शिवानी सिंह शामिल हुईं। जिले के उद्योग कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी व जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस ऋण मेला में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत इंडियन बैंक अनवारी से आशीष कुमार को गत्ता फैक्ट्री लगाने के लिए 50 लाख का लोन, गंगा प्रसाद को आर्यावर्त बैंक भदरास से आयलमिल के लिए 5 लाख, आरती जयसवाल को धर्म कांटा बनाने के लिए बैंक आफ इंडिया से 10 लाख सहित अन्य 24 उद्योग बन्धुओ को 3 करोड़ 35 लाख का लोन बांटा गया।

### चोरी की बाइक के साथ एक पकड़ा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली के उपनिरीक्षक मोहम्मद आरिफ को मुखबिर से सूचना मिली की कोंच तिराहे से करीब 50 मीटर की दूरी पर एक संदिग्ध व्यक्ति बाइक से जा रहा है। इस पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर उसको पकड़ लिया और उसके पास से एक बाइक बरामद की जब उन्होंने उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम राकेश पुत्र सीताराम निवासी नया पाठकपुरा स्वर्ग धाम के पीछे बताया। इस पर उपनिरीक्षक ने अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया और चोरी की बाइक को बरामद कर लिया।

### गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया निवासी मोहित कुमार पुत्र विजय बहादुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि हार्वेस्टर चालक रुस्तम सिंह पुत्र मनमोहन सिंह और खिलाड़ी निवासी डूंगला थाना गोहन ने उसके भाई अंकुश व बहन आराधना और ममेरी बहन लालो उर्फ रक्षा को हार्वेस्टर की साइड मार दी थी। जिससे उसे गंभीर चोट आई थी। जिसके चलते अंकुश व लालो लालू उर्फ रक्षा की मृत्यु हो गई। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को बनायें सफल : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित चिकित्सा विभाग एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 01 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के द्वितीय चरण की गतिविधियां विस्तृत कार्ययोजना बनाकर माह जुलाई संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 17 जुलाई से 31 जुलाई तक में संपादित की जायेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि 01 जुलाई 2023 से अभियान को प्रारम्भ किया जाए तथा समस्त सरकारी कार्यालयों में विभागाध्यक्ष, विद्यालयों में अध्यापक, नगरीय निकायों में कार्यकारी अधिकारी तथा ग्राम स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी द्वारा पर्यावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता एवं रोगों से बचाव हेतु सभी आवश्यक उपाय अपनाने हेतु जागरुक करे। उन्होंने बताया कि दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं काला अजार रोगों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता हेतु दिनांक 17 जुलाई से 31 जुलाई 2023 के मध्य दस्तक अभियान आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बीमारियों



के बचाव तथा उपचार के सम्बन्ध में विभिन्न जानकारी देंगे। दस्तक एक व्यापक स्वास्थ्य शिक्षा, जागरूकता तथा सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संचार रणनीति है, जो लोगों को बचाव और सही समय पर उपचार के संदेश पहुंचा कर उन्हें दिमागी बुखार की समस्या को निपटाने के लिये प्रेरित करेगी। दस्तक का शाब्दिक अर्थ है दरवाजा खटखटाना। इस अभियान के जरिये स्वास्थ्य शिक्षा एवं व्यवहार परिवर्तन के संदेश गाँव के हर एक घर और परिवार तक पहुंचाने का लक्ष्य है। आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गृह भ्रमण कर यह जानकारी देनी है कि रोगों से बचाव हेतु क्या करना है, क्या नहीं करना है ताकि जनमानस समय रहते सही उपाय अपनाने के लिये जागरूक बने अभियान को प्रभावी बनाने में क्षेत्रीय कार्यकर्ता जैसे आशा, आंगनबाडी, ए0एन0एम0, स्कूल शिक्षक और ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी की अहम भूमिका है। इस अभियान में बुखार के रोगियों का निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में त्वरित तथा सही उपचार कराए जाने पर विशेष बल दिया जाना है।

आशा कार्यकत्रियों की इस अभियान में सहभागिता सुनिश्चितीकरण तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों का न्यूनतम 10 प्रतिशत सत्यापन जनपद स्तर पर डी0सी0पी0 एन0 तथा ब्लाक स्तर पर बी0सी0 पी0एम0 का उत्तरदायित्व होगा। दिमागी बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगों सम्बन्धित जागरूकता बढ़ाने और बचाव और उपचार संदेश के प्रसार में आशा की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। वह समुदाय को संवेदकृत करने और दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों, क्षय रोग, कुष्ठ रोग फाइलेरिया एवं काला अजार रोगों से बचाव के लिये बेहतर व्यवहारों को अपनाने के लिये प्रेरित करेगी।

उन्होंने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में साफ सफाई एवं जलभराव निस्तारण की व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा। विद्यालयों में रोगों से बचाव तथा रोकथाम के लिए जागरूकता से संबंधित गतिविधियां होंगी। साथ ही मच्छर, चूहे, छछूंदर इत्यादि पर नियंत्रण को लेकर गतिविधियां संचालित होंगी। इसके अलावा पशु बाड़ों एवं सूकर बाड़ों को आबादी से दूर स्थापित करना तथा साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## नेपाल की बर्दिया पुलिस ने 98 ग्राम स्मैक के साथ भारतीय युवक को दबोचा

**जन एक्सप्रेस/रुपईडीहा, बहराइच।** नेपाल की बर्दिया पुलिस ने एक भारतीय युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 98 ग्राम स्मैक बरामद किया है। जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जाती है। भारत नेपाल सीमा पर मादक पदार्थ की तस्करी थमने का नाम नही ले रही है। एसएसबी की सर्तकता के बाद भी तस्कर मादक पदार्थ नेपाल ले जाने में सफल हो रहे है। जिले से सटे नेपाली जिला बर्दिया की पुलिस ने एक भारतीय युवक के पास से स्मैक बरामद किया है। सोमवार को नेपाली जिला बर्दिया की पुलिस ने एक भारतीय युवक को 98.280 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। 25 वर्षीय मनोज मोतीपुर थाने के अचकवा गांव का रहने वाला है। एसपी कार्यालय बर्दिया से मिली जानकारी के अनुसार बर्दिया जिले के बढैयाताल गांव सभा वार्ड नं 2 फुटहा क्षेत्र में स्मैक के कारोबार होने की सूचना कई दिनों से मिल रही थी। मुखबिर की सूचना पर जिला पुलिस कार्यालय बर्दिया व नशीले पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो नेपालगंज व क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय के जवानों ने इस क्षेत्र में गुप्त रूप से जांच शुरू कर दी। फुटहा गांव की कच्ची सड़क पर पैदल आ रहे इस युवक की तलाशी ली गयी। हाफ पैंट की जेब मे प्लास्टिक की थैली में 98 ग्राम 2 सौ 80 मिलीग्राम स्मैक बरामद हुई। युवक की पहचान 25 वर्षीय मनोज कुमार निवासी अचकवा थाना मोतीपुर जिला बहराइच के रूप में हुई है। आवश्यक कार्यवाही हेतु युवक को जिला पुलिस मुख्यालय बर्दिया लाया गया है।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के खिलाफ व्यापारियों ने खोला मोर्चा

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के बैनर तले मंगलवार को व्यापारियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस सिलसिले में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों का नेतृत्व संगठन के जिलाध्यक्ष तालिका प्रसाद गुप्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ट्रेडिंग शुरू होने से व्यापारियों का व्यापार काफी हद तक प्रभावित हो रहा है। इस पर अंकुश लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ट्रेडिंग से जिस प्रकार व्यापारियों का कामकाज प्रभावित हो रहा है उससे ऐसा कुछ होता है कि व्यापारियों की दुकाने बहुत जल्दी बंद हो जाएंगी इससे जहां सरकार को लाखों के राजस्व की क्षति होगी वहीं उपभोक्ताओं को भी अधिक दाम पर कम क्वालिटी वाला सामान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इससे समाज का हर वर्ग प्रभावित होगा इसलिए जनहित में ऑनलाइन ट्रेडिंग को रोकना ही एकमात्र विकल्प है।

इस मौके पर यूनुस परवेज, अशोक जालान, विनय मित्तल, सुरेश गुप्ता, बैजनाथ सिंह रमन देव सिंह सुनील सिंह, रवि सिंह सुधानी पांडे, राजेश पांडे तथा विकास गुप्ता समेत अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

## बकरीद पर चौकस रहेगी बिजली, पानी, साफ-सफाई की व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** नगर पालिका परिषद, बहराइच की अध्यक्ष सुधा देवी समेत अन्य निकाय अध्यक्षों द्वारा बकरीद त्यौहार के अवसर पर नगर क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई, जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जलकल अभियन्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, प्रभारी मार्ग प्रकाश तथा सफाई नायकों को निर्देश दिया गये है कि बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत 29, 30 जून व 01 जुलाई 2023 तक समुचित साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण एवं चूनाकारी का कार्य नियमित रूप से संचालित कराते हुए मार्गो के समतलीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही त्यौहार के दृष्टिगत क्लोरिनेटेड जलापूर्ति भी सुनिश्चित करायी जाय। इसके अतिरिक्त प्रतिबन्धित जानवरों के स्वछन्द विचरण करने पर उन्हें पूरी सजगता व सतर्कता से नियंत्रित किया जाय। इबादतगाह/मस्जिदों के आस-पास पथ प्रकाश स्तम्भों का प्रकाशमान कराया जाय। ईदगाह में पूर्व वर्षो की भांति प्रशासनिक अधिकारियों के बैठने हेतु कुर्सी, मेज तथा जनरेटर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।

## मवेशी के साथ नदी पार कर रहे किसान को गहरे पानी में खींच ले गया मगरमच्छ

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** एक किसान मंगलवार को दोपहर बाद मवेशी चराने के लिए नदी से होकर कछार में जा रहा था। तभी नदी से निकले मगरमच्छ ने ग्रामीण को दबोच लिया। इसके बाद उसे पानी में खींच ले गया। ग्रामीणों ने काफी शोर मचाया, लेकिन मगरमच्छ और किसान दोनों गहरे पानी में चले गए। गोताखोरों द्वारा ग्रामीण की तलाश की जा रही है, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला,जबकि मगरमच्छ नदी में दिखाई दे रहा है। घटना बौंडी थाना क्षेत्र के नौबस्ता गांव की है। यहां के निवासी सिपाही लाल तिवारी (48) पुत्र बाराती लाल तिवारी मंगलवार को मवेशियों को घास चराने नदी के पार ले जा रहा था। अपराह्न लगभग दो बजे जब सिपाही लाल मवेशियों को लेकर घाघरा नदी पार कर रहा था। तभी नदी से निकले मगरमच्छ ने किसान को खींच लिया और उसे गहरे पानी में लेकर चला गया। मौके पर मौजूद ग्रामीण महाराजदीन, बरसाती शुक्ला तथा शंकर दयाल आदि ने शोर मचाते हुए मदद की गुहार लगाई, लेकिन तब तक मगरमच्छ सिपाही को लेकर बीच धारा में चला गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से सिपाही लाल की तलाश शुरू हुई है, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। वहीं मगरमच्छ नदी में ऊपर बार-बार आ रहा है। थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि पुलिस टीम के साथ वह मौके पर मौजूद हैं। गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है।

## टीडीएस कटौती के लिए प्रशिक्षित किये गये आहरण-वितरण अधिकारी

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जिले के अधिकारियों को माल व सेवा कर के स्रोत्र पर कर (टीडीएस) की कटौती के प्राविधानों की जानकारी प्रदान करने, कर कटौती हेतु पंजीयन नम्बर प्राप्त करने तथा शुद्ध तरीके से कर कटौती की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 26 जून को देर शाम विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विषय विशेषज्ञ के रूप में राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर चन्द्रकेश कुमार गौतम व कमलेश कुमार द्वारा मौजूद अधिकारियों को जीएसटी अन्तर्गत टीडीएस कटौती के सम्बन्ध में विधिक जानकारी प्रदान की गई। विषय विशेषज्ञ ने बताया कि जीएसटी प्राविधानों के अन्तर्गत टीडीएस कटौती हेतु प्रत्येक सरकारी एवं अर्द्धसरकारी विभाग को टैक्स डिडक्शन हेतु पंजीयन कराया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पंजीयन को बढ़ाये जाने के विजन को साकार करने हेतु आवश्यक है कि प्रत्येक ब्लाक, नगर निकाय एवं पंचायतें जो रू. 2.5 लाख से अधिक धनराशि का भुगतान करते हैं के द्वारा टीडीएस की कटौती अनिवार्य रूप से करते हुए जीएसटीआर-7 के माध्यम से जमा कराया जाय। बैठक के दौरान वक्ताओं ने बताया कि सभी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों, नगरीय निकायों एवं पंचायतों द्वारा जीएसटी प्राविधानों के पालन समयबद्धता के साथ किये जाने से विभिन्न ठेकेदारों एव आपूर्तिकर्ता व्यापारियों के द्वारा दिये जाने वाले कर की निगरानी बेहतर ढंग से की जा सकेगी। जिसके सार्थक परिणाम यह होंगे कि राजस्व में वृद्धि होने से देश व प्रदेश का विकास होगा। राज्य कर अधिकारियों ने सचेत भी किया कि जीएसटी प्राविधानों का पालन न करने वाले विभागों, नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों द्वारा पालन न करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध जीएसटी अधिनियम के तहत अर्थदण्ड एवं विलम्ब शुल्क आरोपित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने सभी सम्बन्धित विभागों, नगर निकायों तथा पंचायतों को निर्देश दिया कि यदि विभाग का टैक्स डिडक्शन नम्बर आवंटित् नहीं है।

# शादी टूटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट आधा दर्जन घायल, दो की हालत गंभीर

### दोनों पक्षों ने थाने में दी तहरीर पुलिस कर रही मामले की विवेचना गांव में तनाव का माहौल

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

समदा गांव निवासी एक ग्रामीण की बेटी का चाल चलन ठीक ना होने के बात कहते हुए उसकी शादी तोड़वा दिया। इसको लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठियां चटकी। मारपीट में दोनों पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। दंपति की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम समदा निवासी मोहम्मद यूनुस की बेटी का विवाह थाना क्षेत्र के नत्थूपुर गांव निवासी जाबिर के साथ तय हुआ था।

इसकी जानकारी गांव निवासी पड़ोसी फतेह बहादुर उर्फ मुबारक पुत्र बहादुर को लगी। यूनिस का आरोप है कि फतेह बहादुर ने नत्थूपुर गांव पहुंचकर बेटी की बुराई कर दी। साथ ही बेटी का चाल चलन ठीक न होने की बात कही, जिससे शादी टूट गई। इसको लेकर यूनुस और फतेह बहादुर के बीच विवाद शुरू हो गया। उलाहना देने पर सोमवार को सुबह फतेह बहादुर ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। जिस पर यूनुस ने थाने में तहरीर दी। इससे नाराज दबंगों ने शाम को जमकर मारपीट की। एक दूसरे पर लाठियां बरसाई। मारपीट में दंपति समेत 5 लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर में भर्ती कराया गया।

यहां फातिमा और पति सलीम की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मारपीट में अफसाना बानो मोहम्मद यूनुस भी घायल हुए हैं। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि एक पक्ष से फातिमा और दूसरे पक्ष से मरियम ने तहरीर दी थी दोनों पक्ष के आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

लखनऊ से मारपीट करने आए दबंग जिला अस्पताल में भर्ती फातिमा ने बताया कि गांव निवासी फतेह बहादुर लखनऊ में सब्जी की दुकान का संचालन करता है। वहीं पर साले और अन्य लोग रहते हैं। महिला ने बताया कि जब हम सभी ने शादी टूटने का उलाहना दिया तो फतेह बहादुर लखनऊ से दबंगों को लेकर आया और मारपीट करने लगा।

## युवती का फिल्मी गाने पर डांस करते हुए रील तेजी से हो रहा वायरल



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

राम की पैड़ी पर युवती का फिल्मी गाने पर डांस करते हुए रील तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को देखकर लोग धार्मिक स्थल होने का हवाला देते हुए कमेंट कर रहे हैं। पुलिस भी युवती का पता लगाने में जुटी है। राम की पैड़ी पर इसके पहले भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। मोटरसाइकिल लेकर राम की पैड़ी में दौड़ाना, एक कपल के अश्लील वीडियो वायरल होने की घटना भी हुई थी। अयोध्या कोतवाली निरीक्षक मनोज कुमार बताते हैं कि इस वीडियो में लड़की के द्वारा रील बनाया है। रील बनाए जाने के दौरान गाना अश्लील प्रदर्शन नहीं है।

# अन्तर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर 15 उद्यमियों को मिले रू. 19.22 करोड़

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

* तीन उद्यमियों को प्रदान किया गया स्वीकृति पत्र, 23 लाभार्थियों को बांटी गई टूल किट

अन्तर्राष्ट्रीय एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) दिवस के अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र बहराइच के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक सदर अनुपमा जायसवाल व जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम व मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार कार्यक्रम अन्तर्गत 15 उद्यमियों को रू. 19 करोड़ 22 लाख धनराशि के प्रतीक चेक तथा एक जनपद एक उत्पाद योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 23 लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सदर व डीएम ने प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम अन्तर्गत पोल्ट्री फार्म हेतु राजेन्द्र को रू. 10 लाख व सुभांकर राय को रू. 02 लाख, डेयरी उद्योग व रेडीमेड गारमेन्ट हेतु क्रमशः सविता सिंह व सत्येन्द्र सिंह रू. 10-10 लाख, साईबर कैफे हेतु मोहन सिंह लोधी को रू. 06 लाख, मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार कार्यक्रम अन्तर्गत लकड़ी फर्नीचर उद्योग हेतु मो. सईद को रू. 10 लाख, इलेक्ट्रानिक गुड्स रिपेयरिंग हेतु शैलेन्द्र कुमार को रू. 04 लाख व शटरिंग उद्योग के लिए अंकित कुमार सिंह को रू. 07 लाख, एक जनपद एक उत्पाद




(मार्जिन मनी) योजना के फूड प्रोसेसिंग योजना के तहत मंसूर अहमद को रू. 05 लाख, शुभम टेकड़ीवाल व दाल मिलिंग के लिए निवेश मलानी को रू. 02-02 करोड़, राईस मिलिंग के लिए नवीन भानीराम को रू. 8.98 करोड़, फ्लोर मिलिंग के लिए ममता गरोड़िया को रू. 2.5 करोड़, दाल मिलिंग हेतु नरेन्द्र कुमार मलानी को 1.15 करोड़, ट्रेड़िंग आफ फूड प्रोसेसिंग गुड्स हेतु दीपा अग्रवाल को रू. 02 करोड़ की धनराशि के प्रतीक चेक का वितरण किया गया।

इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद (टूलकिट) योजना के तहत शिवानी श्रीवास्तव, राकेश कुमार, सुनीता देवी, सोना देवी, नन्दनी कन्नौजिया, पूर्णिमा सिंह, आरती चौहान, रंजना देवी, पुष्पा देवी व सकीना को टूल किट, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत सिलाई ट्रेड हेतु एस. करन, कौशकी, अंजली त्रिवेदी, मंशा देवी, अनन्ता देवी, कु. शीलू सोनकर, संध्या वर्मा व कमला देवी तथा राजमिस्त्री ट्रेड हेतु अखिलेश कुमार प्रजापति, भीमसेन, बृजनाथ व चन्द्रपाल को टूलकिट का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के तहत टेस्टिंग लैब के लिए प्रीति शर्मा, पेन्ट उद्योग के लिए शिवम तिवारी व आर.ओ. वाटर प्लान्ट के लिए शिव सागर को रू. 10-10 लाख की धनराशि के स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक सदर व जिलाधिकारी ने सरकार की रोजगार और उद्यम परक योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं से उसका लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अन्त में उपायुक्त उद्योग वीरेन्द्र ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी एस.पी. जायसवाल, उद्यमी अशोक मातनहेलिया, गौरी शंकर भानिरामका, विनोद टेकड़ीवाल, विजय केडिया, बृजमोहन मातनहेलिया, नरेन्द्र कुमार मालानी, अमित मित्तल, पंकज अग्रवाल व राघव केडिया सहित अन्य उद्यमी व लाभार्थी मौजूद रहे।

# राम नगरी के 21 धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण कराएगी योगी सरकार

### ...14 करोड़ रुपये होंगे खर्च, दिसंबर तक नए लुक में नजर आएंगे ये स्थल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

सीएम योगी की मंशा अयोध्या को सुंदरतम नगरी बनाने की है। इसे पूरा करने के लिए सीएम लगातार अयोध्या के विकास कार्यों पर खुद नजर रखे हैं। 32 हजार करोड़ रुपये से संपूर्ण अयोध्या का अभूतपूर्व विकास हो रहा है। वहीं राम नगरी में 14 करोड़ रुपये से 21 पौराणिक स्थलों का सुंदरीकरण कराया जाएगा। इसमें पंचकोसी व 14 कोसी परिक्रमा पथ सहित कई पौराणिक तीर्थों का 14 करोड़ से सुंदरीकरण किया जाना है।

**पौराणिक महत्ता वाले स्थलों को भव्य रूप देने की कवायद शुरू**

भव्य राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामनगरी की पहचान और पौराणिक महत्ता वाले स्थलों को भव्य रूप देने की कवायद शुरू हो चुकी है। दो चरणों में रामनगरी के



करीब 40 तीर्थस्थलों का जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण कराया जाना है। पहले चरण में अभी 21 धार्मिक स्थलों का चयन किया गया है। पौराणिक स्थलों के सुंदरीकरण के लिए प्रस्तावित पहले चरण में फसाड का काम होगा। इनमें से अधिकांश धार्मिक स्थलों पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

**गरिमा के अनुरूप प्रदान की जाएगी भव्यता**

इन स्थलों, पौराणिक कुंडों, तीर्थों के सुंदरीकरण के अतिरिक्त यात्री सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा। इनमें शौचालयों एवं पेयजल के अलावा विश्रामालय का भी निर्माण शामिल है। इसके साथ ही मंदिरों का फसाड दुरूस्त किया जाएगा। इनकी मुखाकृति को उनकी गरिमा के अनुसार भव्यता प्रदान की जाएगी। कुंडों के पास सीढ़ियों व घाटों का निर्माण, कहीं बाउंड्री व गेट का निर्माण, कहीं पाथ- वे के साथ इलेक्ट्रिक वर्क व अन्य योजनाएं सम्मिलित की गई हैं।

**इन स्थलों का होगा सुंदरीकरण**

21 करोड़ से जिन स्थलों का सुंदरीकरण होगा, उनमें सियाराम किला, दिगंबर अखाड़ा, तुलसी चौरा मंदिर, कौशल्या घाट मंदिर, कालेराम मंदिर, नेपाली मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, छोटी देवकाली मंदिर, मौर्या मंदिर, भरत महल मंदिर, रामगुलेला मंदिर, दशरथ भवन, राम कचहरी, ब्रह्मकुंड गुरूद्वारा, जानकीघाट, मंगल भवन और लक्ष्मण किला हैं। उपनिदेशक पर्यटन आरपी यादव के मुताबिक पहले चरण में 21 पौराणिक स्थलों का सुंदरीकरण कराया जाना है। इनकी गरिमा के अनुरूप इन्हें भव्यता प्रदान की जाएगी। इसमें कुछ मठ-मंदिर व कुंड शामिल हैं। इनका फसाड दुरूस्त किया जाएगा। साथ ही यात्री सुविधाएं भी विकसित करने की योजना है। यह सभी कार्य दिसंबर 2023 तक पूरे कर लिए जाएंगे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बलरामपुर होंडा शोरूम पर लांच हुई होंडा की पहली बाइक



**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** प्रसिद्ध मोटरसाइकिल कंपनी होंडा ने अपनी पहली 100 सीसी की बाइक होंडा मोटरसाइकिल के शोरूम पर लांच की है। बलरामपुर होंडा शोरूम पर हौंडा कंपनी के एरिया मैनेजर और शोरूम के निदेशक ने फीता काटकर मोटरसाइकिल को लांच किया। शोरूम के निदेशक अभिनव अग्रवाल ने बताया कि अभी तक होंडा के पास 100 सीसी की बाइक नहीं थी। ग्राहकों की मांग पर कंपनी ने 100 सीसी बाइक लांच कर दी है और यह बाइक मार्केट में अच्छा परफॉर्म करेगी। उन्होंने बताया कि लांचिंग के बाद ही हमारे शोरूम द्वारा 5 नई गाड़ियों को बेचा गया है और ग्राहकों को कई सारे ऑफर भी दिए गए हैं। होंडा कंपनी के एरिया मैनेजर हिमांशु सिंह ने दावा किया है कि यह बाइक बाजार में उपलब्ध सभी 100सीसी मोटरसाइकिलों से अच्छा रिस्पांस देगी और मार्केट में एक नई क्रांति लाएगी। मोटरसाइकिल लांचिंग के दौरान शोरूम के सेल्स मैनेजर सुनील चौहान, ओम प्रकाश पांडे, रामसहाय, अनुराग, अंशिका और स्नेहा सहित तमाम स्टाफ और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### खराब हैंडपंप की शिकायत कर सही करवाने की ग्रामीणों ने की मांग

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज-तराई बलरामपुर।** तुलसीपुर विकासखंड के 4 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने हैंडपंप खराब होने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल व विकास खंड अधिकारी को पत्र देकर मरम्मत करवाने की मांग की है। तुलसीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पिपरहवा बिशनपुर परसियाकला कालेबंजरवा हडपुर जनकपुर के ग्रामीण पांचू राजेंद्र वर्मा ठाकुर प्रसाद ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके गांव में लगे हैंडपंप को मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही महाराजगंज कस्बा के मदरसा अलहे सुन्नत नूरुल उलूम अतिकिया स्कूल के प्रबंधक सुस्ताती ने विकास खंड अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी को पत्र भेजकर अवगत कराया कि काफी दिनों से हैंडपंप खराब पड़ा हुआ है। जिससे मदरसा में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को पेयजल के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित मंगलवार परेड का एएसपी ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद की अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित मंगलवार परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट तथा स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगवाया। जानकारी के अनुसार 27 जून को अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ कराई गई। निरीक्षण के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार मॉक ड्रिल करवाई गयी। किसी भी विषम परिस्थित अथवा आपराधिक तत्वों से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार के शस्त्राभ्यास कराया गया तथा विभिन्न प्रकार के शस्त्रों के बारे में जानकारी दी गई। परेड के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाईन परिसर, जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, आदर्श आरक्षी बैरक तथा पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता परख कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने सुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन



**जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर-अयोध्या**

मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के अंतर्गत भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री ने वर्चुअली संवाद किया, मिल्कीपुर तहसील के अमानीगंज ब्लाक मुख्यालय परिसर में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह की अगुवाई में बूथ प्रमुख एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण सुना। प्रधानमंत्री ने अपने वर्चुअली संबोधन में कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने पसमांदा मुसलमानों को तबाह कर दिया है, उनके ही एक वर्ग ने पसमांदा मुसलमानों का शोषण किया इस पर कभी चर्चा नहीं हुई, आज भी उन्हें बराबरी का हक नहीं मिलता उन्हें नीचा और अछूत समझा जाता है। यह सब पिछड़े हैं इनके साथ भेदभाव हुआ है हमने सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ इनका भी विकास किया है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग सिर्फ अपने दल के लिए जीते हैं। वह ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें भ्रष्टाचार कमीशन की मलाई खाने का, कट मनी का हिस्सा मिलता है। उनका रास्ता तुष्टीकरण वोट बैंक का है, गरीब को गरीब बनाए रखने वंचित को वंचित बनाए रखने से ही उनकी राजनीति चलती है। प्रधानमंत्री का वर्चुअली संवाद सुनने में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, कुमारगंज बाजार मालिक विजय कुमार उपाध्याय अग्गू पंडित, शीतला बाजपेई, अखंड पाण्डेय, अजय सिंह, अनूप सिंह रानू, सर्वेश सिंह, जितेंद्र सिंह, अजीत सिंह, सर्वेश तिवारी, गौतम सिंह, अजीत गुप्ता, सुनील तिवारी, सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बूथ प्रमुख मौजूद रहे।

### मोपेड व कार की जोरदार टक्कर

**जन एक्सप्रेस/रुदौली-अयोध्या।** पटरंगा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम अशरफ पुर गंगरैला मोड़ के निकटअयोध्या से दर्शन कर लखनऊ की ओर जा रही क्रेटाकार की सामने से आ रही दो पहिया मोपेड की जोरदार भिड़न्त हो गई जिसमें चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर लोगों की काफ़ी भीड़ लग गई। लोगों ने घटना की सूचना पटरंगा पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल थानाध्यक्ष पटरंगा ओमप्रकाश, उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह व हाइवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह तत्काल पुलिस बल के घटना स्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को उपचार के लिए बनीकोडर अस्पताल में भर्ती कराया और राष्ट्रीय राजमार्ग से क्षतिग्रस्त वाहन को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटवाकर पटरंगा थाना मे खड़ा कराया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष पटरंगा ओमप्रकाश ने बताया कि मंगलवार को अयोध्या से दर्शन कर लखनऊ की ओर लौट रहे क्रेटा कार संख्या यूपी 33 ए जेड 2751की ग्राम अशरफ़ पुर गङ्गरेला गांव के मोड़ पास से अचानक सामने गए मोपेड संख्या यूपी 32एच सी 3235 को बचाने के चक्कर में क्रेटा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमे मोपेड सवार पंकज कुमार पुत्र अमृतलाल व उसकी पत्नी सुमन पत्नी पंकज कुमार निवासी सड़वाभेलू थाना असन्द्रा जिला बाराबंकी व क्रेता कार सवार इशिता मिश्रा पत्नी शिवांशु मिश्रा, दिव्यांशी द्विवेदी पुत्री राजेश कुमार द्विवेदी, निवासी गुड़म्बा थाना लखनऊ सहित चार लोग घायल हुए हैं जिन्हें बनीकोडर सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### वैष्णो दास की पुण्यतिथि पर संतों ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** तुलसी नगर वार्ड स्थित विश्वकर्मा पंचायती मंदिर में पूर्व महंत स्वर्गीय वैष्णो दास कि 75 वी पुण्य तिथि बड़े धूमधाम से मनाया गया वार्षिक स्थापना दिवस व पुण्यतिथि तीर्थ धाम के वरिष्ठ संत महंत व भक्तों स्वर्गीय वैष्णो दास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया एवं कृतार्थ हुए विश्वकर्मा मंदिर के महंत परमानंद शास्त्री ने बताया कि मंदिर का स्थापना दिवस व पुण्यतिथि मनाई जा रही है स्थापना महोत्सव में मंदिर से जुड़े हजारों भक्त दूरदराज से आए हैं क्षेत्र के संत महंत भी उपस्थित होकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया। परमानंद शास्त्री द्वारा अंग वस्त्र एवं दक्षिणा देकर सभी भक्तजन व संतो का स्वागत सम्मान किया गया है।

# नरेन्द्र मोदी को 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनाने को जुट जाएं: राज्यमंत्री संजय गंगवार

- मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में राज्यमंत्री का आह्वान
- कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का सुना वर्चुअल संवाद

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत आज मंगलवार को ''मेरा बूथ, सबसे मजबूत'' कार्यक्रम का आयोजन सिविल लाईन नार्थ स्थित मोती महल में किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा की कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है, जिसके बलवूते पर संगठन सरकारें बनाता है। उन्होनें आव्हान किया की आने वाले 2024 के लोक सभा चुनाव में एक बार फिर कार्यकर्ता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए जुट जाये। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल से किया, जहा देशभर से लाखों कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में भाग लेने पहुचे। यहा मोती महल में आयोजित कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं ने वर्चुअल सुना। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता से जुडाव रखें। मध्य प्रदेश की धरती का भाजपा को दुनिया का सबसे बड़ा दल बनाने में सबसे बड़ी भूमिका है। ऊर्जावान मध्य प्रदेश की धरती पर मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यकम का हिस्सा बनते हुए हृदय से आनंद आ रहा है। वर्चुअल संवाद में उन्होनें कहा की आज छह राज्यों को जोड़ने वाली पांच वंदेमातरम ट्रेन को झंडी दिखाने का मौका मिला। मध्य प्रदेश को दो वंदेभारत ट्रेन मिली हैं। अभी तक दिल्ली के सफर का आनंद ले रहे थे, अब इंदौर, जबलपुर का सफर भी आनंद दायक होगा। कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि आप पूरे समय बूथों पर डटे रहते हैं। मैं हमेशा अपडेट रहता हूं। भोपाल में आयोजित मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम, हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं के राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत आप हैं। मैं पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय नेतृत्व, मप्र नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं क्योंकि मैं 10 लाख कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहा हूं। किसी राजनीतिक दल का इतना बड़ा कार्यक्रम नहीं हुआ होगा। बूथ का नेतृत्व करने वालों का सम्मेलन इतिहास में पहली बार हो रहा होगा। आप भाजपा ही नहीं देश की समृद्धि के मजबूत सिपाही हैं। दल से बड़ा देश है। ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं से बात करना सौभाग्य की बात है।



**मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का सुना गया वर्चुअल संवाद**

**पूरनपुर।** मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संवाद मेरा बूथ सबसे मजबूत को सुनने के लिए कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए विचारों को ध्यानपूर्वक सुना गया। चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के विचारों पर अमल करते हुए बूथों को मजबूत करने के लिए कहा। के दौरान सभी कार्यकर्ताओं से भी जिम्मेदारी निभाने की अपील की गई। इस अवसर पर पूरनपुर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, जिला मंत्री भारतेन्दु सिंह,जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा परगट सिंह,भाजपा वरिष्ठ नेता हर्ष गुप्ता,नगर उपाध्यक्ष हर्ष प्रधान,नगर महामंत्री मनोज पासवान,मानस शुक्ला,प्रदीप सिंह (मुखिया), विधानसभा संयोजक सोशल मीडिया विभाग विवेक तिवारी,मानवेन्द्र सिंह,अंकित कुमार,सत्यपाल शर्मा और सभासद मौजूद रहे।



## डीएम की अध्यक्षता में ड्रमण्ड गंज ट्रस्ट की बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कालेज के प्रमुख कार्यो के कराए जाने सम्बन्धी विचार विमर्श हेतु ड्रमण्ड गंज ट्रस्ट की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानाचार्य ड्रमण्ड इण्टर कालेज द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय में 06 अध्यापकों को ड्रमंड गंज ट्रस्ट के द्वारा नियुक्ति की जानी, कालेज में खुल बिजली की तारों के स्थान पर केबिल द्वारा विद्युत सप्लाई, कालेज के दोनों गेटों पर कैटल कैचर के निर्माण, 02 स्मार्ट क्लास निर्माण, विद्यालय बैंड की स्थापना हेतु बैंड को खरीदने पर सहमति प्रदान की गई। विद्यालय में जलभराव की समस्या हेतु मिट्टी भराव तथा आंतरिक सड़को के निर्माण हेतु स्टीमेट पीडब्लूडी से प्राप्त कर आगे की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रधानाचार्य ड्रमण्ड इण्टर कालेज सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एमएसएमई दिवस का भव्य आयोजन हुआ संपन्न



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को जनपद में जिला उद्योग केन्द्र द्वारा एम0एस0एम0ई0 दिवस का भव्य आयोजन कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द ने की जानी प्रस्तावित थी। परन्तु कुछ अपरिहार्य कारणों से विधायक कार्यक्रम में उपस्थित नही हो सके उनके प्रतिनिधि डा0 बांके लाल गगवार पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अपरान्ह 12 बजे मुख्यमंत्री के लखनऊ के लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से की गयी। लाभार्थियों /उद्यमियों एवं अन्य द्वारा लखनऊ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। लखनऊ कार्यक्रम की समाप्ति के उपरान्त जिला उद्योग केन्द्र में उद्यमियों के साथ विचार गोष्ठी की गयी। डिप्टी कमिश्नर उद्योग आत्मदेव शर्मा द्वारा सभी लाभार्थियों/उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद से 04 लाभार्थी लखनऊ गये है। जिनको मुख्यमंत्री द्वारा लगभग रू. 5500000 का लोन वितरित किया जायेगा। इसी क्रम में अवगत कराया गया कि जनपद में उद्योग विभाग द्वारा लगभग 02 करोड़ की ऋण योजनायें चलायी जाती है, जिसमें लगभग 15 से 35 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। इसके अलावा विभिन्न टेर्‌निंग योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के कारीगरों को प्रशिक्षित किया जाता है एवं टूलकिट भी दी जाती है। मेले में जाने वाले शिल्पकार/कारीगरों को भी वित्तीय सहायता दी जाती है पिछले कुछ समय से जनपद में निवेश करने के लिए सकारात्मक माहौल बना हुआ है एवं एम0एस0एम0ई0 विभाग में लगभग रू. 567 करोड़ के निवेश प्रस्ताव इसी वर्ष धरातल पर आयेगें। उद्यमी की समस्याओं को दूर करने के लिए निवेश मित्र पोर्टल बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। नये निवेशकों की भूमि सम्बन्धी समस्याओं को दूर करने के लिए प्लेज पार स्क्रीम की शुरूआत की गयी है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्यमियों की समस्याओं को सुनने के लिए जिला उद्योग समिति की बैठक प्रत्येक माह ससमय होती है एवं जिलाधिकारी द्वारा निवेश प्रस्तावों की समीक्षा बैठक हर 15 दिन में की जाती है। बांके लाल गंगवार द्वारा मुख्यमंत्री की योजनाओं के विषय में बताया गया एवं उद्यमियों को उद्यम के लिए प्रोत्साहित किया एवं रू. 1 करोड़ से अधिक लोन चेक वितरित किये। कार्यक्रम में उपस्थित अग्रणी जिला प्रबन्धक द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि उद्यमियों को बैंकों से कोई भी समस्या न आये यह सुनिश्चित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला विकास प्रबन्धक अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ने दो गरीब छात्राओं को टेबलेट बांटे

- रोटरी क्लब द्वारा जन-जन और विशेषकर कन्याओं के प्रति किए गए कार्य अति सराहनीय: डॉ एसके अग्रवाल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




मंगलवार को रोटरी क्लब आफ पीलीभीत ने जनपद के स्कूलों की अत्यधिक गरीब 11 वीं कक्षाओं के मेधावी छात्राओं क्लब की ओर से अध्ययन अध्यापन हेतु टेबलेट प्रदान किए।रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ मनोज गुप्ता ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय रोटरी क्लब की अध्यक्षा जेनिफर जॉन्स के आवाहन पर रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3110 के गवर्नर रो,पवन अग्रवाल ने पिछले वर्ष 1 जुलाई को कन्याश्री कार्यक्रम का प्रारंभ जनपद में कन्याओं के लिए साइकिल प्रदान करने के साथ किया था। वर्ष के अंत में रोटेरियन पवन अग्रवाल की प्रेरणा से समापन भी कन्याओं को अध्ययन अध्यापन के लिए टेबलेट बांटने के साथ किया जा रहा हैं। आज एकता नगर स्थित बेन हर स्कूल में कुमारी अंशिका वर्मा छात्रा आरया कन्या इंटर कॉलेज कक्षा 11 की छात्रा जिसके माता-पिता मजदूर हैं। लेकिन यह मेधावी छात्रा हैं। तथा प्रगति राठौर इसके पिता स्वर्गवासी हो गए हैं। और यह अत्यंत गरीब हैं। इसकी फीस भी रोटेरियंस द्वारा ही जमा की जाती हैं। इन दोनों छात्राओं को आज एक समारोह में बेनहर स्कूल की संस्थापक रंजीत सैहमी ने टैबलेट्स प्रदान किए। इस बीच कार्यक्रम में बोलते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस के अग्रवाल ने कहा रोटरी क्लब ने जो जन जन के लिए और विशेषकर कन्याओं के लिए जो कार्य किए हैं। वे अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय है उनसे कन्याओं के अध्ययन अध्यापन में अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा। आज के कार्यक्रम में डॉक्टर जगमोहन परविंदर सिंह सैहमी, डॉ अनिल सक्सेना, रो एसपीएस संधू, रोटेरियन अनिल अग्रवाल, अंशु अग्रवाल ,रोटेरियन रचित अग्रवाल, रो,खेड़ा आदि उपस्थित थें।। कार्यक्रम के अंत में सचिव कार्तिक भसीन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## तालाब में पल रही मछलियों की जहर डालने से हुई मौत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

तालाब में मछ्ली पालन के लिए डाली गई मछलियां किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तालाब में जहर डाले जाने से मर गई। पीड़ित ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की हैं। दियोरिया के गांव मनपुरा निवासी राजाराम पुत्र कढ़ेराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है।कि उसने खामघाट बल्देवपुर में एक तालाब मछ्ली पालन हेतु पट्टे पर लिया था आरोप हैं। की रात को किसी अज्ञात व्यक्ति ने तालाब में जहर मिला दिया है। जिससे तालाब में तैयार हुई सारी मछलियां मर गई है। जिससे पीड़ित का भारी नुकसान हुआ है पीड़ित ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# इलावांस देवल मेले में पैंतबोझी के युवक की सर्पदंश से मौत

- परिवार में मचा कोहराम, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**दियोरिया कला।** इलावांस देवल के मेले में कास्मेटिक की दुकान लगाए युवक को सांप ने काट लिया परिजनों को जब घटना की सूचना मिली तो युवक को लेकर झाड़ फूंक बाले के पास ले गए जहां से हालत बिगड़ने पर युवक को जिला अस्पताल ले गए जहां युवक ने दम तोड़ दिया जिससे परिवार में कोहराम मच गया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया हैं। गांव पैतबोझी निवासी बीडीसी सदस्य ज्वाला प्रसाद का पुत्र मनीश कुमार -25 वर्ष इलावांस देवल पर लगे जात मेले में अपनी कास्मेटिक की दुकान लगाई थी शाम के समय दुकान पर बैठा था तभी किसी सर्प ने काट लिया घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए किसी झाड़ फूंक बाले के पास ले गए कोई लाभ नहीं मिलने पर युवक को जिला अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। अपने पति की मौत से पत्नी लक्ष्मी देवी का रो रोकर बुरा हाल है बेटा बब्लू-6वर्ष, छत्रपाल-5, तथा बेटी पिंकी-3वर्ष का भी अपने पिता के वियोग से परेशान हैं।

# लोक कल्याण दिवस के रूप में मनेगा सपा मुखिया का जन्म दिन

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 50वाँ जन्म दिन 1 जुलाई को सादगी पूर्ण ढंग से लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस आशय का निर्णय सपाइयों ने सर्वसम्मति से लिया है। सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने जन एक्सप्रेस को बताया कि इस दिन ज़िला कार्यालय जार्ज टाउन में सुबह 10 बजे जिलाध्यक्ष अनिल यादव की अगुवाई में सपा नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर अपने चहेते नेता को प्रदेश एवं देश की राजनीति में समाजवाद का परचम लहराते हुए स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की जाएगी। सरकार में किये गए जन- हित के कार्यों की चर्चा करते हुए लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने के लिये व्यापक लोक जागरण अभियान की भावी रणनीति पर भी चर्चा की जाएगी।



# सपाइयों की बैठक में लिए गए कई फैसले

- संगठन में पहली बार जोनल प्रभारी बनेंगे
- बूथ की मजबूती के लिए होगी त्रिस्तरीय निगरानी

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

समाजवादी पार्टी की ज़िला इकाई गंगापार की नई कार्यकारिणी की पहली बैठक में आज कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने की जबकि संचालन ज़िला महासचिव रामसुमेर पाल ने किया। सपा के ज़िला कार्यालय जार्जटाउन में हुई बैठक में प्रदेश नेतृत्व द्वारा भेजे गए दिशा निर्देशों को पढ़कर सुनाया गया। इसके बाद प्रमुख बिंदुओं पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। संगठन में पहली बार जोनल प्रभारी की नियुक्ति पर चर्चा करते हुए तय किया गया कि संगठन को बूथ स्तर पर मजबूती देने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम 10 बूथों पर एक सेक्टर प्रभारी तथा छह से सात सेक्टर पर एक जोनल प्रभारी बनाए जायेंगे। ब्लाक एवं विधानसभा क्षेत्र सहित ज़िला कार्यकारिणी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को भी सभी विधानसभा क्षेत्रों में निरंतर जनसम्पर्क तेज करना होगा। संगठन की मजबूती के लिए भी सक्रिय रहने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, मेराज आरिफ, दान बहादुर मधुर, डॉ राजेश यादव, वीरेंद्र पाल, इरशाद चौधरी,अमरनाथ मौर्य, जितेंद्र सिंह पटेल,प्रेमचंद्र मौर्या, राज बहादुर यादव, केके यादव, फूलचंद्र कन्नौजिया, प्रमोद पटेल, डॉ आकाश यादव, असगर अली अंसारी, अतर सिंह, शकील अहमद, अमर सिंह, बच्चा यादव, श्याम सूरत सरोज, जगदीश यादव, रामअवध पाल, राकेश सिंह, नाटे चौधरी, गोपाल श्रीवास्तव,संजय यादव, हरिश्चंद्र उर्फ़ पप्पू, भुवाई लाल यादव, रामप्रताप यादव,श्रीमती गीता यादव, बेला सिंह, शिव प्रसाद विश्वकर्मा, भोला यादव, राजवंत पटेल, ननकू राम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# कमरे में युवक मृत पाए जाने से मचा कोहराम

- पत्नी ने भाई पर लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने जांच की शुरू

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

> थाना न्यूरिया क्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की है। उसके आधार पर जानकारी प्राप्त हुई है कि कुछ विवाद इनका पारिवारिक हुआ है तहरीर मिली है उसके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही हैं।शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है जो भी साक्ष्य मिलेंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> -अनिल कुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक,पीलीभीत

थाना न्यूरिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला मोहल्ला खेड़ा निवासी शाहरुख जो कि सोमवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गया उसी कमरे में उसकी पत्नी भी सोई हुई थी। मंगलवार को सुबह युवक अपने कमरे में मृत पाया गया। उसके गले पर चोट के निशान हैं। पत्नी अलीशा ने ही सबसे पहले शव देखा। उसके बाद अलीशा ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया कि शाहरुख को उसके भाइयों ने मार डाला है। दूसरी ओर मृतक के भाई जुम्मा, बशीर और नबी तीनों का आरोप है कि शाहरुख की पत्नी ने ही गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची थाना पोस्टमार्टम कराया जा रहा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जिले के न्यूरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खेड़ा मोहल्ले की बताई जा रही है। जहां मोहल्ले के रहने वाले वेल्डर मिस्त्री शाहरुख का शव मंगलवार सुबह घर के अंदर ही जमीन पर पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। घटना के बाद मृतक की मां सुनहरी बेगम ने मृतक की पत्नी के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। वहीं दूसरी तरफ मृतक की पत्नी ने भी ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। परिजनों की मानें तो मृतक शाहरुख की शादी 7 महीने पहले हुई थी।शादी के बाद से ही शाहरुख अपनी पत्नी के साथ घर के ही अलग हिस्से में रहता था। मंगलवार सुबह शाहरुख का शव घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में जमीन पर पड़ा मिला। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल युवक की मौत कैसे हुई है पुलिस इस पर जांच कर रही है।

## उच्च न्यायालय के नेत्र चिकित्सा शिविर का सैकड़ों वकीलों ने उठाया लाभ

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के लाइब्रेरी हाल में दो दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुण्ड, चित्रकूट द्वारा शुरू किए गए शिविर में आज पहले दिन छह सौ अधिवक्ता एवं उनके परिजनों को नेत्र चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई गई। शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर न्यायमूर्ति महेश चन्द्र त्रिपाठी एवं न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया द्वारा किया गया। नेत्र विशेषज्ञों की टीम में डॉ0 अभिलाष शर्मा, डॉ0 प्रदीप रजक, डॉ0 शिवम मिश्रा, टेक्नीशियन अखिलेश यादव, रुचि भारती, राजकुमार एवं विपिन पटेल द्वारा नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदान की गई। पंद्रह लोगों को मोतियाबिन्द आपरेशन हेतु सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, जानकी कुण्ड, चित्रकूट रेफर किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, महासचिव नितिन शर्मा, अमित केश्व श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आशुतोष पाण्डेय, अशोक कुमार त्रिपाठी, अजय कुमार मिश्र, अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, स्वर्णलता सुमन उपाध्यक्षगण, सर्वेश कुमार दुबे संयुक्त सचिव प्रशासन, अजय सिंह संयुक्त सचिव लाइब्रेरी, अमरेन्दु सिंह संयुक्त सचिव प्रेस, अंजना चुतर्वेदी संयुक्त सचिव महिला, आशीष कुमार मिश्र कोषाध्यक्ष, प्रीति द्विवेदी, सरिता सिंह, अभ्युदय त्रिपाठी, विनोद राय, अमित कुमार पाण्डेय, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, अरविन्द कुमार सिंह, अरूण कुमार त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र, सुधीर कुमार केसरवानी, साइमा सहेर, अनिरूद्ध ओझा, अनिल कुमार मिश्र, गुलाब सिंह यादव एवं अनिल प्रताप सिंह कार्यकारिणी सदस्यगण सहित अशोक शुक्ला, अवनीश उपाध्याय, संतोष पाण्डेय, दिग्विजय तिवारी के अलावा काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# सरकारी दफ्तरों में खुलेगा दीदी कैफे

जन एक्सप्रेस । राजेश सरकार

**प्रयागराज। यमुनानगर।** योगी सरकार में खुश करने वाली खबर है। अब उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी दफ्तरों में ÷दीदी कैफे÷ खुलेगा। इसका संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं खुद करेंगी। यहां छोले भटूरे, समोसे, चाऊमीन, ब्रेड पकौड़ा, पेटीज, अमूल छाछ, कोल्डड्रिंक, चिप्स, नमकीन, कुल्हड़ चाय, पकौड़ी समेत पूरा खाना भी मिलेगा। प्रयागराज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय (सीएमओ ऑफिस) से इसकी शुरुआत भी हो रही है। यहां काम भी शुरू हो गया। जल्द ही यह बनकर तैयार भी हो जाएगा। सरकार की इस पहल से महिलाओं को स्वरोजगार भी मिलेगा। दरअसल, दीदी कैफे का संचालन दीनदयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत होगा। नगर निगम, डूडा की ओर से इसकी पहल शुरू हो चुकी है। डूडा की परियोजना निदेशक वर्तिका सिंह ने बताया कि प्रयागराज समेत पूरे प्रदेश में दीदी कैफे खुलेगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है।

**खाने की थाली से लेकर नाश्ते की प्लेट तक**

दीदी कैफे में जो भी खाने पीने के सामान उपलब्ध होंगे उसकी कीमत भी ज्यादा नहीं होगी। प्रयागराज की स्वयं सहायता समूह की प्रमुख सोनालिका के अनुसार, प्रयागराज में सीएमओ आफिस से इसका शुभारंभ होने जा रहा है। यहां चाऊमीन, माइक्रोनी, छोला भटूरा, छोला चावल महज 20 रुपये में मिलेंगे। कढ़ी चावल, दाल चावल 40 रुपये में, राजमा चावल 50 रुपये में, मूंग की दाल 30 रुपये, पेटीज 10 रुपये, कुल्हड़ चाय 10 रुपये, समोसा 5 रुपये, दलिया या खिचड़ी 40 रुपये प्लेट मिलेगा। इसके अलावा अन्य खाने पीने के सामान भी यहां उपलब्ध होंगे। सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने बताया कि यह सार्थक पहल है। इसलिए आफिस के कार्नर पर इसके लिए स्थान उपलब्ध करा दिया गया है।

## पेज 1 का शेष...

**पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं...**

जिसमें रीना ने पीएम मोदी से सवाल पूछा कि समान नागरिक संहिता को लेकर विपक्षी दल मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर रहे हैं। हम मुस्लिम समुदाय को कैसे समझाएं? इस पर पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जवाब दिया और कहा कि तथ्यों के आधार पर बात करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इसी तरह तीन तलाक को भी खत्म नहीं किया गया था। मुस्लिम महिलाओं के साथ अन्याय किया जा रहा था। इससे मुस्लिम परिवार पूरे तबाह हो जाते हैं लेकिन वोट बैंक के लिए न्याय नहीं किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मुस्लिम बहुल देश भी तीन तलाक लागू नहीं करते हैं। मुस्लिम बहुल देशों में भी तीन तलाक बंद कर दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने पसमांदा मुसलमानों के साथ अन्याय तो किया ही है उनका शोषण भी किया है। पसमांदा मुसलमानों को बराबरी का हक नहीं मिलता है। उन्हें नीचा समझा जाता है। यही कारण है कि ये समाज अभी भी बहुत पिछड़ा हुआ है। भाजपा देश के हर नागरिक के विकास के लिए सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ काम कर रही है।

**तीन तलाक का इस्लाम...**

जहां दल से बड़ा देश हो ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं से बात करने का मेरे लिए भी एक अवसर है. मैं भी बहुत उत्सुक हूं. उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत आप सभी कार्यकर्ता हैं. प्रधानमंत्री या चीफ मिनिस्टर कोई बूथ कार्यकर्ता की सूचना पर ही सफल रणनीति बनाता है. हम भाजपा के वो कार्यकर्ता नहीं है. जो एसी में बैठकर पार्टी चलाते है. हम गांव.-गांव जाकर सर्दी और बारिश में हर मौसम में जनता के बीच खुद को खपाते है. इसके चलते उनका मजबूत होना स्वाभाविक है. बूथ कमेटी के चलते उज्जवला योजना का विचार हुआ. हमें गांव के कार्यकर्ता ने ही उज्जवला योजना के बारे में समझाया था. इसके बाद में नीति बनी और योजना घर. घर तक पहुंची.

**अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर 20...**

अकेले वाराणसी में ही 23 जीआई टैग प्राप्त है। वहां के रग-रग में हुनर है। कला है। स्किल भी है। हर जनपद के एक उत्पाद को जीआई टैग प्राप्त करवाने के प्रयास करने चाहिए। ऐसा हो जाएगा तो उत्तर प्रदेश देश और दुनिया मे छा जाएगा। एमएसएमई मिनिस्टर राकेश सचान ने कहा, उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है और तमाम संभावनाओं को लपेटे हुए एमएसएमई का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे युवा मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन पर लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस कार्यक्रम में 20 हजार करोड़ का लोन बांटा गया, 11 उत्पादों को जीआई प्रमाण पत्र दिया गया। प्रयागराज में गोबर गैस प्लांट का लोकार्पण भी किया गया। कानपुर देहात, सहारनपुर और अलीगढ़ में प्लीज स्कीम के तहत पार्क बनाए जाएंगे।

**एनकाउंटर में 1.25 लाख का इनामी...**

सुबह करीब 6 बजे गुफरान की मौत हुई है। एनकाउंटर में पुलिस ने उसके पास से 9 एमएम की एक कार्बाइन, 32 बोर की पिस्टल और अपाचे बाइक बरामद की है। पुलिस ने एनकाउंटर स्पॉट की तस्वीरें भी जारी की हैं। इनमें कच्ची सड़क पर झाड़ियों में गिरी बाइक दिख रही है। पास में कार्बाइन पड़ी है। झाड़ियों में हर तरफ खून भी पड़ा है। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। फॉरेंसिक की टीम साक्ष्यों को इकट्ठा कर रही है। जहां एनकाउंटर हुआ वह सड़क से 50 मीटर की दूरी पर है।

**तांत्रिक, पेंटर के मर्डर में पुलिस को थी तलाश:** 1 सितंबर 2019 को तांत्रिक लालता प्रसाद की नरायणपुर गांव के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद उसने प्रतापगढ़ में ही एक पेंटर का मर्डर किया। इस मामले में गुफरान आरोपी था। वो प्रतापगढ़ के नगर कोतवाली इलाके का रहने वाला है।

# प्रेम प्रसंग के चलते हत्या कर शव गायब किए जाने की आशंका

## परिजनों ने रोड जाम कर जमकर किया हंगामा, पुलिस से हुई झड़प

जन एक्सप्रेस। बीघापुर/उन्नाव







बिहार थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग को लेकर हत्या कर शव गायब किए जाने की आशंका जताकर युवक के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। रोड जाम कर प्रदर्शन किये जाने के दौरान भीड़ की पुलिस से झड़प भी हुई। करीब दो घंटे तक चला हंगामा युवती के पिता व दो मामा को हिरासत में लिए जाने के बाद समाप्त हो सका। इस दौरान मौके पर कई थानों के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद रहा।

मामला बिहार थाना क्षेत्र में रायबरेली राजमार्ग स्थित रकमापुर आकमपुर का है। यहाँ के रहने वाले सोहनलाल राजपूत 26 पुत्र रमई लाल की घर से चार सौ मीटर की दूरी पर फोटोकापी व जाबवर्क की दुकान है। सोहन के परिवारीजनों ने बताया कि सोहन का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी होने पर 2 महीने पूर्व युवती के परिवारीजनों ने मारपीट की थी। जिसके बाद दोनों पक्षों में संमझौता हुआ था। आरोप है कि समझौते के बावजूद युवती के परिजनों ने सोहन की हत्या की धमकी दी थी। परिजनों के अनुसार सोहन रोज की तरह रात 10 बजे भोजन करके दुकान सोने के लिए आया था। सुबह 6-30 बजे भाई विजय कुमार दुकान पंहुचा तो वहाँ खून के छीटें पड़े मिले और सोहनलाल का खून से सना शर्ट काउंटर पर मिला। विजय की सूचना पर एकत्रित हुए परिवारीजन हंगामा करने लगे और पुलिस को सूचना दी। करीब दो घंटा तक पुलिस से चली झड़प के बाद ग्रामीणों ने युवती के परिवारीजनों पर हत्या कर शव गायब कर देने का आरोप लगाकर रायबरेली राजमार्ग जाम कर दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस बल जाम खुलवाने के प्रयास करता रहा। घटना को लेकर सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपी के घर से युवती के दो मामा को हिरासत में लिया तब ग्रामीण शांत हुए। देर शाम तक युवक का पुलिस पता नहीं लगा सकी। इस दौरान कई थानों की फोर्स के अलावा अतिरिक्त पुलिसबल मौके पर मौजूद रहा। घटनास्थल का क्षेत्राधिकारी, एसडीएम व अपर पुलिस अधीक्षक ने भी निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक संदीप शुक्ला ने बताया कि घटना को लेकर हर पहलू की जांच की जा रही है।

### डागस्क्वॉयड व फोरेंसिक यूनिट ने जुटाए सबूत

डाग स्क्वायड टीम के साथ आये स्निफर डाग स्वान ब्लूई घटनास्थल का जायजा लेने के बाद रायबरेली राजमार्ग के किनारे किनारे रकमापुर विद्यालय तक गयी। इसके आगे स्वान ब्लूई कोई इशारा नहीं दे सकी। जबकिं फोरेंसिक यूनिट ने दुकान व आसपास से घटना के सबूत जुटाए।

### डायल 112 ने नाबालिग को मारी टक्कर

ग्रामीणों व परिजनों के हंगामे के बीच थाना पुलिस आरोपी नीरज व सूरज को हिरासत में लेकर डायल 112 की कार से थाने ले जा रही थी। इस दौरान घटनास्थल पर भीड़ का खतरा देखकर चालक दिलीप यादव ने जैसे ही कार निकालने का प्रयास किया सचिन 12 पुत्र पूतू को टक्कर लग गई। पुलिस ने तत्काल ही उसे सुमेरपुर पीएचसी ले जाकर उपचार दिलवाया तब लोगों का आक्रोश कम हुआ।

### ऑनर किलिंग या प्रायोजित घटना ?

घटना के बाद सोहनलाल के साथ ही युवती का भी कोई सुराग पुलिस को नहीं मिल सका है। ऐसे में स्थानीय लोग ऑनर किलिंग की प्रबल संभावनाएं जता रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि सोहनलाल द्वारा प्रायोजित तरीके से घटनाक्रम अंजाम दिया गया होगा तो दुकान में खून से सनी शर्ट व अंदर से बाहर तक खून के छींटे के अलावा टूटी चूड़ियों आदि की जांच से खुलासा हो जाएगा।

### युवती के पिता व दो मामा समेत अज्ञात पर लगाया हत्या कर शव गायब करने जा आरोप

पाटन। पिता रमई लाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा सोहनलाल आकमपुर तिराहे पर फोटोकापी व अन्य कार्य की दुकान करता था। दूसरा पुत्र विजय कुमार इसी दुकान में सिलाई आदि का कार्य करता था। रोज की तरह बीती रात वह खाना खाने के बाद अपनी दुकान की रखवाली करने चला गया था। मंगलवार की सुबह करीब 6-30 जब विजय कुमार घर से दुकान पर पहुंचा तो दुकान का शटर खुला हुआ था और सोहन लाल का शर्ट खून से लथपथ काउंटर पर पड़ा था। दुकान में रखा लैपटॉप, प्रिंटर व मोबाइल के अलावा 40 हजार नकदी आदि भी गायब थे। दुकान के काउंटर पर खून पड़ा देखकर विजय ने परिवारी जनों को सूचना दी। इस दौरान पता चला कि पड़ोसी निवासी धुन्नी सिंह पुत्र राम प्रताप सिंह निवासी आकमपुर तिराहा व धुन्नी सिंह के साले सूरज सिंह व नीरज सिंह आदि ने कुछ अज्ञात लोगों के साथ रात में दुकान पर चढ़ाई कर सोहनलाल के साथ मारपीट की थी और उसे अगवा कर लिया था। पिता रमई लाल ने तहरीर में हमलावरों पर उसके बेटे की हत्या कर लाश गायब कर देने का आरोप लगाया है। इस दौरान दुकान के सामने खड़ी कार के शीशे और बोनट पर भी खून के धब्बे मिले। रमई लाल के अनुसार धुन्नी सिंह ने पूर्व में भी उसके बेटे के साथ मारपीट की थी और जान से मार देने की धमकी दी थी।

# प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद योजनाओं की दी जानकारी



जन एक्सप्रेस। बिछिया/उन्नाव

ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता व स्वयं सहायता समूह की महिला अध्यक्ष संध्या बाजपेई सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना कार्यक्रम के बाद ब्लाक प्रमुख ने जनसंपर्क कर पार्टी की योजनाओं की लोगों को जानकारी दी। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को महिला समूह अध्यक्ष व तौरा कोटेदार संध्या बाजपेई के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लोगों को सुनाया गया। कार्यक्रम सुनने के लिए सुबह से ही लोगों का जमावड़ा देखने को मिला भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं नए लोगों को टेलीविजन पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को दिखाया इस दौरान कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता, मंडल महामंत्री राकेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, सचिन शुक्ला, चंद्र प्रकाश गुप्ता, दीपक शुक्ला, रामू द्विवेदी, सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता ने लोगों से जनसंपर्क किया।

### गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/पुरवा मौरावां/उन्नाव। मंगलवार को कोतवाली के दरोगा जितेन्द्र पाण्डेय ने हमराही मनीष कुमार राय, रोहित सिंह व सिपाही सचिन कुमार के साथ बिल्लेश्वर मंदिर चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। जहां चेकिंग के दौरान नगर के मोहल्ला दुर्गापुर निवासी पिंटू कुमार पुत्र सतीश सोनकर को 1 किलो 400 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर कोतवाली पुलिस ने युवक को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया है।

# गोकशी में 6 पर गैंगस्टर की कार्यवाही समेत एक वारंटी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज/उन्नाव

कोतवाली अजगैन पुलिस ने गोकशी के मामले में गैंगस्टर के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

कोतवाली पुलिस ने गोकशी के मामले में कार्रवाई करते हुए छह लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया। जिनमें जिला मुजफ्फरपुर से तीन लोग खालिद पुत्र बुद्धू निवासी कवाल थाना जानसठ, आसिफ पुत्र मोहर्रम अली निवासी मुजेहड़ा थाना मीरपुर, शोएब कुरैशी पुत्र निसार निवासी शाहपुर थाना शाहपुर व लखनऊ जिला से 2 लोग पंकज सिंह पुत्र गिरवर सिंह निवासी बिजनौर थाना सरोजनी नगर, हफीजुर्रहमान पुत्र फजलुर्रहमान निवासी सीएनजी पेट्रोल पंप टंकी सचिवालय कॉलोनी मडियाव, अयाज पुत्र स्वर्गीय सिराज निवासी काजी गढ़ी थाना मौरावां जिला उन्नाव के निवासी हैं। कोतवाल वी के मिश्रा ने बताया मामले के संदर्भ में रिपोर्ट प्रेषित की गई है।

वहीं एक अन्य मामले में वारंटी बुद्धि लाल पुत्र जवाहर लाल निवासी हिंदू खेड़ा अजगैन उम्र 70 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# राजकीय पक्षी सारस की गणना सोमवार से प्रारम्भ

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव

राजकीय पक्षी सारस की गणना का काम प्रदेश में एक साथ सोमवार को शुरु किया गया। मंगलवार को दूसरे दिन चन्द्र शेखर पक्षी विहार में रेन्जर ने इसकी शुरुवात की। गणना के दौरान पक्षी विहार में कुल 14 सारस पक्षी मिले साथ ही कराटे सीखने वाले बच्चो को सारस के संरक्षण के बारे में जागरुक करने के लिये एक संगोष्ठी की गयी।



रेन्जर विवेक सिंह ने बताया की प्रदेश में राजकीय पक्षी सारस की गणना करने का काम किया जा रहा है। जोकि तीन दिन चलेगा। 26 से 27 जून तक इसी के तहत सुबह 6 से आठ बजे तक और शाम को 4 से 6 बजे तक गणना का काम किया गया। सुबह के सर्वे में 6 जोड़े यानि की 10 सारस पक्षी मिले और शाम को 7 जोड़े 14 पक्षी दिखाई दिये। बताया की जो संख्या ज्यादा होती है वही माना जाता है की सारस की संख्या कुल उतनी है। जिससे की 14 सारस पक्षी विहार में 27 जून को दिखे। बताया की सारस पक्षी राजकीय पक्षी है और इसकी काफी मान्यता है ये विदेश से भी आते है और इसका वर्णन तो पुराणों में भी है। इसके साथ ही पक्षी विहार पंहुचे कराटे सीखने वाले 25 छात्र-छात्राओं को सारस पक्षी के बारे मे बताने के साथ ही अण्डे कैसे होते है और उनका संरक्षण कैसे किया जायेगा इसके बारे में जानकारी दी। बताया की सारस पक्षी पर्यावरण के लिये कितना आवश्यक है साथ ही सारस पक्षी की विशेषता भी बताई गयी। इस दौरान एक निबन्ध प्रतियोगिता भी हुई जिसमें विजयी बच्चो को पुरस्कार दिया गया। दूसरे दिन गणना में रेन्जर विवेक सिंह, फारेस्टर आदित्य सिंह, वनविभाग के कर्मचारी व ग्रामीणों समेत कराटे सीखने वाले बच्चे भी मौजूद रहे।

# ककवन नहर में मछली शिकार के दौरान खूनी संघर्ष में नहीं हुई कोई बड़ी करवाई

## मछली शिकार के दौरान दोनों ओर से चले थे कांता, बल्लम, छुरी, भाले

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थाना अंतर्गत कस्बे से गुजरी निचली गंगनहर मे प्रतिबंधित मछली शिकार के बावजूद ककवन कस्बे मे शिकार हो रहा था किसी बात को लेकर दो गुटों में कांता, बलम, छुरी, भाले चले देखते देखते लोग नहर पटरी पर हाथों में अवैध औजार लिए एक-दूसरे के खून के प्यासे हमला कर रहे थे। जोकि वीडियो में दिखाई पड रहे हैं सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष बृजमोहन ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया पुलिस प्रशासन ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया 6 लोगों की शांति भंग में जमानत हो गई है जहां पर औजारों का प्रदर्शन और खून खराबा होना लेकिन अभी किसी के पास से कोई औजार थाने में जमा नहीं कराए गए अवैध रूप से रखे औजार थाने में जमा हो जाते और हमलावरों के हौसले पस्त होते इसके चलते हमलावर किसी समय दोबारा फिर हमला कर सकते हैं तो क्या होगा पुलिस कैसे रोकेगी वहीं पर सूत्रों की माने तो ककवन नहर की मछली शिकारी लोग तहसील थाना और नेताओं के चौखट तक पहुंचाते हैं जिसके चलते दोनों पार्टियां एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर शिफारस लगा रहे हैं। वहीं पर नेता लोग समझौता कराने की फिराक में है ककवन थानाध्यक्ष से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनका नंबर नहीं लगता हैं।

# कमसान गांव स्थित मौनी आश्रम पर हवन पूजन, कन्या भोज, के बाद विशाल भंडारा

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील के कमसान गांव स्थित तपोभूमि मौनी आश्रम पर मंगलवार को हवन पूजन के बाद कन्या भोज तत्पश्चात भंडारे का आयोजन में आसपास गांव की कन्याएं और भक्तों ने प्रसाद चखा इस मौके पर उनके भक्त श्रीराम यादव ने बताया प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया गया लेकिन गांव में बड़ी दुर्घटना हो जाने की वजह से इस वर्ष बृहद रूप से नहीं मनाया गया।



तपोवन मौनी आश्रम की मान्यता है जो भी सच्चे भाव से आकर अपनी विनती करता है उसकी मनोकामना पूर्ण हुई हैं जिसके चलते मंगलवार को सैकड़ों की संख्या मे भक्त अपनी मुराद पूरी होने पर प्रसाद आदि चढ़ाकर उनके दर्शन करने प्रत्येक मंगलवार को दूर-दूर से आते हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### शिक्षकों को दूध के वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज/उन्नाव। कोतवाली गंगा घाट क्षेत्र के रहने वाले शिक्षक अपने चार साथियों के साथ आगरा से वीडियो की परीक्षा देकर कार से वापस आ रहे थे। तभी देर रात शिवराजपुर कानपुर के पास सामने से आ रहे दुग्ध वाहन की कार से टक्कर हो गई। जिससे शुक्लागंज और उन्नाव के शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दो अन्य घायल है। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। प्रेम नगर शुक्लागंज निवासी अंकित रावत पुत्र वीरेंद्र रावत सुमेरपुर के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। अपने साथी बीघापुर निवासी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक गांधी नगर उन्नाव के रहने वाले अमित कुमार पुत्र मोतीलाल, गांधीनगर निवासी शैलेश कुमार पुत्र मोतीलाल शुक्लागंज गांधीनगर निवासी राजेश कुमार पुत्र रामदयाल प्रेम नगर के रहने वाले अनिल कुमार पुत्र बंदी प्रसाद के साथ सोमवार को वीडियो की परीक्षा देकर आगरा से वापस आ रहे थे। सभी देर रात शिवराजपुर कानपुर में सामने से आ रहे अनियंत्रित दुग्ध वाहन ने टक्कर मार दी इससे उनकी मौके पर मौत हो गई। बीते दिन मंगलवार को अंकित और अमित के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके घर पहुंचे शव को देखकर परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। दोनों का अंतिम संस्कार कराया गया।

### एसपी ने बीघापुर थाने का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/बीघापुर उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने मंगलवार को बिहार थाना क्षेत्र के गांव आकमपुर जाने के दौरान बीघापुर थाने में रुककर औचक निरीक्षण किया । एसपी के थाने पहुंचते ही हड़कंप मच गया बिना टोपी घूम रहे थे सिपाही अपनी टोपी ढूंढते दिखे। एसपी बिहार थाना क्षेत्र के आकमपुर में हुई घटना के सिलसिले में जा रहे थे रास्ते में बीघापुर थाने में अचानक उनकी गाड़ी घूम गई एस पी गाड़ी थाना परिसर में पहुंचते चहल कदमी कर रहे लापरवाह पुलिसकर्मी सन्न रह गए। पुलिस अधीक्षक पहले क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां मौजूद कर्मचारियों के हाथ-पैर फूल गए उन्होंने कार्यालय में मौजूद पुलिसकर्मियों से पूछताछ कर अभिलेखों का निरीक्षण किया कार्यालय में सफाई के निर्देश दिए। थाने में पहुंचे एस पी ने कार्यालय में रखे अभिलेखों के रखरखाव का निरीक्षण किया महिला रिपोर्टिंग चौकी का निरीक्षण कर मौजूद जिम्मेदारों से सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने तथा फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की शिकायते उन्नाव कार्यालय ज्यादा आती है कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसपी पीआरो अवनीश कुमार सिंह उपनिरीक्षक अबू मोहम्मद कासिम, हसमत अली, उमाकांत यादव ,अंशु त्यागी ,कमला शंकर श्रीवास्तव, शिव कुमार पांडेय, जितेंद्र यादव, सत्येंद्र पाठक रहे।



### कान्हा गोशाला में गंदगी देख चढ़ा एसडीएम का पारा

जन एक्सप्रेस/बीघापुर उन्नाव। नगर पंचायत बीघापुर स्थित कान्हा गौशाला में गंदगी देखकर एसडीएम का पारा चढ़ गया उन्होंने गौशाला में कार्यरत 4 कर्मचारियों की क्लास लेते हुए कहा कि अगले निरीक्षण में गंदगी पाई गई तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम रनवीर सिंह सुबह 9 बजे कान्हा गौशाला पहुंचे जहां कर्मचारी आराम करते हुए मिले गौशाला में चारों ओर गंदगी फैली हुई थी। एसडीएम के पहुंचते ही सफाई कर्मचारियों के हाथ-पैर फूल गए वहां मौजूद सभी कर्मचारी सूरज ,अंकुश, विपिन व अनिल से व्यवस्था में सुधार करने को कहा तथा अगले निरीक्षण में गंदगी पाई गई तो सख्त कार्यवाही की जाएगी । केयरटेकर सुरेश चंद्र शुक्ल से कहा कि सफाई की प्रतिदिन की वीडियो बनाकर उनके व्हाट्सएप पर भेजें। गोवंश के लिए हरे चारे व चोकर की व्यवस्था के संबंध में बात की। एसडीएम ने केयरटेकर से कहा कि नगर पंचायत की गाड़ी लेकर घर-घर लोगों से बची हुई खाद्य सामग्री का कलेक्शन कर गोवंश को दें। ई ओ की लापरवाही के चलते भूसा खरीद में विलम्ब होने पर एसडीएम ने कहा कि शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाएगा। गौशाला निरीक्षण के बाद एसडीएम ने बीघापुर में संचालित लोकवाणी केंद्रों का भी निरीक्षण किया।



### नगरपालिका कर्मियों सहित पत्रकारों का किया गया सम्मान

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज उन्नाव। नगर पालिका परिषद गंगाघाट के रहने वाले समाजसेवी द्वारा नगर पालिका परिषद गंगाघाट में कार्यरत सभी कर्मचारियों अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी पत्रकार साथियों व सभासदों का सम्मान किया गया। बीते दिन मंगलवार को समाजसेवी कमल वर्मा द्वारा नगरपालिका परिषद गंगाघट के अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे, अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा, उपस्थित सभासदों सहित नगर पालिका के सभी कर्मचारियों का स्वगत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कमल वर्मा द्वारा सभी का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंट करते हुए गिफ्ट पैकेट दिए गए कमल वर्मा द्वारा बताया गया कि कर्मचारियों के उत्साह वर्धन हेतु उनको सम्मानित करने का कार्य किया गया है। वहीं समाजसेवी द्वारा पत्रकारों का सम्मान करते हुए उन्हें अंग वस्त्र व उपहार दिए गए। पालिका में कार्यरत सफाई कर्मी संविदा कर्मी व अन्य सभी कर्मचारी तथा सभासद सम्मान पाकर प्रसन्न हुए। लोगों द्वारा बताया गया कि कमल वर्मा द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यों में सदैव ही बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाता है।



### विश्व हिन्दू परिषद कानपुर प्रान्त के संगठन मंत्री बने परमेश्वर



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। विश्व हिन्दू परिषद की अखिल भारतीय बैठक में पदाधिकारियों के दायित्वों में परिवर्तन हुआ है। इसमें परमेश्वर को कानपुर प्रान्त संगठन मंत्री घोषित किया गया है। परमेश्वर जी ने बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े, लंबे समय से प्रचारक जीवन में रहते हुए संघ में विभिन्न दायित्वों का निर्वाह किया। वह विश्व हिन्दू परिषद में गोरक्ष प्रान्त के संगठन मंत्री के रूप में कार्य कर रहे थे। अब विहिप की अखिल भारतीय बैठक में उन्हें विहिप कानपुर प्रान्त संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया है।

# 2016 से पेंशन के लिए लगातार भटक रही वृद्धा, अधिकारियों के लगा रही चक्कर

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के औरंगपुर साभी ग्राम सभा के रामपाटी गांव निवासिनी राम देवी पत्नी बालक राम वृद्धा पेंशन 13 दिसंबर 2016 को रू. 1000 आया था। तब से आज तक रू1 नहीं आया दर-दर भटकने के अलावा अधिकारियों के चक्कर भी लगाती रहती है बिल्हौर ब्लॉक में आने पर अधिकारी ना मिलने पर मायूस होकर घर लौट जाती हैं सिर्फ उसको आश्वासन ही मिलता रहा उसके खाते में वृद्धा पेंशन का पैसा नहीं आया उसने बताया रामदेवी ने बताया कि हारी बीमारी के लिए पैसा आ जाता था वह भी अब आना बंद हो गया है कैसे बुढ़ापा कटेगा। तहसील दिवस में भी पहुंचकर प्रार्थना पत्र दे चुकी है लेकिन कहीं से कोई भी आशा की किरण नहीं फूटी है जो पेंशन का पैसा खाते में आना शुरू हो जाता इस संबंध में एडीओ समाज कल्याण संजय गुप्ता से फोन पर बात करने पर उन्होंने बताया कि कागज व्हाट्सएप करा दें और उनका मोबाइल नंबर भेज दे। जल्दी निस्तारण करा कर खाते में पैसा पहुंचने लगेगा।

# कार व पिकअप आमने सामने भिड़ी, दो की मौत, तीन घायल

## एक्सीडेंट होने से दुग्ध कंपनी के पास घंटों एनएच 34 हाइवे पर लगा रहा जाम

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर अंतर्गत दुग्ध कंपनी के सामने एक कार में बैठकर रिश्तेदारी में जा रहे लोगों के कार में दुग्ध कंपनी के सामने उल्टी दिशा में आकर दुग्ध कंपनी की गाड़ी ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी।जिससे कार में बैठे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को गाड़ी से निकालकर शिवराजपुर सीएचसी लेकर पहुंचे थे जहा डॉक्टरों ने हालत नाजुक होते देख तीन लोगो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। उन्नाव जनपद शुक्लागंज प्रेम नगर निवासी अनिल कुमार पुत्र नंदी,राजेश कुमार पुत्र स्व रामदयाल,अमित कुमार पुत्र मोतीलाल निवासी 1050 गांधीनगर उन्नाव, अंकित रावत पुत्र वीरेंद्र, शैलेश उर्फ बबलू पुत्र मोतीलाल को घायल अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान अंकित रावत (36) वर्ष व अमित कुमार (40) वर्ष की मौत हो गई।दुग्ध वाहन चालक मौके से फरार हो गया था प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुग्ध वाहन चालक देर रात वाहन को तेज गति से भागा रहा था जिसके कारण इतना बड़ा हादसा हो गया।हालांकि पुलिस ने दुग्ध वाहन को अपने कब्जे में लेकर चालक के तलाश में जुट गई थी। पुलिस ने दोनो शवों का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप दिया था।



# कानपुर पुलिस को झटका, सॉल्वर गैंग के एक सदस्य की जमानत मंजूर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर कमिश्नरेट को सॉल्वर गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार करने के मामले में एक बड़ा झटका लगा है। सोमवार को कानपुर नगर में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा 65 केंद्रों पर होनी थी। जिला प्रशासन के साथ-साथ कानपुर पुलिस ने भी यह तय कर रखा था कि वह सॉल्वर गैंग के सदस्यों को हावी नहीं होने देंगे। इसी क्रम में लगभग एक दर्जन गिरफ्तारियां गैंग के सदस्यों की हुई थी जिसमें एक महिला का भी नाम शामिल था। सभी को वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया था लेकिन

थाना छावनी के अंतर्गत जेल भेजे गए अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी जनपद प्रयागराज जिसको को ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा के सॉल्वर गैंग के मुख्य अभियुक्त के रुप में गिरफ्तार किया गया था । इस आरोपी की जमानत माननीय न्यायालय ए सी जे 10 कानपुर नगर द्वारा दी गई है। दिनेश की जमानत अर्जी दाखिल करने वाले अधिवक्ता मयूर सैनी पूर्व संयुक्त मंत्री कानपुर बार एसोसिएशन ने इसकी पुष्टि की है उन्होंने यह भी कहा है कि इस जमानत को कराने में उनकी पूरी टीम का भी सहयोग रहा है।



# अगले एक महीने तक महंगा बिकेगा टमाटर

## बारिश के कारण फसल को नुकसान, केरल में 113, तो एमपी-गुजरात में 100 रुपए किलो दाम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

टमाटर के दामों में अगले एक महीने तक कमी नहीं आने का अनुमान है। अभी देश के ज्यादातर बाजारों में टमाटर की कीमत 100 रुपए प्रति किलो के पार निकल गई है। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के मुताबिक अभी केरल के एर्नाकुलम में टमाटर सबसे महंगा है। यहां दाम 113 रुपए प्रति किलो पहुंच गए हैं। एक महीने पहले यानी मई में तो उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में टमाटर 2-5 रुपए प्रति किलो बिक रहा था। टमाटर के दामों में आई इस तेजी की वजह भारी बारिश है। बारिश के कारण टमाटर की फसल को नुकसान पहुंचा है जिससे इसकी सप्लाई घट गई है। इसके पहले गर्मी ज्यादा होने से सब्जियां खराब हुई हैं।

### बारिश में टमाटर के दाम बढ़ने का ट्रेंड

बीते तीन सालों में भी बारिश में टमाटर के दामों में बढ़ोतरी का ट्रेंड दिखा है। पिछले साल यानी 2022 के जून महीने में टमाटर के दाम 60-70 रुपए किलो तक पहुंच गए थे। इससे पहले 2021 में दाम 100 रुपए और 2020 में दाम 70-80 रुपए प्रति किलो के करीब पहुंच गए थे। इंदौर की चोइथराम मंडी व्यापारी एसोसिएशन के सचिव निखिल हार्डिया के अनुसार अगले एक महीने लगभग यही स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद धीरे-धीरे रेट सामान्य हो जाएंगे। हार्डिया ने कहा कि आसपास से माल की आवक ही नहीं है। सारा माल बाहर से आ रहा है। तमिलनाडु एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के अनुसार टमाटर के पौधे जब तीन महीने के हो जाते हैं तो इनसे हफ्ते में दो बार टमाटर तोड़ सकते हैं। ये पौधे 1-2 महीने की अवधि तक फसल देते हैं। हालांकि ये किस्म, मिट्टी और जलवायु परिस्थितियों पर निर्भर करती है।



### बिपरजॉय साइक्लोन ने भी बढ़ाई मुश्किलें

- कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि बिपरजॉय साइक्लोन की वजह से भी टमाटर का उत्पादन प्रभावित हुआ है।
- गुजरात और महाराष्ट्र टमाटर का उत्पादन करने वाले टॉप राज्यों में शामिल है जहां बिपरजॉय का असर दिखा।
- साइक्लोन की वजह से गुजरात में टमाटर उत्पादन प्रभावित होने का असर कीमतों के बढ़ने के रूप में सामने आया।

### दिल्ली में 70 रुपए से 100 रुपए तक बिक रहा टमाटर

दिल्ली में 70 से 100 रुपए प्रति किलो में टमाटर बिक रहा है। मध्य प्रदेश के मार्केट में टमाटर 80 से लेकर 100 रुपए जबकि उत्तर प्रदेश में 80 से 100 रुपए, राजस्थान में 90 से 110 रुपए और पंजाब में 60 से 80 रुपए में बिक रहे हैं।

### टमाटर ही नहीं बाकी सब्जियों के दाम भी बढ़े

बारिश के कारण टमाटर ही नहीं बाकी सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं। 10 से 15 दिनों पहले जो धनिया 40-50 रुपए किलो के हिसाब से बिक रहा था वो अब 150-200 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। वहीं हरी मिर्च के दाम बढ़कर 80-100 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं।

### हर जगह टमाटर के भाव आसमान छू रहे

दक्षिणी राज्य कर्नाटक और इसकी राजधानी बेंगलुरु में भी टमाटर की कीमतें आसमान छू रही हैं क्योंकि लगातार बारिश ने फसल को नुकसान पहुंचाया है और बची फसल को मंडी तक पहुंचाना भी मुश्किल हो गया है। बेंगलुरु में टमाटर की कीमत 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। व्यापारियों ने कहा है कि भारी बारिश के कारण फसलों को नुकसान पहुंचा है। उत्तर प्रदेश के कानपुर के बाजार में एक सप्ताह पहले 40 से 50 रुपये प्रति किलो बिकने वाला टमाटर अब 100 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, जबकि दिल्ली में यह 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। कानपुर के बाजार में एक सब्जी विक्रेता लक्ष्मी देवी ने कहा, महंगाई बारिश की वजह से है। टमाटर बेंगलुरु से आ रहा है। 10 दिनों में कीमतें और बढ़ेंगी। हर साल इस महीने के दौरान टमाटर की कीमतें आमतौर पर बढ़ जाती हैं। बारिश के कारण कर्नाटक के टमाटर उत्पादक जिलों कोलार, चिकबल्लापुर, रामनगर, चित्रदुर्ग और बेंगलुरु ग्रामीण में टमाटर की आपूर्ति में काफी व्यवधान आया है।

**चीन के बाद भारत सबसे बड़ा टमाटर उत्पादक देश:** नेशनल हॉर्टिकल्चरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन के अनुसार, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टमाटर उत्पादक देश भारत है। ये करीब 7.89 लाख हेक्टेयर क्षेत्र से लगभग 25.05 टन प्रति हेक्टेयर की औसत उपज के साथ करीब 2 करोड़ टन टमाटर का उत्पादन करता है। चीन 5.6 करोड़ टन उत्पादन के साथ टॉप पर है। भारत में साल 2021-22 में 2 करोड़ टन से ज्यादा टमाटर का उत्पादन हुआ था। यहां मुख्य तौर पर दो तरह के टमाटर उगाए जाते हैं। हाइब्रिड और लोकल। मध्य प्रदेश देश में सबसे बड़ा टमाटर उत्पादक राज्य है। इसके बाद सर्वाधिक टमाटर उगाने वाले राज्यों में आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा और गुजरात का नंबर है।

# न्यूयॉर्क में दीपावली पर स्कूलों में छुट्टी

## मेयर बोले, शुभ दिवाली, अमेरिकी संसद में सरकारी छुट्टी के लिए पेश हो चुका है बिल



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

न्यूयॉर्क में अब से दिवाली पर स्कूलों में छुट्टी रहेगी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक स्टेट असेंबली में इसके लिए बिल पारित हो गया है। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक ऐडम्स ने सोमवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा, मुझे भरोसा है कि गवर्नर कैथी इस बिल पर साइन कर देंगी। इससे न्यूयॉर्क में रह रहे 2 लाख से ज्यादा परिवारों को बेहतर तरह से त्योहार मनाने का मौका मिलेगा। मेयर ने कहा, मुझे खुशी है कि दिवाली पर छुट्टी घोषित करवाने की इस लड़ाई में मैं लोकल कम्युनिटी और असेंबली मेंबर जेनिफर राजकुमार के साथ खड़ा रहा। इसी के साथ उन्होंने ट्विटर पर शुभ दिवाली भी लिखा। गवर्नर के साइन के बाद ये बदलाव सभी स्कूलों में लागू होगा। इस साल दिवाली 12 नवंबर यानी रविवार को मनाई जा रही है। इसलिए इस साल के कैलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

### मेयर बोले, न्यूयॉर्क में सबको अपनाया जाता है

न्यूयॉर्क में दिवाली पर स्कूलों में छुट्टी से जुड़ा ये बिल असेंबली मेंबर जेनिफर राजकुमार ने पेश किया था। मेयर ऐडम्स के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद उन्होंने कहा- मुझे खुशी है कि मैंने न्यूयॉर्क के लोगों की तरफ से इस लड़ाई की शुरुआत की और इसे जीता भी। ऐडम्स ने कहा- ये फैसला उन लोगों के लिए एक मैसेज है जिन्हें न्यूयॉर्क में रहकर ऐसा महसूस होता है कि यहां उन्हें स्वीकार नहीं किया जा रहा। न्यूयॉर्क सबके लिए बना है और यहां हर किसी को अपनाया जाता है।

### 25 मई को अमेरिकी संसद में पेश हुआ था बिल

इससे पहले अमेरिका में 25 मई को निचले संदन की सांसद ग्रेस मेंग ने दिवाली को सरकारी छुट्टी घोषित करने की मांग की थी। इसके लिए उन्होंने संसद में एक बिल भी पेश किया था। इस बिल को 'दिवाली डे ऐक्ट' नाम दिया गया था। बिल के तहत दिवाली को अमेरिका में 12वीं सरकारी छुट्टी घोषित करने की मांग की गई थी।

### पेन्सिल्वेनिया में पास हुआ बिल

हाल ही में पेन्सिल्वेनिया राज्य की सीनेट में भी दिवाली पर ऑफिशियल छुट्टी घोषित करने से जुड़ा बिल पास हो चुका है। इसकी पहल विधायक निखिल सवल ने की थी। उधर, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डी-सेंटिस भी 2019 से गवर्नर हाउस में इंडियन-अमेरिकन समुदाय के लोगों के साथ दिवाली मनाते आ रहे हैं। व्हाइट हाउस में 14 साल पहले 2009 में तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने दिवाली मनाने की शुरुआत की थी। तब से हर साल यहां दीपों का पर्व मनाया जाता है।

### अमेरिका में 44 लाख भारतवंशी

यूएन इंटरनेशनल माइग्रेशन रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में करीब 1.80 करोड़ प्रवासी भारतीय हैं। इनमें से 44 लाख लोग अमेरिका में रहते हैं। यहां 6 राज्यों के 10 जिलों में भारतीय-अमेरिकी लोगों की तादाद 6-18 प्रतिशत हैं। कैलिफोर्निया, टेक्सास, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, इलिनोइस में इनकी सबसे ज्यादा आबादी है। अमेरिकी एडमिनिस्ट्रेशन में 80 से ज्यादा भारतवंशी अहम पदों पर तैनात हैं। इसके अलावा अमेरिका में करीब 38 प्रतिशत डॉक्टर भारतीय मूल के हैं। भारतीय-अमेरिकी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले जातीय समूह हैं।

## पश्चिमी देश चाहते थे रूसी एक-दूसरे से लड़ें, वैगनर के लड़ाके सच्चे देशभक्त: पुतिन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रूस में वैगनर आर्मी का विद्रोह खत्म होने के 2 दिन बाद सोमवार को पहली बार राष्ट्रपति पुतिन ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा- पश्चिमी देश चाहते थे कि रूसी लोग एक-दूसरे से लड़ें। इसके जरिए वे यूक्रेन जंग में मिल रही लगातार हार का बदला लेना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हमारा देश हर हाल में एकजुट है। रूसी मीडिया आरटी के मुताबिक, पुतिन ने कहा, वैगनर ग्रुप के लड़ाके सच्चे देशभक्त हैं, जो अपने देश और नागरिकों के साथ गद्दारी नहीं कर सकते। कुछ लोगों ने सैनिकों को अंधेरे में रखा और उन्हें अपने ही भाइयों के सामने बंदूक लेकर खड़ा कर दिया। जिनके साथ कभी वे कंधे से कंधा मिलाकर लड़े थे। पुतिन ने वैगनर जवानों को ऑफर देते हुए कहा, सैनिक या तो रूस की सेना में शामिल हो जाएं या घर लौट जाएं। इसके बाद पुतिन ने मंगलवार को सुरक्षा अधिकारियों के साथ हाई लेवल मीटिंग भी की। पुतिन ने इस बात की भी पुष्टि की कि विद्रोह के दौरान वैगनर ने सेना के हेलिकॉप्टर को मार गिराया था। पुतिन ने उन पायलट्स को श्रद्धांजलि दी जो इस हमले में मारे गए।

# मूल्य वृद्धि पर लगाम के लिए बफर स्टॉक से तूर दाल देगी सरकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में आयातित स्टॉक आने तक राष्ट्रीय बफर स्टॉक से दलहन तुअर दाल को 'कैलिब्रेटेड और लक्षित' तरीके से जारी करने का फैसला किया है। खाद्य मंत्रालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नाफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) को पात्र मिलमालिकों के बीच ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से अरहर का निपटान करने का निर्देश दिया है ताकि उपभोक्ताओं के लिए तैयार अरहर दाल के उपलब्ध स्टॉक को बढ़ाया जा सके। सरकार आमतौर पर आकस्मिकताओं और वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि के बीच आवश्यकताओं को प्रबंधित करने के लिए बफर स्टॉक रखती है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने और उपभोक्ताओं के लिए समान्य कीमत बनाए रखने के लिए 2 जून, 2023 को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 को लागू करके तूर और उड़द पर स्टॉक सीमा लागू की थी। इस आदेश के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 अक्टूबर, 2023 तक तुअर और उड़द के लिए स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है।



### दुकानदारों और मिलों के लिए अलग-अलग है स्टॉक सीमा

थोक विक्रेताओं के लिए प्रत्येक दाल पर व्यक्तिगत रूप से लागू स्टॉक सीमा 200 टन है। खुदरा विक्रेताओं के लिए यह 5 टन है। बड़े श्रृंखला खुदरा विक्रेताओं के लिए डिपो में स्टॉक की सीमता 200 टन और मिलों के लिए पिछले 3 महीनों का उत्पादन या वार्षिक स्थापित क्षमता का 25 प्रतिशत, जो भी अधिक हो है। आदेश में इन इकाइयों के लिए विभाग के संबंधित पोर्टल पर स्टॉक की स्थिति की घोषणा करना भी अनिवार्य कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने कहा कि राज्य सरकारें अपने-अपने राज्यों में कीमतों की लगातार निगरानी कर रही हैं और स्टॉक सीमा आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए स्टॉक-होल्डिंग संस्थाओं की स्टॉक स्थितियों का सत्यापन कर रही हैं। भारत दालों का एक बड़ा उपभोक्ता व उत्पादक है और यह आयात के माध्यम से अपनी खपत की जरूरतों के एक हिस्से को पूरा करता है। भारत में मुख्य रूप से चना, मसूर, उड़द, काबुली चना और अरहर का सेवन किया जाता है।

# पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में दो गुटों में फायरिंग, 5 लोगों को गोली लगी, एक की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले हिंसा की घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। कूच बिहार के गीतलदाहा में मंगलवार सुबह दो गुटों में हुई झड़प में 5 लोगों को गोली लगी है, जिसमें से एक शख्स बाबू हक की मौत हो गई। इस घटना को लेकर स्थानीय भाजपा नेता अजय रॉय ने कहा है कि जो लोग यहां माहौल खराब कर रहे हैं और जिस व्यक्ति की मौत हुई वो बांग्लादेश से आए हैं। उन लोगों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर लड़ाई हुई थी। इसमें राजनीति का कोई लेनादेना नहीं है।

### तृणमूल नेता बोले, भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमला किया

वहीं, एक स्थानीय टीएमसी नेता अनारुल हक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आधी रात को उनकी पार्टी के लोगों पर हमला किया, जिसके बाद दोनों गुटों में लड़ाई हुई। उन्होंने बताया कि तृणमूल कार्यकर्ता रात को सो रहे थे, तभी कुछ भाजपा समर्थक उनके घरों में घुसे, छह लोगों पर गोली चलाई और एक व्यक्ति को बेरहमी से मार डाला।



### पुलिस तलाश रही बांग्लादेशी कनेक्शन

कूच बिहार के एसपी सुमित कुमार ने बताया कि कूच बिहार के गीतलदाहा में दो गुटों के बीच मंगलवार सुबह झड़प हुई। फिलहाल मौके पर पुलिस मौजूद है और इस बात की जांच कर रही है कि कहीं स्थानीय नेता बांग्लादेश के अपराधियों की मदद से माहौल खराब करने की कोशिश तो नहीं कर रहे हैं। यहां हालात अभी शांतिपूर्ण हैं।

### बांग्लादेश बॉर्डर के करीब है गीतलदाहा

गीतलदाहा कूचबिहार जिले के अंदरूनी इलाकों में शामिल है। यह अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के बहुत करीब है। यहां से बांग्लादेश जाने के लिए नाव ट्रांसपोर्ट का इकलौता जरिया है।

# केंद्र में भाजपा छह महीने और रहेगी: ममता बनर्जी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि केंद्र में भाजपा सरकार सिर्फ छह महीने और है क्योंकि अगले साल फरवरी मार्च में चुनाव हो सकते हैं। जलपाईगुड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने ये दावा किया। ममता बनर्जी ने ये भी कहा कि बीएसएफ को निष्पक्षता से काम करना चाहिए क्योंकि भाजपा शायद कल सत्ता में ना रहे। टीएमसी चीफ ने कहा कि अगला लोकसभा चुनाव अगले साल फरवरी मार्च में हो सकता है। ऐसे में भाजपा सरकार का कार्यकाल महज छह महीने का और है। भाजपा को अपनी हार दिख रही है और वह विभिन्न समुदायों को लुभाने की कोशिश भी नहीं कर रही है। उल्लेखनीय है कि साल 2019 में लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में हुए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल की शपथ 30 मई 2019 को ली थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने जनसभा के दौरान ये भी कहा कि जो लोग सीमावर्ती इलाकों में बीएसएफ की फायरिंग में मारे गए हैं, उनके परिजनों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता और नौकरी दी जाएगी। बनर्जी ने कहा कि वह बीएसएफ के सभी जवानों पर आरोप नहीं लगा रही हैं, वह हमारी सीमा की रक्षा करते हैं लेकिन बीएसएफ को निष्पक्षता से काम करना चाहिए हो सकता है भाजपा कल सत्ता में ना रहे लेकिन उन्हें अपनी नौकरी करनी होगी।



## नीतीश कैबिनेट की बैठक में 25 एजेंडों पर लगी मुहर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विपक्षी एकता के लिए पटना की बैठक के बाद बिहार की नीतीश कुमार सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार होना था, इससे पहले मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 25 एजेंडों पर मंत्रिपरिषद् ने मुहर लगाई। एक अहम फैसले के तहत अब विद्यालय अध्यापक में बिहार का स्थायी नवासी होने की अनिवार्यता खत्म करते हुए बाहर के लोगों के लिए भी रास्ता खोल दिया गया। राज्य सरकार पंचायत स्तरीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन तथा समुचित अभी लेखन हेतु उपनिदेशक पंचायत का कार्यालय / जिला पंचायत राज पदाधिकारी का कार्यालय /कार्यपालक पदाधिकारी कार्यालय में 675 लिपि के संवर्ग के पदों का अतिरिक्त सृजन कर रही है। इनमें 593 निम्न वर्गीय लिपिक 42 उच्च वर्गीय लिपिक 31 प्रधान लिपिक और 9 कार्यालय अधीक्षक स्तर के पद होंगे।

## मणिपुर सरकार का फैसला, सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा 'काम नहीं, वेतन नहीं' नियम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मणिपुर सरकार ने कार्यालय नहीं आने वाले अपने कर्मचारियों के लिए 'काम नहीं, वेतन नहीं' नियम लागू करने का निर्णय लिया है। साथ ही, सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) को उन कर्मचारियों का विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है जो राज्य में मौजूदा स्थिति के कारण अपने आधिकारिक काम पर उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं। जीएडी सचिव माइकल एकॉम ने एक परिपत्र जारी किया। इसमें कहा गया है कि 12 जून को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया है, जो कर्मचारी सामान्य प्रशासन विभाग से वेतन प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें कार्यालय में उपस्थित होना जरूरी है। परिपत्र में कहा गया है कि मणिपुर सचिवालय को सूचित किया जाता है कि जो कर्मचारी अधिकृत छुट्टी के बिना अपने काम पर नहीं आ रहे हैं, उन सभी पर 'काम नहीं, वेतन नहीं' लागू होगा। बता दें, मणिपुर सरकार में करीब एक लाख कर्मचारी हैं। परिपत्र में सभी प्रशासनिक सचिवों से उन कर्मचारियों के बारे में भी जानकारी मांगी है, जो राज्य में मौजूदा हालातों की वजह से कार्यालय नहीं आ पा रहे हैं। बता दें, इन कर्मचारियों के नाम, पद, ईआईएन, वर्तमान पता 28 जून तक कार्मिक विभाग को भेजने होंगे ताकि उचित आवश्यक कार्रवाई की जा सके। मणिपुर में चल रही मैतई और कूकी समुदाय के बीच चल रही हिंसा की वजह से अभी तक 100 से ज्यादा लोगों की नौकरी जा चुकी है।

### यह है मामला

बता दें कि मणिपुर में बीती 3 मई को हिंसा की शुरुआत हुई थी, जब मैतई समुदाय को जनजातीय आरक्षण देने की मांग के विरोध में ऑल ट्राइबल्स स्टूडेंट यूनियन ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्य में हिंसा भड़क गई। अब तक हिंसा में कई सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है और बड़ी संख्या में लोग घायल हैं।

## हिमाचल बारिश: 9 लोगों की मौत, 104 करोड़ रुपये का नुकसान, अगले पांच दिन बारिश का पूर्वानुमान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश में 24 जून को मानसून ने दस्तक दी थी। भारी बारिश के कारण अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 14 घायल हुए हैं। चार घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त जबकि 28 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रधान सचिव राजस्व और आपदा प्रबंधन ओंकार चंद शर्मा ने बताया कि अनुमानित नुकसान लगभग 104 करोड़ रुपये है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि अगले 5 दिनों तक प्रदेश में बारिश की संभावना है। कुछ जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी है। आज के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। जून में औसत से अधिक बारिश की संभावना है।



# पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के घोटालों की होगी जांच, दोषियों को दंडित किया जाएगा: सिद्धारमैया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार पूर्ववर्ती भाजपा शासन के दौरान हुए सभी कथित घोटालों और अनियमितताओं की जांच कराएगी और दोषियों को दंडित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार उन सभी वादों को पूरा करेगी जो चुनाव के दौरान किए गए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पांच गारंटी को लागू करने से सरकारी खजाने पर सालाना 59 हजार करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा और इस साल प्रशासन पर थोड़ा अधिक बोझ है।

### 'चालीस प्रतिशत कमीशन के आरोपों की कराएंगे जांच'

उन्होंने कहा, हम घोटालों की जांच कराएंगे। चार मेडिकल कॉलेजों का निर्माण किया गया और इसमें अनियमितताओं के आरोप हैं, हम इसकी जांच कराएंगे। साथ ही हम 40 फीसदी कमीशन के आरोपों की जांच करवाएंगे। कोविड-19 के दौरान स्वास्थ्य संबंधी खरीद में अनियमितताएं हुईं, सिंचाई से संबंधित अनियमितताएं और बिटकॉइन घोटाला, इन सभी की जांच की जाएगी। सिद्धारमैया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सीआईडी द्वारा पुलिस उप निरीक्षक (पीएसआई) भर्ती घोटाले की जांच जारी है। इसे और तेज किया जाएगा और दोषियों को दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान कथित तौर पर ऑक्सीजन की कमी के कारण चामराजनगर अस्पताल में हुई मौतों की भी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा, तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर ने कहा था कि केवल दो की मौत हुई थी, लेकिन ऑक्सीजन की आपूर्ति की कमी के कारण हताहतों की संख्या अधिक थी। उन्होंने झूठ बोला था। हम इसकी जांच कराएंगे।

### एक जुलाई से लागू होगी गृह ज्योति योजना

चुनावी गारंटी को क्रियान्वयन को लेकर सरकार की आलोचना करने पर उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा, सार्वजनिक परिवहन की बसों में महिलाओं के लिए निशुल्क सवारी प्रदान करने के लिए पहले से ही एक गारंटी लागू की गई है। एक जुलाई से 'गृह ज्योति' योजना के तहत घरों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। साथ ही परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपये प्रदान करने वाली 'गृह लक्ष्मी' योजना 15 अगस्त के बाद शुरू की जाएगी। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)